# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 10 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-114 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### बेगूसराय के अस्पताल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**बेगूसराय।** में मुजफ्फरपुर जैसा हादसा होते-होते टल गया. शहर के सदर अस्पताल में रविवार शाम चिल्ड्रेन वार्ड के एक हिस्से में अचानक आग लग गई. आग लगते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वार्ड में भर्ती बच्चों के परिजन घबराकर उन्हें गोद में उठाकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे. गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों और अस्पताल कर्मचारियों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### बिहार में आंधी-बारिश को लेकर अलर्ट

**पटना।** मानसून के आगमन का असर दिखने लगा है. सोमवार की शाम बगहा में आंधी-तूफान ने तांडव मचाया. भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 10-15 जून के बीच बिहार में मानसून की एंट्री हो जाएगी. 9 जून को मौसम विभाग ने 24 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है, जहां आंधी-तूफान की आशंका है. कई जिलों में बारिश भी हो सकती है. अगले एक सप्ताह में राज्य में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

### दो दिन में दो बार सोनिया से मिलीं ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की चुनावी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी दिल्ली दौरे पर हैं. बंगाल की हार के बाद ममता बनर्जी का यह पहला दिल्ली दौरा है। अपने दौरे के तीसरे दिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। दो दिन में ममता बनर्जी और सोनिया गांधी की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले सोमवार को इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में दोनों की मुलाकात हुई थी, जहां ममता बनर्जी सोनिया गांधी से गले मिली थीं।

### जापान के बाद नेपाल ने भी भारतीय आमों पर रोक लगाई

**काठमांडू।** जापान के बाद अब नेपाल ने भारत से आम मंगाने पर रोक लगा दी है। नेपाल के अधिकारियों का कहना है कि जांच में कुछ खेपों में तय सीमा से ज्यादा कीटनाशक मिले।नेपाल सरकार के मुताबिक, यह फैसला खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए लिया गया है। सरकार ने साफ किया कि इसका मकसद भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को प्रभावित करना नहीं है। रोक लगने से पहले करीब 15.8 मीट्रिक टन भारतीय आम नेपाल पहुंच चुके थे। इनकी कीमत लगभग 10 लाख नेपाली रुपये बताई गई है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पिछले महीने जापान ने भी भारतीय आमों के आयात पर रोक लगाई थी।

### भारत ने पहली बार 12 परमाणु बम तैनात किए

**नई दिल्ली।** भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। देश का परमाणु हथियारों का भंडार भी 180 से बढ़कर 190 हो गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है।रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2025 में भारत ने एक भी परमाणु हथियार तैनात नहीं किया था, लेकिन 2026 में 12 की तैनाती की है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उसके पास अभी 170 परमाणु हथियार हैं। उसके कितने हथियार तैनात हैं, यह स्पष्ट नहीं है। रूस-अमेरिका की तरह भारत अपने परमाणु हथियारों की सटीक संख्या, क्षमता और नाम आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं करता। स्वछपक्र और दूसरी संस्थाएं केवल अनुमान के आधार पर रिपोर्ट जारी करती हैं।

# इस बार नीट परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं होगी : शिक्षामंत्री

## धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को होने वाली नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की



**कहा- मुझसे गलती हुआ है इस बार सीबीआई पर मुझे पूरा भरोसा**

**गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएंगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय का दौरा किया और 21 जून को होने वाली नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने त्रुटिरहित परीक्षा आयोजित करने और समय पर परिणाम घोषित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि मैं छात्रों और उनके अभिभावकों से अनुरोध करना चाहता हूं। जैसा कि हमने पहले कहा था, हम आपको आश्वस्त करते हैं कि इस बार नीट परीक्षा त्रुटिरहित तरीके से आयोजित की जाएगी। मैं एक बार फिर आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस बार परीक्षा के परिणाम समय पर घोषित किए जाएंगे ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो और समय की बबार्दी न हो। उन्होंने कहा कि एनटीए 21 जून को पुनः नीट परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। इस संबंध में हमने प्रक्रिया की कई बार समीक्षा की है। आज मैं स्वयं एनटीए मुख्यालय आया था ताकि पुनः नीट की तैयारियों की समीक्षा कर सकूं। पुनः परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा प्रक्रिया के सुचारू संचालन और परीक्षा केंद्रों तक प्रश्नपत्रों की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने तक, हर चरण में कड़ी गोपनीयता बनाए रखनी होगी। इस कार्य के लिए जिन भी विभागों को नियुक्त किया गया है, इस बार हमने अतिरिक्त सावधानी बरती है। प्रधान ने कहा कि कैबिनेट सचिव, गृह सचिव और सरकार के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व इसमें शामिल हैं, और स्वयं प्रधानमंत्री जिम्मेदारी ले रहे हैं और चिंतित हैं। प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस पूरी प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से देश के बच्चों को आश्वस्त किया जाए... हम पिछली गलतियों को नहीं दोहराएंगे। पेपर लीक मामले की चल रही जांच पर प्रकाश डालते हुए प्रधान ने कहा कि इस मामले की जांच फिलहाल जारी है। सीबीआई इसकी विस्तृत जांच कर रही है-पिछले कुछ दिनों में क्या अनियमितताएं हुई और कहां हुईं। मंत्री ने कहा कि मुझे सीबीआई पर पूरा भरोसा है और हमने सीबीआई से अनुरोध भी किया है कि इस बार गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा कि उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच होनी चाहिए, उनके खिलाफ मामले दर्ज होने चाहिए और उन्हें त्वरित सुनवाई के लिए त्वरित अदालत में पेश किया जाना चाहिए। उन्हें सजा भी दी जानी चाहिए।

## PoK में पाकिस्तान का जुल्मो-सितम

### प्रदर्शनकारियों पर कहर, लाठियों से पीटा-गोलियों से भूना, 120 की मौत



**मुज्जफराबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (PoJK) में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। रावलाकोट में सोमवार को हुई फायरिंग की घटना में 120 से ज्यादा नागरिकों की मौत होने का दावा किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि करीब 300 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिसके चलते मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है. आज भी जम्मू कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की ओर से प्रदर्शन की अपील की गई थी. खबरें मिली हैं कि कोटली में प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठीचार्ज में 11 नागरिकों की मौत हो गई है। इस बीच जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के समर्थक रावलाकोट की मस्जिदों से लगातार ऐलान कर रहे हैं कि कश्मीर पर विदेशी ताकतों ने हमला किया है और लोगों से बड़ी संख्या में बाहर निकलकर मुकाबला करने की अपील की जा रही है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक रावलाकोट में सोमवार को हुए बवाल में तीन पुलिसकर्मियों को पंजाब रेंजर्स ने कथित तौर पर गोली मार दी, इनमें एक सब-इंस्पेक्टर भी शामिल है. दावा किया जा रहा है कि इन पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर फायरिंग रोकने की कोशिश की थी।

### शिवचंद्र राम का इस्तीफा मंजूर नहीं

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में एमएलसी चुनाव के बीच राजद में अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आने लगी है। टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व विधायक शिवचंद्र राम ने



सोमवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, राजद ने उनका इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि देर रात उनसे बातचीत हुई है। हम जानते हैं वो पुराने सिपाही हैं। पार्टी ने उनके त्यागपत्र को अस्वीकार्य किया है।

इधर, लालू यादव के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव शिवचंद्र राम के समर्थन में उतर आए हैं। तेजप्रताप ने कहा कि शिवचंद्र राम का पार्टी पद से इस्तीफा देना बेहद दुख की बात है। बता दें महागठबंधन की ओर से राजद के सुनील सिंह को उम्मीवार बनाए जाने के बाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवचंद्र राम की नाराजगी सामने आई थी। वे प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फूट-फूटकर रोने लगे थे। कहा कि पार्टी ने मुझे वादा किया था कि एमएलसी बनाएंगे, लेकिन मेरे साथ वादाखिलाफी की गई है।

# 30 दिनों में उद्योग लगाने को स्वीकृति नहीं तो मिलेगा डीम्ड क्लीयरेंस : सीएम



**मुख्य बिन्दु**

* एसआईपीबी सचिवालय होगा पूर्णतः सशक्त एकल नोडल एजेंसी
* स्वीकृतियों एवं लाइसेंसों के लिए पारदर्शी एवं एकीकृत एसओपी होगी लागू
* निवेशकों को विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार को तीव्र औद्योगिक विकास, व्यापक रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इसमें बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद (एसआईपीबी) सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करते हुए उसे व्यापक प्रशासनिक एवं विधिक शक्तियाँ प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

सीएम ने कहा कि बिहार में निवेशकों के लिए उद्योग लगाना आसान हुआ है। उन्हें सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि उद्योगों की स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान कर निवेशकों को अनावश्यक विलंब तथा प्रशासनिक जटिलताओं से पूरी तरह मुक्ति मिले। उन्होंने कहा कि अब एसआईपीबी सचिवालय द्वारा किसी आवेदन की तकनीकी जांच एवं अनुशंसा किए जाने के बाद संबंधित सक्षम प्राधिकार को 30 दिनों के भीतर अथवा निर्धारित समयसीमा के अंदर स्वीकृति प्रदान करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि विधिक रूप से बाध्यकारी होगी। सीएम ने कहा कि यदि कोई विभाग अथवा सक्षम प्राधिकार निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्णय लेने में विफल रहता है, तो निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए एसआईपीबी सचिवालय द्वारा डीम्ड क्लीयरेंस जारी कर दिया जाएगा। इस स्वीकृति का अनुपालन संबंधित विभाग के लिए अनिवार्य होगा तथा उस पर पुनर्विचार की कोई शक्ति नहीं होगी। नई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न तकनीकी एवं विनियामक विभागों के सक्षम अधिकारियों को सीधे एसआईपीबी सचिवालय में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। ये सभी अधिकारी औद्योगिक विकास आयुक्त के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे, जिससे सभी निर्णय एक ही मंच पर त्वरित रूप से लिए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से संबंधित सभी अनुमतियों के लिए व्यापक मानक संचालन प्रक्रियाएँ (एसओपी) भी निर्धारित करेगी। इससे स्वीकृति प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित होगी।

### सीएम ने कोचिंग संचालन को लेकर शिक्षा विभाग को निर्देश

**पटना (एनएसबी)।** सीएम सम्राट चौधरी ने राज्य में विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कोचिंग संचालन को लेकर शिक्षा विभाग को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। निर्देश के अनुसार, सभी कोचिंग संस्थानों को अपने यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों का विवरण संबंधित जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। स्कूलों एवं कॉलेजों के लिये निर्धारित शिक्षण समय के दौरान कोई भी कोचिंग संस्थान संचालित नहीं किया जाना चाहिये। यह व्यवस्था उन विद्यार्थियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने अपनी नियमित स्कूली-महाविद्यालयी शिक्षा पूरी कर ली है। शिक्षा विभाग को इस संबंध में नियमावली तैयार करने हेतु निदेशित किया गया है। वहीं शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करना हमारी प्रतिबद्धता है।

### खान सर की गिरफ्तारी पर रोक, रौशन आनंद की जमानत याचिका खारिज

**पटना (एनएसबी)।** फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस से केस डायरी की भी मांग की है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए।

खान सर की तरफ से पेश हुए वकील अरविंद कुमार महुआर ने कोर्ट से कहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। किसी तरह से भय फैलाना मकसद नहीं था। खान सर के वकील ने बताया कि खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर 20 जून को सुनवाई होगी। बता दें सोमवार को खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर खान सर की ओर से पटना के जिला एवं सत्र कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई। खान सर पर हत्या की कोशिश और हथियारों के अवैध इस्तेमाल का मामला दर्ज है। इधर, खान सर की कोचिंग पर हमला मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है।

### लालू परिवार पर आरोप तय करने का फैसला 16 जुलाई तक टला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अन्य लोगों के खिलाफ आरोप 16



जुलाई के बाद तय करेगी। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही है। बता दें कि इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसले को 16 जुलाई तक के लिए टाल दिया है। ईडी ने 16 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की है, जिनमें लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, और उनके बेटे व बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव शामिल हैं। ईडी का मामला सीबीआई द्वारा दर्ज आईआरसीटीसी होटल घोटाले से हुई अपराध की कमाई की कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है।

**आईआरसीटीसी मनी लॉन्ड्रिंग केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसले को टाला**

### जयपुर में पटाखा गोदाम में लगी आग, बच्चे समेत सात की मौत

**जयपुर (एजेंसी) ।** राजधानी के खोह नागोरियान थाना क्षेत्र के आयशा नगर तलाई स्थित आईटीआई कॉलेज के पास मंगलवार सुबह अवैध रूप से संचालित पटाखों के गोदाम में भीषण आग लगने से बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य चलाकर आग पर काबू पाया। घटना के बाद गोदाम को सील कर दिया गया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस और प्रशासन के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। गोदाम में बड़ी मात्रा में पटाखे और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। कई धमाकों के बीच अंदर मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस अग्निकांड में रामगंज निवासी अब्दुल वाहिद (50), रहीम नगर निवासी बिलाल खान (30), समीर (20), आजीम खान उर्फ आविद, राबिल पुत्र सिकंदर कुरैशी सहित सात लोगों की मौत हो गई। दो मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नासिर पुत्र



मोहम्मद अली गंभीर रूप से झुलस गया और उसका एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में उपचार चल रहा है। एसएमएस अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉ. आर.के. जैन ने बताया कि अस्पताल में छह मरीज लाए गए थे। इनमें दो की मौत हो गई, जबकि चार का उपचार किया गया। नासिर 95 प्रतिशत तक झुलसा हुआ है। समीर भी 95 प्रतिशत, बिलाल 75 प्रतिशत और आदिब 65 प्रतिशत तक झुलसे थे। बाद में समीर और अन्य घायलों में से कई ने दम तोड़ दिया। खोह नागोरियान थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि मकान याकूब नामक व्यक्ति का है। उसने यह भवन दिल्ली निवासी फिरोज को किराये पर दिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फिरोज अपने सहयोगी वसीम के साथ मिलकर यहां अवैध रूप से पटाखों का गोदाम और निर्माण गतिविधियां संचालित कर रहा था। पुलिस ने परिसर को सील कर दिया है।

**गोदाम सील, संचालक और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तैयारी**

**मुजफ्फरपुर निजी अस्पताल अग्निकांड**

### चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार हुए निलंबित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में हुई अग्निकांड की घटना को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बंदरा (मुजफ्फरपुर) में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डॉ. पंकज कुमार के खिलाफ आरोप गठित कर आगे की कार्यवाई की जाएगी। दरअसल, 4 जून 2026 को मुजफ्फरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच कराई गई, इस संबंध में मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें प्रथम दृष्टया डॉ. पंकज कुमार पर गंभीर अनियमितताएं एवं कर्तव्यहीनता के आरोप सामने आए। जांच में यह पाया गया कि डॉ. पंकज कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बंदरा से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते थे। वे सरकारी सेवा में रहते हुए निजी अस्पताल में कार्य कर रहे थे। 4 जून को मुजफ्फरपुर स्थित निजी अस्पताल में जब आग लगी तो इस दौरान डॉ. पंकज कुमार उस अस्पताल में कार्यरत थे और आग लगने पर वो आईसीयू में भर्ती मरीजों को छोड़कर वहां से फरार हो गए थे।

### टीएमसी विधायकों की शिकायत पर ममता के घर पहुंची सीआईडी

**कोलकाता (एजेंसी)।** टीएमसी में चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को सीआईडी की टीम ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंची। इसी परिसर में पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी है। शुरूआत में टीम को अंदर जाने से रोक दिया गया, लेकिन बाद में अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी में अधिकारियों ने परिसर में प्रवेश किया।

टीएमसी के पूर्व सांसद सुभाषिश चक्रवर्ती ने कहा कि अभिषेक बनर्जी की गैरमौजूदगी में तलाशी की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि अभिषेक के आने के बाद एजेंसी जांच कर सकती है। दरअसल, पार्टी के कुछ बागी विधायकों ने स्पीकर को शिकायत भेजी थी। उनका आरोप है कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता विपक्ष बनाने के प्रस्ताव पर अभिषेक बनर्जी के लेटरहेड का इस्तेमाल किया गया और उस पर फर्जी साइन किए गए। विधायकों ने अभिषेक पर ही फर्जी दस्तखत कराने का आरोप लगाया है।

**पुलिस आने के बाद एंट्री मिली, नेता विपक्ष के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप**

**अभिषेक के जवाब के आधार पर पहुंची टीम :** सीआईडी अधिकारियों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने एजेंसी




के नोटिस के जवाब में बताया था कि विधायकों के हस्ताक्षर 30बी हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित टीएमसी के केंद्रीय कार्यालय में जुटाए गए थे। यह कार्यालय ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास परिसर में ही है। इसी जानकारी के आधार पर जांच टीम वहां पहुंची। इससे पहले सोमवार को सीआईडी की टीम अभिषेक बनर्जी के घर भी पहुची थी।सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक ने जांचकर्ताओं के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा था। उन्होंने एजेंसी को बताया था कि वह पहले से तय अपने राजनीतिक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, जिनमें सोमवार को इंडिया ब्लॉक की बैठक शामिल है। सीआईडी ने उन्हें मंगलवार शाम 5 बजे तक एजेंसी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था।

## खबरें : एक नजर में

### राजद का धरना प्रदर्शन सफल और ऐतिहासिक रहा : अरुण यादव

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि राजद द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन सफल और ऐतिहासिक रहा। बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, छात्रों, व्यवसायियों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का मिले व्यापक समर्थन ने साबित कर दिया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति से जनता त्रस्त है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए की केंद्र और राज्य सरकार के विरुद्ध जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। राज्य की जनता समय आने पर सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से मुहतोड़ जवाब देगी।राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने पटना के सदर प्रखंड मुख्यालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया और धरना में उपस्थित साथियों को संबोधित किया।


अरुण कुमार यादव।

### गांधी मैदान में हर सप्ताहांत खुले आसमान के नीचे सिनेमा का आनंद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के आमजन के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए गांधी मैदान गेट संख्या-4 के समीप स्थापित मेगा स्क्रीन पर प्रत्येक शनिवार और रविवार सायं 6 बजे से फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। लगभग 70 फीट 40 फीट आकार की यह विशाल स्क्रीन शहर की प्रमुख सार्वजनिक सुविधाओं में से एक है, जहां बड़ी संख्या में लोग एक साथ बैठकर सिनेमा का आनंद ले रहे हैं । पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा इस पहल का उद्देश्य आमजनों को परिवार और मित्रों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अवसर प्रदान करना है। सप्ताहांत पर आयोजित होने वाले फिल्म प्रदर्शन मनोरंजन का माध्यम बन रही हैं।बताते चले की आगामी शनिवार एवं रविवार (13 जून एवं 14 जून) को पुष्पा 1 एवं पुष्पा 2 क्रमश दिखायीं जाएगीं।

# सामाजिक परिवर्तन और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है शिक्षा : लखेंद्र पासवान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान पटना के महेंद्रू स्थित डा. अंबेडकर कल्याण छात्रावास पहुंचे। यहाँ वे थियोसोफिकल छात्रावास, अरफाबाद जीडब्लू छात्रावास, सैदपुर छात्रावास, ढेलवा गोसाईं छात्रावास एवं बाढ़ छात्रावास के पूर्ववर्ती (पुराने) छात्रों द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। इस गरिमामयी अवसर पर विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित एवं नियुक्ति प्राप्त करने वाले सैकड़ों प्रतिभावान युवाओं को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में उपस्थित वर्तमान एवं पूर्ववर्ती छात्रों, शिक्षकों तथा छात्रावास प्रबंधन से संवाद करते हुए मंत्री ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल व जनसेवा से परिपूर्ण भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा, बाबासाहब डा. भीमराव अम्बेडकर के अंतिम व्यक्ति के विकास के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार धरातल पर उतार रही है।



समारोह में बोलते अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान।

हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि बिहार के सभी प्रखंडों में डा अंबेडकर कल्याण छात्रावास और सभी विधानसभा क्षेत्रों में डा भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही, नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम के तहत समाज के 123 मेधावी बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है, जिसपर सरकार प्रति छात्र 1 करोड़ रुपये खर्च करेगी। हमारा विभाग सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र के साथ युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित छात्रावास के पूर्ववर्ती छात्रों को किया गया सम्मानित**

**छात्रों ने नेशनल ओवरसीज स्कलरशिप और छात्रवृत्ति राशि दोगुनी करने के सरकारी फैसले की सराहना की**

मंत्री ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। राज्य सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक छात्रावास सुविधाएँ एवं सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, ताकि अधिक से अधिक युवा उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के छात्रों ने कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों की खुलकर सराहना की। छात्रों ने विशेष रूप से नेशनल ओवरसीज स्कलरशिप, योजना के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया, जिसने वंचित वर्ग के छात्रों के लिए विदेश में पढ़ने के रास्ते खोले हैं। इसके साथ ही, हाल ही में सरकार द्वारा छात्रवृत्ति की राशि को दोगुना करने के ऐतिहासिक निर्णय की छात्रों ने भरपूर प्रशंसा की और कहा कि इससे उन्हें अपनी तैयारियों को और मजबूती देने में मदद मिल रही है। छात्रों ने कहा कि अगर विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ उन्हें नहीं मिलता तो आज जिस मुकाम पर हैं वहां पहुँचना मुश्किल होता।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने छात्रावास की आवश्यकताओं और छात्रों के बहुमूल्य सुझावों को भी सुना और उन पर त्वरित सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ता बिहार, हर क्षेत्र में विकास की रफ्तार हुई तेज : जद (यू)

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल के दौरान विकसित बिहार बनाने का जो संकल्प लिया था आज राज्य की मौजूदा एनडीए सरकार उन संकल्पों को पूरा करने का काम कर रही है। बिहार आज नीतीश कुमार के विकासोन्मुख सोच के साथ प्रगति, सुशासन और जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है। राज्य की वर्तमान एनडीए सरकार की नीतियों और योजनाओं का केंद्रबिंदु समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए बिहार को शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई उंचाइयों तक पहुंचाना है। बिहार में विकास की यह यात्रा केवल आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की व्यापक सोच का परिणाम है। इसी दृष्टि से सात निश्चय-3 के तहत राज्य में नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना, मॉडल स्कूलों का निर्माण, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार, आधुनिक ग्रीनफील्ड टाउनशिप के विकास तथा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे महत्वाकांक्षी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार के युवाओं को बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और तकनीकी युग की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे निवेश से नई पीढ़ी को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे, वहीं उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां राज्य में निवेश और रोजगार के नए रास्ते खोल रही हैं। पर्यटन क्षेत्र के विकास, हरित पहल और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से बिहार की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल रही है ।


हिमराज राम।

# बिहार में खनिज परिवहन प्रबंधन के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है इंटर स्टेट ट्रांजिट पास पोर्टल : डा. प्रमोद कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में खनिज परिवहन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंटर स्टेट ट्रांजिट पास (आईएसटीपी) पोर्टल का अनावरण कर दिया है। इस पोर्टल के माध्यम से अन्य राज्यों से बिहार में प्रवेश करने वाले लघु खनिजों के परिवहन का डिजिटल अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाएगा। यह नई व्यवस्था दिनांक-10 जून 2026 से प्रभावी होगी। इस अवसर पर विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार, सचिव अवनीश कुमार सिंह, निदेशक मनेश कुमार मीणा तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार के कुशल नेतृत्व एवं नियमित अनुश्रवण में विकसित इस पोर्टल का उद्देश्य राज्य में खनिजों के आयात, परिवहन एवं उपयोग से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा राजस्वोन्मुख बनाना है। बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 (यथा संशोधित) के नियम 41 के अंतर्गत लागू की जा रही इस व्यवस्था के तहत अन्य राज्यों से बालू, पत्थर, स्टोन चिप्स, मोरम, स्टोन डस्ट सहित अन्य लघु खनिज लेकर बिहार में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को राज्य सीमा में प्रवेश से पूर्व आईएसटीपी पोर्टल पर पंजीकरण कर ट्रांजिट पास प्राप्त करना होगा।


खान एवं भूतत्व मंत्री ने इंटर स्टेट ट्रांजिट पास पोर्टल का किया आनावरण।

यह व्यवस्था अन्य राज्यों से आने वाले कोयला सहित अन्य वृहद खनिज एवं फ्लाई ऐश लदे वाहनों पर लागू नहीं होगा। यह व्यवस्था वर्तमान में सड़क मार्ग के माध्यम से अन्य राज्यों से लघु खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर लागू है। रेलवे के माध्यम से लघु खनिज परिवहन करने पर भी ट्रांजिट पास को लागू करने की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही ट्रांजिट पास प्रणाली को रेलवे रैक से परिवहन पर लागू कर दिया जायेगा।

विभाग द्वारा निर्धारित विनियामक शुल्क के अनुसार, जिन परिवहन चालानों में खनिज की मात्रा वजन में अंकित होगी, उनके लिए 60 प्रति मीट्रिक टन की दर से शुल्क देय होगा। वहीं जिन चालानों में खनिज की मात्रा आयतन में अंकित होगी, उनके लिए 85 प्रति घनमीटर की दर से शुल्क निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार सरकार खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीक आधारित निगरानी तथा राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आईएसटीपी पोर्टल के शुभारंभ से राज्य में प्रवेश करने वाले लघु खनिजों के परिवहन की डिजिटल ट्रैकिंग संभव होगी, जिससे अवैध परिवहन एवं अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में तीव गति से संचालित अवसंरचना विकास परियोजनाओं के कारण लघु खनिजों की मांग में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि अन्य राज्यों से आने वाले खनिजों का सटीक एवं विश्वसनीय डेटा उपलब्ध हो। आईएसटीपी प्रणाली इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो खनिजों के आयात और परिवहन से संबंधित सूचनाओं का केंद्रीत डिजिटल रिकर्ड उपलब्ध कराएगा। वर्तमान में पड़ोसी एवं अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में बालू, पत्थर तथा अन्य लघु खनिज बिहार में लाए जाते हैं। नई व्यवस्था के तहत सिस्टम इंटीग्रेटर के माध्यम से राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले खनिज लदे वाहनों का अनलाइन अनुश्रवण किया जाएगा। इससे एक ही चालान के आधार पर बार-बार खनिज परिवहन जैसी अनियमितताओं पर रोक लगेगी तथा वैध खनिज परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

## खबरें खास-खास

### प्रीमियम मुक्त सभी फसलों का खेसरा आधारित फसल बीमा लागू हो : संयुक्त किसान मोर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सम्राट मंत्रिमंडल द्वारा बिहार में फिर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चालू करने के निर्णय का संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार स्वागत करता है। साथ ही सरकार से हमारी मांग हैं कि किसानों को प्रीमियम मुक्त खेसरा आधारित सभी फसलों के लिए फसल बीमा योजना बिहार में चालू किया जाए। फसल बीमा का लाभ बटाईदार किसानों को भी मिले। बिहार में वर्ष 2006 से बंद पड़े कृषि बाजार समिति को पुनः चालू किया जाए। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की संचालन समिति की ओर से किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, रामायण सिंह, डा आनंद किशोर, भूप नारायण सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल कुमार सिंह, आशीष रंजन, रामचंद्र आजाद, भोला यादव, नरेश यादव, ब्रजेश राय,देव कुमार सिंह, वशिष्ठ सिंह, पशुपति सिंह, सुरेश मिश्रा एवं सुनील सिंह ने बयान जारी कर सरकार से मांग किया है कि ग्रीन सैटेलाइट टाउन के नाम पर उपजाऊ जमीन किसानों से छीन कर कर्पोरेट के हवाले करने की गंदी साजिश को अविलंब बंद किया जाए। सभी अधिग्रहित भुमि का मुआबजा वर्तमान बाजार दर से चार गुना किसानों की सहमति के आधार पर निर्धारित कर भुगतान किया जाए। खाद-बीज की कालाबाजारी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाए। धान अधिप्राप्ति के नाम पर पूरे बिहार में हो रहे लूट को अविलंब बंद किया जाए। गन्ना का मूल्य कम से कम 600 रू प्रति क्विटल सरकार सुनिश्चित करे।संयुक्त किसान मोर्चा इन सवालों को लेकर लगातार लड़ती रही है और मांगें पूरी नहीं हुई तो हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगा।

### राष्ट्रीय जनता दल का राज्यभर के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना सफल रहा

**पटना/ एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के आह्वान पर राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा पूरे पटना सहित राज्य भर के प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने पर पार्टी नेताओं सहित राज्य भर के सभी प्रखंड अध्यक्षों सहित जिला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ सभी वरिष्ठ नेताओं, सांसद, विधायक ,पूर्व सांसद ,पूर्व विधायक सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों की सराहना की है। कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा जनता के मुद्दे और जनहित के सवाल पर सरकार को आइना दिखाती रही है और आगे भी आईना दिखाने का काम करेगी। पूरे राज्य भर के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आयोजित धरना कार्यक्रम में लोगों की बड़ी भागीदारी से यह स्पष्ट हो गया की बिहार में सरकार के प्रति जो गुस्सा और रोष राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ है वो धरना में भी देखने को मिला। बिहार की जनता वैसी सरकार को नहीं चाहती है जो जन विरोधी कार्यो में लगी हुई है । सरकार के स्तर से नौजवानों को नौकरी और रोजगार मांगने पर लाठी से प्रहार किया जाता है और उनपर एफआईआर दर्ज कराया जाता है। बिहार में गरीबों ,शोषितों , वंचितों, पिछड़ों,अति पिछड़ों, दलितों ,आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है और उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। बिहार में अपराध बढ़ रहे हैं, अपराधियों का बोल - बाला है, सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है, महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है, महंगाई चरम सीमा पर है, पेट्रोल- डीजल और रसोई गैस के दामों में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है देश में जो सरकार चल रही है वह आमजन के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रही है और पेट्रोलियम कंपनियों के हितों का सरकार में बैठे हुए लोग उन कंपनियों के मुनाफे का ख्याल रख रहे है। एजाज ने बताया कि प्रखंड मुख्यालयों पर धरना कार्यक्रम पटना सहित सभी जिलों में लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिसमें राजद के नेताओं ,कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनों की भागीदारी देखने को मिली। इन्होंने कहा कि बिहार में चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं हो रहे हैं, जिस कारण नीति आयोग ने भी बिहार को चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में फिसड्डी राज्य माना है।



आयोजित धरना कार्यक्रम ।

### नीट परीक्षार्थियों को आर्थिक अपराध इकाई ने साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की दी हिदायत

**पटना/ एनएसबी।** आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी फैलाये जाने से संबंधित अपराध के रोकथाम हेतु बिहार पुलिस की राज्य स्तरीय नोडल संस्था एवं विशिष्ट इकाई है। ज्ञात हो कि नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी के द्वारा आयोजित नीट-2026 की लिखित पुर्नपरीक्षा राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक-21 जून को आयोजित किये जाने से संबंधित सूचना है। असामाजिक तत्वों साइबर ठगों के द्वारा । नीट की लिखित पुर्नपरीक्षा के संबंध में अफवाह भ्रम फैलाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है, इनके द्वारा फर्जी फोन कल अथवा विभिन्न सोशल मीडिया यथा फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलिग्राम, व्हाट्सएप, एक्स (ट्वीटर) एवं अन्य डिजिटल माध्यमों का दुरूपयोग कर अभ्यर्थियों ६ आम जनमानस के बीच परीक्षा से संबंधित गलत अफवाह ६ भ्रम फैलाया जा सकता है, जिससे परीक्षा के शुचिता अखण्डता की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य बातें हैं कि साइबर अपराधी ६ असामाजिक तत्व द्वारा परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने से संबंधित अफवाह परीक्षा के प्रश्न पत्र ६ उत्तर पत्र उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों से पैसे की ठगी करने तथा नौकरी दिलाने का भी कुत्सित प्रयास किया जा सकता है, जिसके संबंध में भी सतर्कता एवं बचाव की आवश्यकता है। इसके मद्देनजर आगामी नीट की लिखित पुर्नपरीक्षा में सुरक्षा के मामलों पर सावधानी बरतने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये एडवाईजरी जारी किया जाता है, जिसमें निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतने की आवश्यकता है - अगर इस परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र उत्तर पत्र उपलब्ध कराने जैसे किसी भी व्यक्ति ६ परीक्षार्थी को फर्जी कल अथवा सोशल मीडिया ई-मेल पर ऐसे मैसेज आयें और पैसे की मांग करे सतर्क हो जायें और इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना साइबर थाना में दें।

# थैलेसीमिया पीड़ित 5 बच्चों का नया बैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए भेजा गया वेल्लोर : स्वास्थ्य मंत्री

**पटना / एनएसबी।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वस्थ भविष्य प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के अंतर्गत थैलेसीमिया (मेजर) से पीड़ित 5 बच्चों के नए बैच को तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कालेज (सीएमसी) में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के लिए भेजा गया। यह योजना के तहत भेजा जाने वाला आठवां बैच है। इससे पूर्व सात बैचों में कुल 43 बच्चों का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा चुका है, जिससे उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है।




स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 6 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को मंत्रिमंडल की स्वीति प्रदान की गई थी। इस योजना का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को स्थायी उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं देखभाल के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में 6 एकीत डे-केयर केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मरीजों को जांच, रक्ताधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन), आयरन चेलेटिंग दवाएं तथा एंटी हेमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) सहित आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने बिहार के राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**पटना / एनएसबी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने राजभवन में बिहार के महामहिम राज्यपाल और भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान राज्य में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगार-उन्मुख बनाने पर सार्थक चर्चा हुई।


भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने बिहार के राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट।

उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल महोदय शिक्षा के क्षेत्र में, विशेषकर उच्च शिक्षा और छात्र कौशल विकास को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं। कुलाधिपति के रूप में उन्होंने विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक सुधारों को प्राथमिकता दी है। उनका स्पष्ट विजन है कि युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार योग्य बनाना है। इसके लिए संवाद कौशल और आधुनिक कार्य संस्कृति पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मनीष सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि महामहिम राज्यपाल महोदय के अनुभवी मार्गदर्शन में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा और प्रत्येक युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ होगी।

# सरकार ज्वलंत समस्याओं से भटकाने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को तरजीह दे रही है : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि एनडीए सरकार ज्वलंत जनसमस्याओं एवं अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान भटकाने, भरमाने और बरगलाने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को तरजीह दे रही है। आखिरकार जनता को इन मुद्दों से क्या हासिल होगा। बिहार के चीप मिनिस्टर एनडीए के किसी भी ऐरा-गैरा नत्थू खेरा तथा अयोग्य, अक्षम, कुपात्र, भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सरकारी खर्च पर उच्च कोटि की सुरक्षा श्रेणी, मंत्रिस्तरीय आवास और सुविधाएं बिना किसी मानक के रेवड़ी की तरह बांट रहे है। परिभाषित नियमों की अवहेलना कर अनुपयुक्त लोगों को सुरक्षा और आवास से उपत करने में इस भ्रष्ट और भ्रमित सरकार का कोई निश्चित पैमाना व मापदंड नहीं है।



मीडिया से बात करते तेजस्वी यादव।

बिहार का खजाना खाली है। कर्मचारी-व्यापारी, किसान-नौजवान, मजदूर, छात्र-शिक्षक सभी वर्ग त्राहिमाम कर रहे है।

बिहार की दिशाहीन सरकार में भ्रष्टाचार, अपराध, गरीबी, बेरोजगारी और प्रशासनिक अराजकता चरम पर है। शिक्षा-स्वास्थ्य और विधि व्यवस्था बदहाल है। आपराधिक, घृणित, दूषित, संकीर्ण मानसिकता के अवसाद ग्रस्त नौसिखिए लोगों के हाथ में लोकतांत्रिक रूप से समृद्ध बिहार जैसे प्रदेश की बागड़ोर होना, किसी आपदा से कम नहीं है।

# महापौर की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की 23वीं साधारण बैठक सम्पन्न, 18 एजेंडों की स्वीकृति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** महापौर श्रीमती सीता साहू की अध्यक्षता तथा उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी की उपस्थिति में पटना नगर निगम सशक्त स्थायी समिति की 23वीं साधारण बैठक मंगलवार को निगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कुल 18 एजेंडों पर विचार-विमर्श करते हुए उन्हें स्वीति प्रदान की गई।

लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट परियोजना की प्रगति की समीक्षा : रामचक बैरिया स्थित लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट परियोजना की समीक्षा के दौरान समिति को अवगत कराया गया कि लीगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु बायो-माइनिंग एवं बायो-रिमेडिएशन का कार्य दो एजेंसियों को सौंपा गया है। वर्तमान में दोनों एजेंसियों द्वारा 13.38 लाख मीट्रिक टन कचरे के प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें से अब तक 4.89 लाख मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त द्वारा 10 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण किया जा चुका है। समिति ने परियोजना को निर्धारित समयसीमा में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगम की संपत्तियों को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड करने पर चर्चा : बैठक में पटना नगर निगम द्वारा लीज पर आवंटित संपत्तियों को फ्रीहोल्ड किए जाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने फ्रीहोल्ड शुल्क निर्धारण, उसके आधार (सर्किल रेट अथवा मार्केट वैल्यू), संपत्तियों की वर्तमान कानूनी स्थिति, संपत्ति के प्रकार तथा फ्रीहोल्ड किए जाने से निगम को प्राप्त होने वाले संभावित राजस्व का विस्तृत आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

दैनिक कर्मियों के पारिश्रमिक में वृद्धि को घटनोत्तर स्वीकृति : समिति ने निगम में दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत कर्मियों के मानदेय में वृद्धि को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत 604 रुपये प्रतिदिन प्राप्त कर रहे कर्मियों का पारिश्रमिक बढ़ाकर 609 रुपये प्रतिदिन तथा 654 रुपये प्रतिदिन प्राप्त कर रहे कर्मियों का पारिश्रमिक बढ़ाकर 660 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है। संशोधित दरें 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी होंगी।

जलापूर्ति की 65 योजनाओं को मंजूरी : पटना नगर निगम के विभिन्न वार्डो में पाइपलाइन विस्तार एवं जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रस्तावित 65 योजनाओं को समिति ने स्वीकृति प्रदान की। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से इन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।

मशीनहोल, कैचपिट एवं स्लैब निर्माण-मरम्मत योजनाओं को स्वीकृति : नगर निगम क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से मशीनहोल, कैचपिट एवं स्लैब के निर्माण तथा मरम्मत से संबंधित 75 योजनाओं को समिति द्वारा स्वीति प्रदान की गई।

जीविका को दो दुकानों के आवंटन की मंजूरी : समिति ने मौर्यलोक परिसर स्थित मौर्य टावर में जीविका को 15 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से मासिक किराये पर दो दुकानों के आवंटन को स्वीकृति प्रदान की।

'मानसून तैयारियों एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा : बैठक के दौरान समिति ने मानसून की तैयारियों, नाला उड़ाही की वर्तमान स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के आगामी चरण की तैयारियों तथा शहर में कचरा संग्रहण एवं उठाव व्यवस्था की गहन समीक्षा की। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट स्थापना एवं उनके रखरखाव का कार्य कर रही मैस्र की कार्यावधि में दो माह के विस्तार को भी मंजूरी प्रदान की गई।

# एएन कॉलेज मेनहॉल हादसे पर बुडको द्वारा लिया गया संज्ञान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एएन कॉलेज के पास मेनहॉल में हुए हादसे की सूचना मिलते ही बुडको के प्रबंध निदेशक ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। हादसे में एजेंसी के कर्मियों के घायल एवं मृत्यु होने की जानकारी मिलने के बाद विभाग ने पूरी घटना की जांच कराई।

**बुडको ने एजेंसी पर की जुर्माना जब्त करने की कार्रवाई**

**प्रबंध निदेशक द्वारा पदाधिकारियों को दिया गया निर्देश कर्मचारियों की सुरक्षा पर न हो लापरवाही**

जांच में सामने आया कि मेनहॉल का निर्माण कार्य बुडको द्वारा पहले ही पूरा कर लिया गया था। निर्माण स्थल को बंद कर दिया गया था। परंतु इसके बाद भी हादसा होने पर एजेंसी द्वारा सुरक्षा नियमों की अनदेखी हुई है।

प्रबंध निदेशक द्वारा जांच के आदेश दिए गए हैं कि 'निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी कर्मी वहां किस कार्य में लगे थे।' इसके साथ ही बुडको ने संबंधित एजेंसी को स्पष्टीकरण जारी किया है और 'लगभग 2 करोड़ 1 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई है। यह राशि जब्त किया जा रहा है।' प्रबंध निदेशक ने सभी संवेदकों को 'सख्त निर्देश दिया है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो। निर्माण और रखरखाव के दौरान काम करने वाले हर कर्मचारी की सुरक्षा सुनिश्चित करना एजेंसी की जिम्मेदारी है।' उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना की सफलता तभी मानी जाएगी जब उसमें शामिल लोगों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित हो। एजेंसी का 5.96 लाख रूपये पूर्व में भी जब्त किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजभाषा हिंदी का प्रभावी क्रियान्वयन राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** मनाली में आयोजित संसदीय राजभाषा समिति की तृतीय उप-समिति के निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में राज्यसभा सांसद एवं समिति सदस्य डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय क्षेत्र संकार्य प्रभाग के क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला तथा उप-क्षेत्रीय कार्यालय, धर्मशाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की स्थिति पर समिति और



अधिकारियों के बीच विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। समिति द्वारा राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिनके अनुपालन का आश्वासन कार्यालय द्वारा आगामी छह माह के भीतर दिया गया।डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने उप-क्षेत्रीय कार्यालय, धर्मशाला के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वहां राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति उत्कृष्ट पाई गई, जो अन्य कार्यालयों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

### जमीन पर गिरे हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से अधेड़ की मौत

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के शिवराम पंचायत स्थित उफरदहा गांव में सोमवार को 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 55 वर्षीय नागो पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह की है। नागो पासवान पशुओं के लिए चारा लाने गाछी जा रहे थे। इसी दौरान जमीन पर गिरे हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता लालबाबू झा ने बताया कि यह तार कई दिनों से जर्जर हालत में जमीन पर पड़ा था। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग से मरम्मत की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने विभागीय लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह बताया। हादसे के दो घंटे बाद तक न तो बिजली विभाग का कोई अधिकारी और न ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। मृतक का शव घंटों तार के पास ही पड़ा रहा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली के जूनियर इंजीनियर अतुल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा की मुआवजा दिया जाएगा।

### बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज,आरोपी गिरफतार

**जाले (एनएसबी)।** कमतौल थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को अपने घर से खेलते खेलते सटे उत्तर गाछी में चली गई एक सात वर्षीया बच्ची को एक लड़का ने फुसलाकर बगल के बांसवारी में दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किंतु बच्ची के चिल्लाने पर आस पास के लोग दौड़ गए और भाग रहे लड़के को पकड़ कर कमतौल पुलिस के हवाले कर दिया। लड़के की पहचान मधुबनी जिला के सद्दुल्लहपुर पोखरौनी गांव निवासी सलीम शाह के पुत्र इमाम शाह के रूप में हुई है । इस संदर्भ में बच्ची की मां ने पकड़ाए लड़के के खिलाफ कमतौल थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है ।मामले की तहकीकात अनि अभिलाषा कुमारी कर रही है ।पुलिस निरीक्षक सह कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि लड़के को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और अग्रेतर कार्रवाई हेतु बच्ची को दरभंगा ले जाया गया है ।

### दरभंगा में मानवाधिकार कार्यकर्ता का आमरण अनशन शुरू

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ भगत ने आमरण अनशन दरभंगा के पोलो मैदान में रविवार से शुरू किया है। अनशनकारी ने सिंहवाड़ा थाना प्रशासन पर झूठे मुकदमे दर्ज करने, मानवाधिकार कार्यकताओं की उपेक्षा, मानसिक प्रताड़ना तथा पुलिसिया दमन जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही कई मामलों की सीआईडी जांच कराने और दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की गई है। अनशन की प्रमुख मांगों में सिंहवाड़ा थाना कांड संख्या 135/26 एवं 136/26 की निष्पक्ष जांच, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक चिकित्सक द्वारा कथित रूप से गलत इंजरी रिपोर्ट तैयार किए जाने की जांच, नाबालिग बच्चियों के अपहरण मामलों को गंभीरता से लेने, जेल एवं बाल संरक्षण गृहों में कथित अत्याचार की उच्चस्तरीय जांच, गरीबों के घरों पर बिना पूर्व सूचना बुलडोजर कार्रवाई रोकने तथा सूखा नशा एवं अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने की मांग शामिल है।

### मनसा- वाचा- कर्मणा बहुभाषाविद् साहित्यकार थे शंभु अगेही

**हिंदी समाहार मंच ने मनाया जयंती समारोह**

**दरभंगा (एनएसबी)।** हिन्दी समाहार मंच के तत्वाधान में शंभु अगेही की जयन्ती समारोह का आयोजन स्नेह अगेही शिक्षण संस्थान, शुभंकरपुर में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शंभु अगेही जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रो संजीव कुमार झा सरस ने वेद मंत्र एवं सरस्वती वंदना जबकि श्रद्धा सुरभि ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। वर्तमान सामाजिक परिवेश और अगेही साहित्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मैथिली के वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रेश, अमरेश्वरी चरण सिन्हा,विनोद कुमार झा, शिक्षक कुमार अनुराग,अध्यक्षता करते हुए अखिलेश कुमार चौधरी ने कहा कि अगेही जी हिंदी ,बज्जिका और मैथिली तीनों भाषाओं में लिखते थे। मनसा- वाचा- कर्मणा बहुभाषाविद् साहित्यकार थे।हिन्दी समाहार मंच के सचिव अमिताभ कुमार सिन्हा ने विषय प्रवेश के क्रम में कहा कि- शंभु अगेही समाज सेवी थे। इस अवसर पर बिनोद कुमार लाल, चंद्र किशोर झा, प्रो राजकिशोर झा, अरूण कुमार वर्मा , प्रो राज कुमार साह, साधु शरण भगत आदि ने भी अपने विचारों के माध्यम से शंभु अगेही को याद किया।द्वितीय सत्र में बहुभाषा कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन में हीरा लाल सहनी, विश्वनाथ ठाकुर, सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव , खुशबू कुमारी, , मुश्ताक एकबाल, डा सतीश चंद्र भगत, आशीष अकिंचन, वैद्यनाथ पोद्दार, अतुल कुमार मिश्र डौली कुमारी, संगिता कुमारी शंभु नारायण चौधरी, निजाम बक्श दरभंगबी , आकृति कुमारी, साक्षी कुमारी,संप्रज्ञा सुरभि, उत्कृष्ट शेखर , साहेब कुमार ठाकुर, अमिताभ कुमार सिन्हा आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन महाकांत प्रसाद ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सदस्य रमण कुमार झा ने किया।

### दरभंगा से पटना तक पदयात्रा करेंगे भाजपा नेता सतीश कुमार

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय नगर दक्षिणी मंडल के उपाध्यक्ष सतीश कुमार दिनांक 11 जून को दरभंगा से पटना तक की पैदल यात्रा करेंगे। सतीश कुमार पूर्व में भी दो बार पैदल यात्रा कर चुके हैं। यह उनकी तीसरी पदयात्रा होगी। यह पदयात्रा बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी के कुशल नेतृत्व में बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बनने के उपलक्ष्य होगी। जिला 'ध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण मन्ना ने कहा की यह पदयात्रा दिनांक 11 जून को प्रातः 8:30 बजे लहेरियासराय स्थित के.एम. टैंक शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय तक जाएगी।

### आज सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित होगी पेंशन राशि

**दरभंगा (एनएसबी)।** विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, दरभंगा ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा 10 जून 2026 को राज्य के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में (डीबीटी) के माध्यम से माह मई 2026 की पेंशन राशि का अंतरण किया जाएगा। बिहार सरकार द्वारा संचालित सभी छः सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को प्रत्येक माह की 10वीं तारीख को डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि उपलब्ध कराने का निर्देश है। इसी क्रम में मई 2026 माह की पेंशन राशि का अंतरण मुख्यमंत्री के कर कमलों से 10 जून 2026 को किया जाएगा।राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र लाभार्थियों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। डीबीटी व्यवस्था के माध्यम से पेंशन राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहती है तथा लाभार्थियों को समय पर राशि प्राप्त होती है।

# महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, छात्रों की समस्या और विधि व्यवस्था पर राजद ने दिया प्रखंड मुख्यालयों पर धरना

**बिरौल/ बेनीपुर/ घनश्यामपुर/ बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को राजद द्वारा देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, छात्रों की समस्या और चौपट विधि व्यवस्था के विरुद्ध जिले के सभी प्रखंडों में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। बिरोल प्रखंड मुख्यालय पर अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अधिवक्ता कैलाश कुमार ने की। इस मौके पर राजद के पूर्व प्रत्याशी गौराबौराम सह जिला प्रधान महासचिव अफजल अली ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी, युवा पलायन, भ्रष्टाचार और अपराध लगातार बढ़ रहा है। बिना रिश्वत कोई काम नहीं होता. सरकारी दफ्तरों में आम आदमी परेशान है। वहीं प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ कैलाश कुमार चौधरी, कम्युनिस्ट नेता रघुनाथ झा, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश कुमार, मुखिया विशंभर पासवान,राजेश यादव,साधु शरण यादव, मो. मुमताज, शंकर यादव, रामसकल यादव, राहुल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर बेनीपुर प्रखंड मे बेनीपुर प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना संपन्न हुआ। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीलाम्बर यादव ने संचालन नगर अध्यक्ष गयासुद्दीन उर्फ तनवीर ने



बिरौल में धरना देते पूर्व राजद प्रत्याशी अफजल अली।

किया। जिला प्रभारी मिथिलेश सहनी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। नीलाम्बर यादव ने आरोप लगाया कि प्रखंड के 11 प्राथमिक विद्यालयों की मान्यता समाप्त कर दी गई और बहेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बंद कर दिया गया। प्रदेश महासचिव जफर इमाम, नारायण पासवान, हरिलाल यादव, डॉ सरोज हैदरी, हिरा खां, गयासउदीन मुखिया, रणधीर पासवान, भोला दास, हिदायतुल्ला, बबलू यादव, भोगेंद्र यादव, रामकुमार राम समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं घनश्यामपुर मे प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित धरना को संबोधित करते हुए अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व विधायक प्रत्याशी विनोद मिश्रा ने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। धरना-प्रदर्शन में जमाहर साफी, फखरे आलम लड्डू, मो. नासिर अहमद, सुरेंद्र यादव, रंजीत सिंह, मो. कमर आलम, बिंदेश्वर यादव, नीलेखन यादव, रामप्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इधर बहादुरपुर प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में मंगलवार को धरना प्रदर्शन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी,रामलखन पासवान,राजेंद्र प्रसाद यादव,जिला महासचिव दशरथ यादव,राजा पासवान,भूषण कुमार,महानगर महिला अध्यक्ष स्वाति देव,बहादुरपुर प्रखंड अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चार धाम रेलवे का ड्रीम प्रोजेक्ट, धार्मिक स्थलों के विकास का बनेगा उदाहरण: डा गोपाल जी ठाकुर

**कहा रेलवे के माध्यम से मिथिला के धार्मिक तथा ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटन क्षेत्र के रूप में होगा विकास**

**दरभंगा (एनएसबी)।** चार धाम रेलवे प्रोजेक्ट नरेंद्र मोदी सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट है जो भारतीय रेलवे का बुनियादी ढांचा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य देश के चार पवित्र स्थलों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री तथा यमुनोत्री को रेलवे के माध्यम से एकीकरण किया जाना है। इस प्रोजेक्ट की तकनीकों से सीख लेकर देश के अन्य धार्मिक स्थलों को भी आपस में जोड़ने की संभावनाओं पर पहल की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के



बैठक में सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य ।

अध्यक्ष सीएम रमेश की अध्यक्षता में आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद उपरोक्त बातें कही।स्टैंडिंग कमेटी की बैठक के बाद कमिटी का अध्यक्ष सहित सदस्यों के साथ सांसद डा ठाकुर ने धाम रेलवे प्रोजेक्ट का निरीक्षण भी किया तथा बताया कि मिथिला क्षेत्र के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के साथ साथ देश स्तर धार्मिक तथा ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए यह प्रोजेक्ट एक उदाहरण साबित होगा। बैठक में उत्तर रेलवे के अंतर्गत रेलवे आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के विषय पर उत्तर रेलवे के जीएम, तथा आइआरसीटीसी के सीएमडी, रेलवे विकार निगम लिमिटेड के सीएमडी सहित अन्य रेलवे के शीर्ष अधिकारयों तथा सार्वजनिक निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ विद्यार से चर्चा की गई है।

सांसद डा ठाकुर के अनुसार स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में उन्होने चार धाम रेलवे प्रोजेक्ट कि तर्ज पर मिथिला क्षेत्र के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक स्थलों को रेलवे के माध्यम से आपस में जोड़ने तथा पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किए जाने की संभावनाओं पर चर्चा की है जिसका शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम दिखेगा। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र की निमार्णाधीन दर्जनों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के साथ पूरा किए जाने के सम्बद्ध में समीक्षा की गई है।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है: पप्पू सिंह

**भाजपा नेता ने लोक सेवक आवास पर जाकर मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट, अलीनगर विधानसभा के विकास एवं संगठन विस्तार पर हुई चर्चा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** पटना स्थित लोक सेवक आवास पर दरभंगा पूर्वी भाजपा महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश के समग्र विकास, संगठन की मजबूती तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। भेंट के पप्पू सिंह ने अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगों एवं जनहित के मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत संरचना, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया। पप्पू सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सरल व्यक्तित्व, कर्मठ नेतृत्व एवं बिहार के विकास के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र "राष्ट्र सर्वोपरि" है और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में बिहार



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलते भाजपा नेता पप्पू सिंह।

विकास एवं सुशासन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा।बैठक के दौरान दरभंगा जिले में भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर भी विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। संगठन विस्तार, कार्यकर्ता सशक्तिकरण तथा जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## टेम्पू स्टैंड के नाम पर ऑटो चालकों से जबरन वसूली पर चार को भेजा गया जेल

**बिरौल (एनएसबी)।** सुपौल बाजार, डुमरी मोड़ और कोठीपुल में टेम्पू स्टैंड के नाम पर ऑटो चालकों से जबरन वसूली के मामले में बिरौल थाना पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में बिरोल थाना में दर्ज प्राथमिकी में पोखराम निवासी ऑटो चालक जितेन्द्र चौधरी ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर 7 लोगों पर रंगदारी व मारपीट का आरोप लगाया था। जिसमें सुपौल बाजार और 17 नंबर कोठीपुल पर विशुनदेव कुंवर, रामचन्द्र सहनी, सिकिन्दर मुखिया और संतोष कामती द्वारा मिलकर प्रत्येक ऑटो से 30 रुपये जबरन वसूलने और पैसे नही देने पर गाली-गलौज व मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया था। टेंपो चालकों से 30-30 मांग की गई थी। मना करने पर संतोष कामती व विशुनदेव कुंवर ने गाली-गलौज कर जबरन पैसे छीनने की कोशिश की और मारपीट शुरू कर दी.

सूचना पर एसडीओ शशांक राज, एससीपीओ प्रभाकर तिवारी,सीओ आदित्य शंकर एवं थानाध्यक्ष चंद्रमणि मौके पर पहुंचे. छापेमारी में संतोष कमती व विशुनदेव कुंवर को डुमरी मोड़ से, रामचन्द्र सहनी को सुपौल हाटगाछी से और सिकिन्दर मुखिया को कोठीपुल से अवैध वसूली करते रंगेहाथ पकड़ा गया। पूछताछ में पुलिस के सामने यह खुलासा हुआ है कि चारों आरोपी स्टैंड से वसूली कर राशि बहेड़ा थाना के सज्जनपुरा निवासी कुन्दन कुमार सिंह के पास जमा करते है। इसके अलावा भगत सिंह चौक बिरौल में दिलीप सहनी कोठीपुल, कुशेश्वरस्थान, गंडौल जाने वाले वाहनों से 30 से 50 रुपये, बलिया निवासी मो. बादशाह बेनीपुर-पोखराम रूट पर 30-50 रुपये और अफजला निवासी भोला मंडल राज्य पथ परिवहन की बसों से 30 रुपये प्रति बस वसूलता है। वसूली के लिए 5 रुपये के कूपन के पीछे कलम से 30 लिखकर गोल घेरा बना दिया जाता है. पुलिस ने सभी 7 आरोपियों को नामजद कर जांच शुरू कर दी है.

## रामविलास पासवान का सपना पूरा नहीं होने पर चिराग पासवान के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

**कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना को लेकर बंद रहा बाजार, लोगों ने निकाला मार्च ● स्थानीय विधायक अतिरेक कुमार, सांसद शांम्भवि चौधरी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के खिलाफ जताया आक्रोश**

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना को लेकर बाजार बंद का व्यापक असर रहा और बाजार बंद के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठन, राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों और व्यवसायिक वर्ग एवं आम जनता में रेल परियोजना को लेकर काफी



विरोध प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

आक्रोश दिखा और स्थानीय विधायक अतिरेक कुमार व सांसद शांम्भवि चौधरी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के मुदार्बाद के नारे लगाए गए। स्थानिय व्यवसायी वर्ग, स्थानीय राजनितिक दल और आम नागरिकों ने आंदोलन का समर्थन करते हुए रेल परियोजना के पक्ष में एकजुटता दिखाई। साथ देने के लिए आगे बढ़े बाजार बंदी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतर कर केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। कुशेश्वरस्थान बाजार पुर्ण रुपेण बंद रहा। पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री स्व राम विलास पासवान के सपनों को पुरा करने कि मांग को लेकर नगर पंचायत कुशेश्वरस्थान पूर्वी के मुख्य पार्षद शत्रुध्न पासवान ने बताया कि हरिनगर और कुशेश्वरस्थान तक रेल सेवा पहुंचाया जाय और सकरी हसनपुर रेल मार्ग को भी पुरा किया जाय। पुर्व केंद्रीय मंत्री स्व राम विलास पासवान का जो सपना था कि कुशेश्वरस्थान का चहुंमुखी विकास करने का वो सपना कहीं ना कहीं दफन हो चूका है। वहीं ललितेश्वर पासवान ने कहा कि मिथिलांचल कि बाबाधाम कुशेश्वरनाथ धाम और आस पास के सुदुरवर्ती क्षेत्र के साथ अनदेखी कि जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सज्जन राय प्रोफेसर शशिकांत , पूर्व सरपंच रामसागर चौपाल,समेत कई वक्ताओं का कहना है कि यह केवल रेल लाईन निर्माण का मुद्दा नही है बल्कि क्षेत्र समग्र विकास का प्रश्न है। जिस पक्षी विहार को लेकर रेल परियोजना को रोकी जा रही है उस पक्षी विहार में लोग घर बनाकर रह रहे हैं और अच्छी खासी फसल मकई गेहूं व दलहन तिलहन उगाई जाती है। इसलिए सरकार भ्रम में ना रहे कि पक्षी विहार बचा हुआ है। यहां पक्षी विहार नाम का कोई चीज नही बचा हुआ है।

# सदर प्रखंड में आमरण अनशन पर बैठे अनशनकारियों की तीसरे दिन हालत बिगड़ी

**चिकित्सकों ने की जांच, मोहल्ले वासियों का मिला अपार समर्थन ●अनशनकारियों ने कहा मांग पूरी नहीं हुई तो नहीं तोडेंगे अनशन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा सदर मुख्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग पर वर्षों से लंबित एवं उपेक्षित जनसमस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का तीसरे दिन जारी रहा। अनशनरत लोगों की तबीयत में उतार-चढ़ाव देखने को मिला तथा धीरे-धीरे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं गंभीर होती जा रही हैं। एंबुलेंस लेकर मेडिकल की टीम अनशन स्थल पर पहुंची और अनशनकारियों का स्वास्थ्य जांच किया। भूख हड़ताल के तीसरे दिन भी प्रशासन की ओर से किसी ठोस पहल अथवा कार्य प्रारंभ करने की दिशा में स्पष्ट कदम सामने नहीं आने से आंदोलनकारियों एवं



स्थानीय लोगों में निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी ज्वलंत समस्याओं को लेकर चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद प्रशासन अब तक गंभीरता नहीं दिखा रहा है। इस दौरान आंदोलन को समर्थन देने हेतु वी आई पी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश सहनी जी एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष जमाल हसन धरना स्थल पहुंचे तथा लंबा समय व्यतीत कर आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन से अविलंब ठोस कार्रवाई की मांग की तथा जनहित से जुड़े इस आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।अनशनरत प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरोध का नहीं, बल्कि जनहित एवं क्षेत्र के समग्र विकास का आंदोलन है। जब तक प्रशासन केवल आश्वासन देने के बजाय जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई प्रारंभ नहीं करेगा, तब तक मैं अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त नहीं करूंगा। जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्र में जलजमाव, सड़क एवं नाला निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार, पोखरों के सौंदर्यीकरण, मनरेगा कार्यालय परिसर में जनसुविधाओं की व्यवस्था, सदर थाना परिसर में शेड निर्माण तथा विभिन्न क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था जैसी बुनियादी समस्याएं वर्षों से उपेक्षित हैं, जिनका शीघ्र समाधान अत्यंत आवश्यक है।धरना स्थल पर राजद नेताओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### गरज और तेज हवा के साथ अच्छी बारिश के आसार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अगले 5 दिनों में गरज और तेज झोंकेदार हवा के बीच कहीं भारी तो कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। इस बाबत डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी आगामी 14 जून, 2026 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, पूवार्नुमानित अवधि के अधिकांश समय आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। 11 से 13 जून के आस-पास वर्षा के समय गरज तथा तेज झोंकेदार हवाएँ चलने की संभावना है। इस दौरान में गोपालगंज, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण जिलों में 11-12 जून को (65-70 मिमी तक) भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान शेष अन्य जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। इस अवधि में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग $2^0$-3ट सेल्सियस अधिक अर्थात $35^0$ सेल्सियस से 39ट सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान 25 से 28त्ड के बीच रह सकता है। इस दौरान मुख्यतः 15-19 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चल सकती है। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 70-75 प्रतिशत तथा दोपहर में सापेक्ष आर्द्रता 20-25 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### मुफस्सिल थाना क्षेत्र में छापेमारी, 3.492 किलो गांजा के साथ, दो कारोबारी गिरफ्तार



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दूधपुरा वार्ड 04 में छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई दो जगहों पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 3.492 किलोग्राम गांजा के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इस बाबत पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान चंद्रिका साह के घर से 1.050 किलोग्राम तथा किशोरी साह के घर से 2.442 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षा, शिक्षक हित और संघ के लिए सदैव समर्पित रहते थे गणेश बाबू : प्रो. गणेश प्रसाद सिंह

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के बीआरएनकेएस महाविद्यालय कल्याणपुर के पूर्व प्राचार्य सह व्याख्याता मंच के संयोजक स्मृति शेष प्रो. गणेश प्रसाद यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर कल्याणपुर के मेहशी स्थित उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में वित संपोषित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी कल्याण महासंघ पटना के अध्यक्ष प्रो गणेश प्रसाद सिंह ने दूरभाष पर अपने तथा महासंघ की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि, स्मृति शेष गणेश बाबू सदैव शिक्षा, शिक्षक और संघ के लिए सदैव समर्पित रहते थे। महासंघ के प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता प्रो पी के झा प्रेम ने भी दूरभाष पर स्मृति शेष गणेश बाबू के नहीं होने पर अपने को अकेला महसूस करता हूं। वो हमेशा संघ के लिए उपलब्ध रहते थे। आज के श्रद्धांजलि समारोह में स्थानीय बुद्धिजीवियों के अतिरिक्त प्रो सूर्यदेव सिंह, तृप्ति नारायण सिंह, आदि ने भी उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस क्रम में डॉ. परमानन्द लाभ, डॉ राज कुमार, डॉ हीरानंद झा, प्रो प्रमोद कुमार चौधरी, प्रो राम बाबू रजक, प्रो अमरेश झा, प्रो ओम कुमार सिंह आदि ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### ईसीआरकेयू ने किया ट्रेड यूनियन एजुकेशनल प्रोग्राम आयोजित, 25 रेलकर्मी हुए शामिल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा सोमवार को माधुरी चौक स्थित मंडलीय यूनियन कार्यालय में ट्रेड यूनियन एजुकेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 25 रेल कर्मचारियों को ट्रेड यूनियन से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं ईसीआरकेयू के प्रशिक्षक सतीश चंद्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत ईसीआरकेयू के मंडल मंत्री मनोज कुमार के संबोधन से हुई, जिसके बाद प्रशिक्षण सत्र आरंभ किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक सतीश चंद्रा ने रेल कर्मचारियों को एआईआरएफ और ईसीआरकेयू के इतिहास, संगठन की भूमिका तथा कर्मचारी हितों की रक्षा में यूनियन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेड यूनियन किस प्रकार कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा, सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को संगठनात्मक संरचना, श्रमिक अधिकारों तथा यूनियन की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजित ओपन सेशन में कर्मचारियों ने अपने विचार एवं जिज्ञासाएं रखीं, जिनका उत्तर प्रशिक्षक सतीश चंद्रा, मंडल मंत्री मनोज कुमार तथा यूनियन नेता सुशील कुमार ने विस्तार से दिया। इस अवसर पर शाखा सचिव अजय यादव, अमरजीत कुमार, एमडी मंजूर आलम सहित यूनियन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### बैंक डकैती कांड में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास, व ₹1 लाख जुर्माना

**समस्तीपुर कोर्ट (एनएसबी)।** मंगलवार, को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश समस्तीपुर राहुल कुमार ने बहुचर्चित बैंक डकैती मामले में सत्रवाद संख्या 546/22 की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने मामले के आरोपी मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सहदुल्ला निवासी ओम प्रकाश उर्फ उपेंद्र को भारतीय दंड विधान की धारा 395 (डकैती) के तहत 10 वर्ष की सश्रम कारावास एवं ₹50,000 अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके साथ ही धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत भी आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास एवं ₹50,000 अर्थदंड की सजा दी गई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी। बताते चलें कि, इस मामले में ताजपुर स्थित एक बैंक के अधिकारी सुनील कुमार, ने ताजपुर थाना में दिनांक 19 मई 2020 को डकैती का मामला दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, दिन के करीब 12:30 बजे बैंक में घुसकर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें आरोपी था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक शिव कुमार प्रसाद एवं अपर लोक अभियोजक शिव शंकर प्रसाद ने वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने अपना पक्ष रखा।

### वोट के बाद अब पर वार झ्र गरीबों में मचा हाहाकार, ताजपुर में रद्द 3867 राशन कार्ड

**ताजपुर (एनएसबी)।** ताजपुर प्रखंड में बड़ी संख्या में राशन कार्ड रद्द किए जाने से गरीब एवं मजदूर परिवारों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है।राशनकार्ड रद्द कर दिए जाने की जानकारी के बाद डीलर के यहां से बैरंग वापस लौटने की जानकारी मिलने पर ततमा-सहनी सुमदाय की गरीब बस्ती मोतीपुर वार्ड 26-27 में कार्डधारियों के बीच भाकपा माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, सरकार की ओर से वार्षिक आय 1 लाख 20 हजार रुपये से अधिक होने, चार चक्का वाहन, पेंशन, नौकरी, किसान समृध्दि योजना आदि का लाभूक होने को आधार बनाकर राशन कार्ड रद्द किए जा रहे हैं। जबकि यह रकम सामान्य सुविधाओं के साथ जीवनयापन केलिए नाकाफी हैं। इतनी आय पाने वाले लोग इस महंगाई के दौर में आर्थिक रूप से बेहद कमजोर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि जोखन दास की बेसहारा विधवा मंजू देवी, मुनेश्वर दास की विधवा कौशल्या देवी समेत बड़ी संख्या में जरुरतमंदों का राशनकार्ड रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ताजपुर प्रखंड में कुल 3867 राशन कार्ड रद्द किए गए हैं, जिससे हजारों परिवार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले खाद्यान्न से वंचित हो गए हैं। राशन कार्ड रद्द होने के बाद प्रभावित परिवारों में हाहाकार की स्थिति है और लोग अपनी आजीविका तथा खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। माले नेता ने कहा कि सरकार गरीबों की वास्तविक स्थिति को समझने के बजाय कागजी मानकों के आधार पर राशन कार्ड रद्द कर रही है। मजदूर, खेतिहर श्रमिक, रिक्शा चालक, छोटे दुकानदार और असंगठित क्षेत्र के कामगार पहले से ही बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

# महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राजद ने पूसा में किया प्रदर्शन

**पूसा एनएसबी)।** प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आज मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया ' अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय तथा संचालन प्रधान महासचिव सुबोध राय ने की ' इस अवसर पर पूसा प्रखंड के प्रभारी सह जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में हत्या, लूट और महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, महालेखाकार (उअॠ) द्वारा उठाए गए ₹ 72000 करोड़ के हिसाब की मांग भी की ' राजद प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है, बेरोजगारी बढ़ रही है, और डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर के दाम भी बढ़ाए गए हैं ' शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाएं ठप हो चुकी है ' सरकार जनहित के बजाय केवल प्रचार पर ध्यान दे रही है ' शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है ' गरीबी एवं बेरोजगारी बढ़ रही है ' परीक्षाओं के पेपर लिक हो रहे है ' अपराध का ग्राफ बेहद तेजी से बढ़ रहा है ' शासन का इकबाल खत्म हो रहा है ' पूरे बिहार मे भय, भ्रष्टाचार एवं अराजकता का आलम है। बिहार सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। मौके पर प्रखंड सह प्रभारी व राजद दलित सेल के प्रदेश सचिव राजेन्द्र राम, प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय, प्रखंड प्रधान महासचिव सुबोध राय, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा,जिला राजद नेता संदीप सरकार, मधुबाला कुमारी, पंकज कुमार, अंजनी कुमार राय, नवल दास, चंद्रशेखर राय, शिवशंकर राय, उमेश राम, मुकेश राम, अजीत राय, विपिन राय, रामेश्वर दास, पंकज चौधरी, उपेन्द्र साह, नीलम देवी, वीणा देवी, राजकुमारी देवी, उषा देवी, मीणा देवी, अनीता देवी, बबीता देवी, हरिहर सिंह सहित सैकड़ो राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।



धरना देते राजद नेता व कार्यकर्ता।

### महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का एकदिवसीय धरना



**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर दलसिंहसराय प्रखंड मुख्यालय में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था तथा शिक्षा व्यवस्था के विरोध में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित इस धरना को संबोधित करते हुए राजद नेताओं ने कहा कि बिहार में लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं, जबकि शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल स्थिति में है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिससे आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने सरकार से जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने तथा महंगाई एवं बेरोजगारी पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। राजद नेताओं ने कहा कि जनता की तमाम समस्याओं के समाधान तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कार्यकताओं से लोकतांत्रिक तरीके से जन-आवाज को बुलंद करने का आह्वान किया। मौके पर प्रभारी प्रो० विजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष मो० जाबिर हुसैन, प्रधान महासचिव राज दीपक, नंद किशोर महतो, पुंजय कुमार, उमेश राम प्रकाश, मो० जमील अख्तर, मो० नैय्यर, मो० सोनू, राम प्रीत साह, मो० हैदर, संजय ठाकुर, शशि रंजन, अशोक सिंह, अरविंद राय, मो० जकारिया, बलवंत पासवान, सुनील सिंह, मो० गुलशेर सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महंगाई के खिलाफ राजद का एकदिवसीय धरना, सरकार पर साधा निशाना



धरना पर बैठे राजद नेता व कार्यकर्ता।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रखंड अध्यक्ष परमहंस राय की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। धरने में बड़ी संख्या में राजद कार्यकताओं और समर्थकों ने भाग लिया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। शिक्षा, बेरोजगारी, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है। राजद नेताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है और आम लोगों की आवाज को बुलंद करने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की मांग की। धरना कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो० सत्यनारायण राय ने की। इस अवसर प्रेम किशुन महतो, रमेश सिंह, उपेंद्र प्रसाद साह, श्यामनंदन महतो, हरेंद्र ठाकुर, रमाकांत भारती, ललित ठाकुर सहित स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आग लगने से हजारों की संपत्ति राख

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत स्थित अखाड़ा घाट के समीप सोमवार की देर रात आगजनी की एक घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि, कतिपय अज्ञात लोगों द्वारा एक दुकान में आग लगा दी गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।

## भाजपा नेताओं ने किया बिरसिंहपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के बिरसिंहपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र का भाजपा के प्रांतीय नेता प्रभात कुमार ठाकुर एवं 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के जिला सदस्य कौशल कुमार पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य उपकेंद्र की बदहाल स्थिति एवं विभिन्न अव्यवस्थाओं को देखकर दोनों नेताओं ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।



मौके पर ही दोनों नेताओं ने चिकित्सा प्रभारी डॉ. मो. हैदर अली से दूरभाष पर बातचीत कर अस्पताल की दुर्दशा एवं कुव्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने रोगी कल्याण समिति की राशि का शीघ्र आवंटन कर उसे अस्पताल के विकास एवं आवश्यक सुविधाओं के विस्तार में उपयोग करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में खुलेआम ताड़ी सेवन एवं जुआ खेलने की शिकायत भी सामने आई, जिस पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही परिसर में निमार्णाधीन शौचालय का कार्य जल्द पूरा कराने, एक समरसेबल पंप स्थापित करने तथा अतिक्रमण हटाकर चहारदीवारी निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई।

नेताओं ने अस्पताल में कार्यरत एएनएम मृदुला कुमारी की लगातार अनुपस्थिति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र स्थानांतरण की मांग की। इसके अलावा अस्पताल में निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया, ताकि नियमित निरीक्षण एवं कार्यों की निगरानी सुनिश्चित हो सके। दोनों नेताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र में व्याप्त कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

## स्वरोजगार का विश्वसनीय विकल्प है मिथिला कला : सौम्या सुमन

**द उम्मीद समर इंटर्नशिप 2026 के 9वें दिन विद्यार्थियों ने सीखी मिथिला पेंटिंग की बारीकियां**



मिथिला पेंटिंग का प्रशिक्षण देती प्रशिक्षक।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** द उम्मीद द्वारा संचालित सोशल समर इंटर्नशिप 2026 के 9वें दिन आर्ट्स एवं कल्चर डोमेन के अंतर्गत मिथिला पेंटिंग का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में मिथिला पेंटिंग डोमेन का चयन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग कलाकार सौम्या सुमन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को मिथिला पेंटिंग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान तथा रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सुश्री सौम्या ने बताया कि, मिथिला पेंटिंग केवल एक कला नहीं, बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक धरोहर के साथझ्रसाथ विश्व स्तर पर बिहार और मिथिला की पहचान है। आज देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर मिथिला कला को अपूर्व सम्मान प्राप्त है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को मिथिला पेंटिंग की मूलभूत तकनीकों, पारंपरिक आकृतियों, प्राकृतिक रंगों के उपयोग, रेखांकन शैली तथा विभिन्न कलात्मक प्रतीकों के महत्व को समझाया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने स्वयं पेंटिंग बनाकर इस लोककला की बारीकियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। द उम्मीद के संस्थापक एवं अध्यक्ष अमरजीत कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालयों की इंटर्नशिप आधारित शिक्षा व्यवस्था के अनुरूप विद्यार्थियों को केवल पुस्तक आधारित ज्ञान ही नहीं, बल्कि भारतीय कला, संस्कृति, कौशल एवं व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समर इंटर्नशिप के अंतर्गत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्तीपुर जिले में द उम्मीद द्वारा संचालित यह इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता तथा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर द उम्मीद की टीम एवं इंटर्नशिप से जुड़े मेंटर्स भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण सत्र को अत्यंत उपयोगी बताते हुए मिथिला पेंटिंग के प्रति अपनी रुचि व्यक्त की।

## 8 माह बाद भी नहीं मिला चुनाव ड्यूटी वाहनों का मुआवजा, 11 जून को समाहरणालय पर प्रदर्शन करेगा मोटर व्यवसायी संघ



बैठक में शामिल लोग।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** 8 महीने गुजर जाने के बावजूद मतदान कार्य का भुगतान नहीं होने के कारण वाहन स्वामियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हमने जिलाधिकारी से इस संदर्भ में पहल करने का आग्रह भी किया था। मगर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। इसलिए हम अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हैं। सोमवार को जिला मोटर व्यवसायी संघ की बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि, चुनाव कार्य में लगाए गए वाहनों का लगभग पांच करोड़ रुपये मुआवजा पिछले आठ महीने से लंबित है। इस संबंध में 25 मई को सैकड़ों वाहन स्वामियों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को आवेदन देकर शीघ्र भुगतान की मांग की थी। उस समय प्रशासन को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया था कि, ह्लयदि 10 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। संघ कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि, ह्लअब जबकि 10 दिन से अधिक हो गए हैं, विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान अधिग्रहित वाहनों का बकाया मुआवजा भुगतान नहीं हो सका है। ऐसे में अपने अधिकार के लिए आंदोलन ही एक मात्र रास्ता बचा है।ह्व बताते चलें कि, सोमवार को संघ के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से चरण बद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया। इसी क्रम में 11 जून को समाहरणालय पर विरोध प्रदर्शन एवं चुनाव आयोग के पुतला दहन का निर्णय लिया गया। संघ के महामंत्री संजीव कुमार सुमन ने कहा कि 11 जून के विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के बाद भी यदि बकाया राशि का भुगतान नहीं होता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अगले चरण में शहर में चक्का जाम किया जाएगा, जिसके तहत वाहन स्वामी अपनी गाड़ियां सड़कों पर खड़ी कर विरोध दर्ज कराएंगे।

## भाजपा पूर्वी मंडल की मासिक बैठक संपन्न



बैठक को संबोधित करते भाजपा जिला प्रवक्ता।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, ताजपुर पूर्वी मंडल की मासिक बैठक आधारपुर मे धीरेंद्र कुमार धीरज के आवासीय परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील चौबे ने की, वहीं संचालन मंडल उपाध्यक्ष राम प्रकाश दास ने किया। श्री चौबे ने कहा कि मासिक बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को एक साथ बैठने का अवसर प्रदान करना, संगठन से जुड़े सभी कार्यक्रमों की जानकारी देना था। उन्होंने बताया कि, भारतीय जनता पार्टी का विशेष पखवाड़ा 5 जून से 21 जून तक निरंतर चलेगा। इसके अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत प्रत्येक बूथ क्षेत्र में पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनता को जागरूक किया जाएगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी बूथ क्षेत्रों में टोली बनाकर योग कर, "करो योग, रहो निरोग" का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार की, जनकल्याणकारी एवं जनहित की योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक करना,,, प्रधानमंत्री जी के "मन की बात" कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुनने हेतु टोली बनाई जाए। सभी कार्यकर्ता समय पर बैठकर 100% कार्यक्रम सुनें तथा सुनते हुए फोटो खिंचवाकर तस्वीर को सरल ऐप पर अपलोड करें।इस अवसर पर प्रदेश भाजपा, सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व सहसंयोजक धीरेंद्र कुमार धीरज, अमरेश कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दक्षिणी दिलीप सिंह कुशवाहा, रामप्रकाश दास, अखिलेश कुमार राय, अनुज गिरी, रवि कर उपाध्याय, शिवकुमार यादव, जितेंद्र दास, प्रमोद कुमार राय, श्याम सुंदर पोद्दार, अखिलेश कुमार शर्मा, कामिनी देवी, पिंकी देवी, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, सज्जन कुमार, योगेंद्र यादव, अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकहित से जुड़ी बुनियादी योजनाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं:जिलाधिकारी

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार की देर शाम जिला स्तरीय सभी तकनीकी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।बैठक में जिले में चल रही विकासात्मक और जन-कल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से ' टॉप 10 ' में लिए गए प्राथमिक योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा किया गया।बैठक में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल (मधुबनी, झंझारपुर, जयनगर), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल (मधुबनी एवं झंझारपुर), तथा लघु जल संसाधन (सिंचाई) प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं ने अपनी-अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोकहित से जुड़ी बुनियादी योजनाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लघु जल संसाधन (सिंचाई) प्रमंडल: 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' और जल-जीवन-हरियाली लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के तहत स्वीकृत चेक डैम योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में लघु जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल तथा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं जिला स्तर के अन्य तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।



### 13 सूत्री मांगों के समर्थन में राजद प्रखंड इकाई, खजौली द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना

**खजौली (एनएसबी)।** प्रदेश राजद के आह्वान पर महंगाई, बेरोजगारी सहित विभिन्न 13 सूत्री मांगों के समर्थन में राजद प्रखंड इकाई, खजौली द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। राजद नेता राजेन्द्र प्रसाद यादव उर्फ झबर की अध्यक्षता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र प्रसाद यादव के संचालन में आयोजित धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक के मामले में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर स्तीफा दे देना चाहिए। देश में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, किन्तु सरकार में बैठे जिम्मेदार मौन होकर बैठे हैं। वक्ताओं ने खजौली में रसोई गैस की किल्लत को दूर करने, गरीब, भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमल जमीन देकर उसे बसाने की मांग की। धरना पश्चात कार्यकताओं ने भारत के प्रधानमंत्री के नाम 13 सूत्री एक मांग पत्र बीडीओ लवली कुमारी को सौंपा। धरना सभा को प्रो.सुभाष चन्द्र सिंह, अमर राण, मिथिलेश यादव, राजा राम यादव, भोगेंद्र प्रसाद यादव, हुकुमदेव यादव, जयजय राम यादव, फेदाउर रहमान, राम ईश्वर साहु, अभय कुमार आदि ने संबोधित किया। मौके पर दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे



### महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ राजद का धरना प्रदर्शन.

**बिस्फी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया.जबकि संचालन बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विष्णु देव सिंह यादव ने किया. कार्यक्रम के दौरान विष्णु देव सिंह यादव ने महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी सहित अन्य जन सरोकारी मुद्दे पर जमकर चर्चा की. उपस्थित राजद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक आसिफ अहमद कहा कि वर्तमान समय में आम जनता महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जूझ रहे हैं. आवश्यक व रोजमर्रा खाद्य पदार्थों एवं दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली समानों के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रहा है. मध्यमवर्गीय परिवार एवं देहारी मजदूरों के जीवन को प्रभावित कर रहा है. नौजवान रोजगार के लिए पलायन कर रहा है तो शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नौकरी के लिए सड़कों पर सरकारी डंडा खाना पड़ रहा है. जिला पर्यवेक्षक रुदल यादव ने कहा कि वर्तमान एनडीए सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गया है. मां बहनों के साथ कुकृत्य, अपहरण एवं सामुहिक दुष्कर्म जैसी घटनाओं से समाचार पत्र पटा पड़ा रहता है.डबल इंजन की सरकार जनहित के मुद्दे पर गंभीर नहीं है.और आमजनों की समस्या समाधान के प्रति सरकार एवं विभागीय अधिकारी गंभीर नहीं है. धरना के बाद प्रशासन को एक मांग पत्र सोपा गया. इस मौके पर सरपंच मो रहमत आलम, पवन यादव, विजय चंद्र घोष, अरुण यादव, प्रो इश्तियाक अहमद, मो अशरफ ,मो पप्पू ,ललन यादव,भोला यादव,संजीव कुमार झा सहित कई लोग उपस्थित थे.



### पांच सूत्री मांगों को लेकर राजद का एकदिवसीय धरना,

**जयनगर(एनएसबी)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तत्वावधान में पांच सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष अमित यादव ने किया। धरना में बड़ी संख्या में राजद कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भाग लेकर विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की तथा सरकार से इन समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की मांग की। नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, जबकि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर कठोर कार्रवाई की मांग की।राजद नेताओं ने दलितों, गरीबों एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके खिलाफ होने वाले अपराधों में दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। साथ ही लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को गंभीर बताते हुए इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की बात कही।धरना के दौरान गरीबों एवं कमजोर वर्गों के पुनर्वास का मुद्दा भी उठाया गया। नेताओं ने कहा कि किसी भी गरीब परिवार को उजाड़ने से पहले उनके पुनर्वास की गारंटी दी जानी चाहिए। गैर-मजरूआ एवं सरकारी भूमि पर वर्षों से बसे गरीब परिवारों को बासगीत पर्चा देने तथा पचाधारी परिवारों को उनकी भूमि पर अविलंब दखल-दिहानी दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा सभी भूमिहीन गरीब परिवारों को पांच डिसमिल आवासीय भूमि एवं पक्का मकान उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई।वक्ताओं ने धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। घरेलू गैस बुकिंग की तिथि पर ही उपभोक्ताओं को डीएसी नंबर मोबाइल पर उपलब्ध कराने तथा मधुबनी जिले सहित बाढ़ एवं सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग भी की गई।धरना कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव इदरीश मंसूरी, जिला महासचिव गंगा चौधरी, पूर्व प्रमुख सूर्यनाथ यादव, प्रदीप यादव, सचिन चौधरी, राम अवतार यादव, राम उदगार यादव, मो. नौशाद आलम, जाकिर हुसैन, रामचंद्र यादव, राम कुमार यादव, किरण देवी, रंजीत देवी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



# जनभागीदारी आधारित विकास योजनाओं के निर्माण पर जोर, जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**मधुबनी,(एनएसबी)।** बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्थान, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना पीपुल्स प्लान कैंपेन एवं 16वीं वित्त आयोग की अनुशंसाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डीआरडीए सभागार, मधुबनी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बिंदु गुलाब यादव, उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी राकेश कुमार झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास का आधार है। पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं का निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों एवं जनभागीदारी को केंद्र में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने पीपुल्स प्लान कैंपेन के माध्यम से ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा 16वीं वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप योजनाओं के निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों के उप जिला परिषद अध्यक्ष, प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यपालक सहायक प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण की प्रक्रिया, पंचायत स्तरीय संसाधनों के आकलन, ग्राम सभा की भूमिका, विभागीय अभिसरण, पीपुल्स प्लान कैंपेन के विभिन्न चरणों तथा 16वीं वित्त आयोग से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षक के रूप में नोडल पदाधिकारी विकास कुमार मिश्रा, नोडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, श्री कमलेश कुमार एवं गणेश साहू ने प्रतिभागियों को के विभिन्न आयामों, डेटा आधारित योजना निर्माण, पंचायतों की विकास प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा प्रभावी कार्यान्वयन की रणनीतियों से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी राकेश कुमार झा ने कहा कि, "ग्राम पंचायत विकास योजना केवल एक औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि पंचायतों के समग्र विकास का रोडमैप है। इसके माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जा सकती है।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों से पीपुल्स प्लान कैंपेन के दौरान ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक एवं जनहितकारी योजनाओं के निर्माण का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक बताते हुए कहा कि इससे पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के बेहतर निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। साथ ही, प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान पंचायतों में पारदर्शी, सहभागी एवं परिणामोन्मुखी विकास प्रक्रिया को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।


बैठक करते अधिकारी

## 5,207 चापाकलों की मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में जिला आपदा प्रबंधन शाखा, मधुबनी की देखरेख में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं इस महत्वपूर्ण कार्य की प्रतिदिन समीक्षा एवं मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि जिले के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो।प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले के दोनों प्रमंडलों में कुल 5,874 चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। *इनमें से 08 जून 2026 तक कुल 5,207 चापाकलों की मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष* 667 चापाकलों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।मधुबनी प्रमंडल में निर्धारित 3,213 चापाकलों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2,907 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है तथा शेष 306 चापाकलों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण की जाएगी। वहीं, झंझारपुर प्रमंडल में निर्धारित 2,661 चापाकलों के लक्ष्य के विरुद्ध 2,300 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है और शेष 361 चापाकलों पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी शेष खराब चापाकलों की मरम्मत निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से इसकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।जिला प्रशासन आमजनों से अपील करता है कि अपने क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीएचईडी अधिकारियों अथवा जिला नियंत्रण कक्ष आपदा के दूरभाष नंबर पर 06276-222576 पर उपलब्ध करवाए।


चापाकल की मरमत करते

**राज्य सरकार के खिलाफ बढ़ते महंगाई बेरोजगारी आर्थिक तंगी को लेकर राजद ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिया धरना,**

## राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है और सरकार चैन की नींद में सो रही: विधायक आसिफ अहमद

**मधुबनी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल, बिहार के आह्वान पर रहिका प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कुमार मंडल के अध्यक्षता में महंगाई, बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, ध्वस्त कानून व्यवस्था एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए बिस्फी विधायक आसिफ अहमद ने देश में बढ़ते महंगाई, बेरोजगारी,गरीबी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य इस समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है और सरकार चैन की नींद में सो रही है। धरना को संबोधित करते हुए महिला राजद अध्यक्ष रेणू यादव ने कहा कि राज्य में महिलाओं का उत्पीड़न आम बात हो गई है। बलात्कार रोज बढ़ रहा है।आज स्थिति यह है कि बच्ची भी सुरक्षित नहीं है।भाजपा सरकार का नारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा बनकर रह गया है जनता की समस्याओं के समाधान, युवाओं को रोजगार, बेहतर शिक्षा व्यवस्था तथा सुशासन की मांग को लेकर राजद कार्यकताओं एवं आम जनता के साथ अपनी आवाज बुलंद की। जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।जनता के हक और अधिकार की लड़ाई में राष्ट्रीय जनता दल सदैव आन्दोलनरत रहेगा ।धरना कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार चौधरी जिला अध्यक्ष राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ, इंद्रजीत राय, विरेन्द्र यादव,चुन्नु मुखिया,मधु राय,उमर अंसारी,राजू पासवान, लड्डू ठाकुर, बदरुल हक, नितेश यादव,प्यारे,श्रवण यादव,अनवर जी, रायबहादुर यादव,रमेश साहू,ललन मंडल, गुलाम हैदर इत्यादि लोग शामिल थे'


धरना देते विधायक

## 5.1 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है। एसएसबी ने कार्रवाई करते हुए 5 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 48वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय जयनगर के कमांडेंट राजेन्द्र कुमार के निर्देश पर सीमा क्षेत्र में लगातार गश्त एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कमला कंपनी के कमांडर निरीक्षक अमोल कुमार द्वारा गठित टीम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक नसीब कुमार जवानों के साथ सीमा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नेपाल की ओर से कुछ तस्कर गांजा लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही एसएसबी की टीम सक्रिय हो गई और बेतौन्हा सीमा क्षेत्र में घेराबंदी कर निगरानी शुरू कर दी। इस बीच सीमा पार से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर जवानों की नजर पड़ी। सुरक्षा बलों को देखकर तस्कर घबरा गया और अपने सिर पर रखे गांजे के बोरे को फेंककर नेपाल की ओर भागने लगा। हालांकि एसएसबी जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका पीछा किया और उसे धर दबोचा।गिरफ्तार तस्कर की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के छपराढ़ी कुआढ़ वार्ड संख्या-3 निवासी महेश यादव के रूप में हुई है, जो राम सोगारथ यादव का पुत्र बताया गया है। पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई कि वह नेपाल के सिरहा जिले के लंगुरखोला क्षेत्र के एक सप्लायर से गांजा खरीदकर भारत के विभिन्न महानगरों, विशेष रूप से हैदराबाद में इसकी आपूर्ति करता था।कार्रवाई के बाद जब्त गांजे को एसएसबी कैंप लाया गया, जहां उसका वजन किया गया। जांच में गांजे का कुल वजन 5 किलो 100 ग्राम पाया गया। इसके बाद एसएसबी ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर गिरफ्तार तस्कर और जब्त मादक पदार्थ को जयनगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि एसएसबी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मधुबनी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।


गिरफ्तार तस्कर

## सुगौली संधि मिथिला की ऐतिहासिकता के साथ अन्याय, समीक्षा समय की माँग

**मधुबनी(एनएसबी)।** मिथिला लोकतांत्रिक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज झा ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि सुगौली संधि मिथिला की ऐतिहासिकता के साथ ऐसा अन्याय है, जिसे इतिहास ने भूला दिया है। उन्होंने कहा है कि जब भी देश में बंटवारे की बात होती है तो जहन में 1947, पंजाब और बंगाल की त्रासदी आती है। बंटवारे का पहला जख्म मिथिला ने 1816 में ही झेल लिया था। सुगौली संधि सिर्फ नेपाल ब्रिटिश युद्ध का अंत नहीं थी। यह मिथिला की सांस्कृतिक और भौगोलिक एकता का विखंडन था। करीब 200 साल पहले हुए सिर्फ एक समझौते ने मिथिला को हमेशा के लिए बदल दिया। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा दिसंबर 1815 को सुगौली संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। जहाँ कई लोग इसे केवल भारत और नेपाल के बीच की एक राजनीतिक सीमा के रूप में देखते हैं, वहीं हमारे लिए यह एक अखंड सांस्कृतिक राष्ट्र मिथिला का विभाजन था। दो शताब्दियों से हमारे लोग इस 'ऐतिहासिक अन्याय' के परिणामों को झेल रहे हैं। हाल ही में, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने स्वीकार किया कि इन सीमा मुद्दों को तथ्यों के आधार पर सुलझाने की आवश्यकता है। यह भारत सरकार के लिए मिथिला क्षेत्र पर इस संधि के प्रभावों की समीक्षा करने का एक बड़ा अवसर है। हमने अन्य ऐतिहासिक विभाजनों के लिए आयोग बनते और पैकेज मिलते देखे हैं। तो फिर मिथिला के लिए आज तक ऐसा कोई कदम क्यों नहीं उठाया गया? उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री से मिथिला क्षेत्र के हितार्थ आवश्यक कदम उठाए जाने की माँग की है।

# बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व गिरती कानून व्यवस्था को ले राजद ने जताया विरोध

**लदनियां (एनएसबी)।** राजद प्रखंड इकाई लदनियां के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरने का आयोजन किया गया। यह धरना देश व राज्य में लगातार बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष झमेली राम ने की। धरने के समापन पर महामहिम राज्यपाल, बिहार के नाम एक मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से राजद कार्यकर्ताओं ने सरकार का ध्यान जनविरोधी नीतियों व स्थानीय समस्याओं की ओर आकर्षित किया। राजद की मुख्य मांगों में बेरोजगारी, आसमान छूती महंगाई, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लूट व अपहरण, कमजोर वर्गों की सुरक्षा, दलित, गरीब, महिलाओं, पचाधारियों को उनके अधिकार वाली भूमि पर तुरंत दखल दिलाने, गरीब या लाचार परिवार को उजाड़ने से पहले सरकार द्वारा उसे बसाने,हरा गमछा को आधार बनाकर समाजवादी धारा के प्रति नफरत फैलाने की कुत्सित व दुर्भावनापूर्ण कार्रवाइयों पर तुरंत रोक लगाने जैसी मांग शामिल हैं। धरने को संबोधित करते हुए प्रखंड राजद अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य झमेली महरा, जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि विष्णुदेव भंडारी, प्रदेश राजद सचिव सह पूर्व जिला परिषद सदस्य रामाशीष पासवान, पंचायती राज राजद झंझारपुर के जिला अध्यक्ष सह मुखिया नवीन कुमार ने कहा कि आज गरीब, मजदूर व मध्यम वर्ग महंगाई की मार से त्रस्त हैं। युवाओं के पास रोजगार नहीं है और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन जनहित की मांगों पर जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठा ई, तो राजद आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भोगेन्द्र यादव, प्रदेश सचिव रामआशीष पासवान, राजद के वरिष्ठ नेता सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि विष्णुदेव भंडारी, प्रखंड राजद महिला प्राकोष्ट के अध्यक्ष सरिता कुमारी यादव, गोपाल कृष्ण, प्रमोद कुमार यादव, रामचंद्र यादव, विनोद कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, प्रखंड राजद के पूर्व अध्यक्ष प्रणव कुमार पप्पू , समाजसेवी व भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के संयोजक परशुराम मंडल, प्रमोद साह, मो. हारून, मो. नूरेन , अमर बहादुर कामत,हजारी कामत, राम सेवक मंडल, जगदीश मंडल, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव, सरपंच बिरेंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में राजद पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।


धरना देते

# सरकारी अस्पताल की ड्यूटी छोड़ निजी अस्पताल में आईसीयू ड्यूटी के दौरान मरीज छोड़ कर गायब थे डॉ. पंकज, निलंबित

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने के मामले में जिला पदाधिकारी की अनुशंसा पर स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि 4 जून को प्रसाद हॉस्पिटल के आईसीयू में हूए भीषण अग्निकांड के समय डॉ पंकज कुमार आईसीयू में ड्यूटी पर थे तथा आगलगी के दरम्यान मरीज को छोड़कर फरार हो गए थे। साथ ही सरकारी सेवा में रहने के बावजूद वे निजी अस्पताल में सेवाएं दे रहे थे। वही बंदरा पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर रहते हूए वे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित थे।

प्रसाद हॉस्पिटल जैसे संवेदनशील मामले में उनकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण थी। इसके बावजूद उनके द्वारा ड्यूटी छोड़ने को गंभीर प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी लापरवाही माना गया है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं मरीजों के प्रति संवेदनहीनता को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9(1)(क) के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित किया जाएगा तथा उन्हें नियमानुसार केवल जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की विस्तृत विभागीय जांच भी कराई जाएगी।



निजी हॉस्पिटल में 7 मरीजों की मौत के लिए जिम्मेदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार।

इधर जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर निजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों के विरुद्ध लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। दी गई जानकारी के अनुसार अबतक 25 स्वास्थ्य संस्थानों को सरकारी प्रोटोकॉल के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया गया है। जाँच अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आपातकालीन परिस्थितियों में तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिले मे एईएस एवं आपदा के संभावित खतरे को देखते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी ड्यूटी के प्रति पूर्णतः सजग एवं उत्तरदायी रहें तथा आपदा या आपातकालीन स्थिति में निर्धारित प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।

# जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्यता की तिथि 8 जुलाई तक बढ़ी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए जीवन प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए लाभुकों को 8 जुलाई 2026 तक अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण कराना है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 22 दिसंबर 2025 से ही जारी है। अतः निर्धारित तिथि के बाद केवल उन्हीं लाभार्थियों को पेंशन राशि का भुगतान किया जाएगा, जिनका जीवन प्रमाणीकरण पूरा हो चुका होगा। जिलाधिकारी ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी प्रखंडों, नगर निकायों तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण आवश्यक है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पेंशन का लाभ वास्तविक एवं जीवित लाभार्थियों तक ही पहुंचे तथा योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी द्वारा जिला अंतर्गत सभी पंचायतो / वार्डो में 30 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक विशेष अभियान चलाकर शिविर का आयोजन किया गया है। पुनः इस कार्य को जारी रखते हुए लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए पंचायत स्तर पर पुनः कैंप मोड में कार्य को पूरा करने की प्लानिंग है। यह शिविर 8 जुलाई 2026 तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि जिला अंतर्गत 561802 लाभार्थियों मे से अब तक 421919 लाभार्थियों का सफलतापूर्वक जीवन प्रमाणीकरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी लंबित पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण 8 जुलाई 2026 तक हर हाल में पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत और वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाकर लाभार्थियों तक पहुंच बनाई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### रात भर अपराधियों ने मचाया आतंक, लूट के दौरान युवक को मारी गोली, घटना के 6 घंटे के भीतर पुलिस ने दो अपराधियों को धर दबोचा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सोमवार की रात तीन नकाबपोश अपराधियों ने मुरौल थाना क्षेत्र में जमकर तांडव मचाया, जिसके कारण पूरे इलाके में दहशत फैल गई। बताया गया है कि अपराधियों ने एक के बाद एक लूट की घटनाओ को अंजाम देने के बाद गोलीबारी शुरू कर दी और विरोध या सामने आने वालों को निशाना बनाने लगे। इसी दौरान मुरौल ओपी क्षेत्र के मोहम्मद्पुर निवासी राजीव रंजन अपराधियों के सामने पड़ गए, जिन पर अपराधियों ने गोली चला दी। गोली लगने से राजीव रंजन गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। वही घटना की जानकारी मिलते ही मुजफ्फरपुर पुलिस हरकत में आ गई। एसएसपी कांतिश कुमार मिश्रा के निर्देश पर कई थानों की पुलिस ने एसडीपीओ ईस्ट-2 मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान शुरू किया। पुलिस ने अपराधियों के संभावित भागने वाले रास्तों की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। जिसके परिणाम स्वरूप घटना के महज छह घंटे के भीतर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई केटीएम बाइक बरामद कर ली और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे केटीएम बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने सबसे पहले मुरौल थाना क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया तथा घटना के बाद इलाके में खौफ फैलाने के लिए फायरिंग भी की। इसके बाद बदमाश मुसहरी थाना क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने एक अन्य व्यक्ति को निशाना बनाकर लूटपाट की और वहां भी गोली चलाकर दहशत फैलाने की कोशिश की। दो-दो घटनाओ को अंजाम देने के बाद भी अपराधियों का मनोबल कम नहीं हुआ। इसी दौरान मुजफ्फरपुर-पूसा मुख्य मार्ग पर अपने घर लौट रहे राजीव रंजन उनकी नजर में आ गए। बताया गया है कि अपराधियों ने बिना किसी उकसावे के उन पर गोली चला दी, जो सीधे उन्हें जा लगी। गोली लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब उनसे पूछताछ कर पूरे गिरोह की परतें खोली जा रही हैं। वहीं फरार तीसरे अपराधी की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।


अस्पताल में इलाजरत अपराधियों की गोली से घायल युवक।

### पंचायत सरकार भवन में एक ही छत तले होंगे क्षेत्र की जनता के सभी काम : अजीत कुमार

**काँटी (एनएसबी)।** राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि पंचायत सरकार भवन में संबंधित क्षेत्र की जनता का सभी तरह के काम एक ही छत के नीचे संपन्न हो। लोगों को बेवजह प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराकर जनता को समर्पित कर रही है। उक्त बातें मंगलवार को कांटी क्षेत्र के मणि फुलकाहा पंचायत के रानी पोखर के समीप नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कहीं। पंचायत सरकार भवन जनता को समर्पित करते हूए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के कई पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हुआ है। उन सभी पंचायत भवनों में जनता का कार्य तेजी से हो। इसके लिए समारोह पूर्वक आज काम की शुरूआत कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित पंचायत की जनता का सभी सरकारी काम कर्मचारी पंचायत सरकार भवन में ही निष्पादन करेंगे। उन्होंने सख्त लहजों में कहा कि जो कर्मचारी पंचायत सरकार भवन में नहीं बैठेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई भी होगी। इससे पूर्व उन्होंने दामोदरपुर पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास भी किया। ज्ञात हो कि इन दोनों पंचायत भवन के निर्माण के लिए सरकार द्वारा 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मौके पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार शर्मा, रामकिशोर भगत, बिट्टू कुमार गुप्ता, मुखिया ज्ञान कौशिक होरिल, पूर्व सरपंच नीरज मिश्रा, राहुल कुमार, सुबोध कुमार, सुनील सिंह, पप्पू तिवारी, राधा मोहन सिंह, अरविंद सिंह, अमित कुमार सिंह, सुरेश राम, पवन मिश्रा, प्रभा कुमारी व बिट्टू गुप्ता समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।



मणि फूलकाहां में बने पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक।

**काँटी विधायक ने मणि फूलकाहां में बने पंचायत सरकार भवन में काम का किया शुभारंभ और दामोदरपुर में भवन का किया शिलान्यास**

### प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घ कार्यकाल पूर्ण होने पर गरीबनाथ धाम में विशेष पूजा-हवन आज

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर सबसे लंबे कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार, 10 जून को बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु तथा देश की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए विशेष पूजा एवं हवन किया जाएगा।

# रेप का आरोपी दारोगा नौकरी से बर्खास्त

## डीआईजी चंदन कुशवाहा ने की कार्रवाई, महिला से दुष्कर्म के आरोपी हैं सब-इंस्पेक्टर शांति प्रकाश कुजूर

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार पुलिस में भ्रष्टाचार और नैतिक अधमता के खिलाफ मुजफ्फरपुर रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने एक सख्त निर्णय लेते हुए सब-इंस्पेक्टर शांति प्रकाश कुजूर को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर के डीआईजी कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार, सब-इंस्पेक्टर शांति प्रकाश कुजूर को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

बर्खास्तगी का यह आदेश दिनांक 09 जून 2026 से प्रभावी माना जाएगा। शांति प्रकाश कुजूर वर्तमान में मुजफ्फरपुर जिला बल में तैनात थे, जबकि इससे पहले वे सीतामढ़ी जिले में कार्यरत थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुजफ्फरपुर रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि पुलिस विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीआईजी ने कड़े रुख में कहा, "भ्रष्टाचार और पुलिस परिवार का आचरण धूमिल करने वाला चाहे वह किसी भी लेवल का अधिकारी या कर्मचारी हो, उसके खिलाफ कठोरतम कानूनी और विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस विभाग एक अनुशासित संगठन है और इसकी गरिमा से समझौता नहीं किया जा सकता।"

जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला उस समय का है जब शांति प्रकाश कुजूर मुजफ्फरपुर जिला बल में रहते हुए महिन्दवारा थाना में पदस्थापित थे। उन पर एक महिला ने बेहद गंभीर आरोप लगाए थे। पीड़िता का कहना था कि उक्त अधिकारी ने शादी का झांसा देकर लगातार तीन वर्षों तक उसका यौन शोषण किया। महिला की शिकायत और


नौकरी से बर्खास्त आरोपी दारोगा

कानूनी कार्रवाई के अनुरोध के बाद, पुपरी थाना में कांड संख्या-399/21, दिनांक 03.12.2021 के तहत भारतीय दंड संहिता (भा०दं०वि०) की धारा 376 समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस अधिकारी को महिन्दवारा थाना से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। जांच के बाद पुलिस ने उनके विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट भी दाखिल कर दिया था। इस घिनौने कृत्य और भ्रष्ट आचरण को देखते हुए विभाग ने उन्हें 17 फरवरी 2022 को ही निलंबित कर दिया था और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी थी। इस पूरे मामले की गहन विभागीय जांच के संचालन के लिए सीतामढ़ी के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) नजीब अनवर को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच अधिकारी नजीब अनवर ने अपनी रिपोर्ट में आरोपी सब-इंस्पेक्टर शांति प्रकाश कुजूर को पीड़िता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों में पूरी तरह दोषी पाया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी ने भी जांच रिपोर्ट और आरोपों की पुष्टि करते हुए आरोपी को कड़ा दंड देने की अनुशंसा पुलिस उप-महानिरीक्षक तिरहुत क्षेत्र मुजफ्फरपुर से की थी। वही डीआईजी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शांति प्रकाश कुजूर पर नैतिक अधमता के अत्यंत गंभीर आरोप साबित हुए हैं। ऐसे अधिकारी का व्यक्तिगत चरित्र और आचरण पुलिस जैसे अनुशासित विभाग के अनुकूल बिल्कुल नहीं है।

इस प्रकार के निकृष्ट और भ्रष्ट आचरण में संलिप्त पुलिसकर्मियों के विभाग में बने रहने से न केवल आम जनता के बीच पुलिस की छवि खराब होती है, बल्कि संगठन के अन्य ईमानदार कर्मियों के मनोबल पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे अधिकारियों का पुलिस बल में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसी के मद्देनजर, जांच प्राधिकार के मंतव्य से पूर्णतः सहमत होते हुए डीआईजी चंदन कुशवाहा ने आरोपी अधिकारी को नौकरी से बर्खास्त करने का अंतिम आदेश जारी कर दिया है।

# ग्राहक बनकर आए अपराधियों ने की कृषि व्यवसायी राजू चौधरी की गोली मार हत्या

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बोचहां थाना क्षेत्र में मंगलवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए प्रसिद्ध कृषि व्यवसायी सह प्रगतिशील किसान हरेराम चौधरी उर्फ राजू चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार तीन बेखौफ अपराधी ग्राहक बनकर राजू चौधरी की दुकान पर पहुंचे। कुछ देर तक सामान्य ग्राहक की तरह व्यवहार करने के बाद अपराधियों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से राजू चौधरी गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि फायरिंग को लेकर मची अफरा तफरी के बीच हीं अपराधी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। ज्ञात हो कि मृतक हरेराम चौधरी उर्फ राजू चौधरी क्षेत्र के जाने-माने कृषि व्यवसायी और प्रगतिशील किसान थे। कृषि क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका था। उनकी हत्या की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।


मृतक कृषि व्यवसायी सह क्षेत्र के प्रगतिशील किसान राजू चौधरी की फाइल फोटो।

पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल की जा रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस सनसनीखेज हत्या के बाद बोचहां और आसपास के क्षेत्रों में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

# पारु में शराब तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों का हमला

**एक महिला पुलिसकर्मी सहित 8 पुलिसकर्मी चोटिल, पुलिस वाहन को भी किया क्षतिग्रस्त**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पारू थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर सोमवार की देर रात स्थानीय लोगो ने हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दामोदरपुर गांव में छापेमारी के दौरान असामाजिक तत्वों और ग्रामीणों ने पुलिस को घेरकर जमकर ईंट-पत्थर बरसाए। इस हमले में एक महिला सिपाही समेत आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पुलिस वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।


हमले में क्षतिग्रस्त पुलिस वाहन।

दरअसल, पारू थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दामोदरपुर गांव में एक शराब कारोबारी शराब की बड़ी खेप के साथ गांव में पहुंचा है। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम सोमवार देर रात लगभग 2 बजे गांव में छापेमारी करने पहुंची। बताया जाता है कि पुलिस ने जैसे ही चिन्हित शराब धंधेबाज को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की, इसी दौरान शराब कारोबारी के समर्थन में कुछ लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वही देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण और असामाजिक तत्व मौके पर जुट गए और पुलिस टीम को चारों तरफ से घेर कर पुलिस टीम पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस दौरान उपद्रवियों ने पुलिस वाहन को भी निशाना बनाया और गाड़ी के पिछले हिस्से को ईंट पत्थरों से प्रहार कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर पारू थाना पुलिस के साथ साथ अन्य थाने की पुलिस और जिला बल के अतिरिक्त बल ने दामोदरपुर गांव में कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस के अनुसार हमले में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और कई संदिग्धों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। ग्रामीण एसपी ने इस मामले में बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। हमले में शामिल लोगों के खिलाफ नामजद और अज्ञात आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ हीं हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस मामले में दो महिला समेत 5 लोगो को गिरफ्तार किया गया है तथा अन्य आरोपियों कि गिरफ्तारी के लिए छापमारी की जा रही है।

# एसकेजे लॉ कॉलेज में मनाई गई पूर्व केंद्रीय मंत्री एलपी शाही की 8वीं पुण्यतिथि, लोगों ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर के गन्नीपुर स्थित एसकेजे लॉ कॉलेज में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री, एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी, प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं कॉलेज के संस्थापक सचिव तथा पूर्व अध्यक्ष स्व एल पी. शाही की 8 वी पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात स्व श्री शाही कि स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के बहाने एल पी शाही को याद करते हुए कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार ने कहा कि स्व. एल पी शाही अपने विद्यार्थी जीवन काल से ही देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने और समाज के विकास के लिए समर्पण भाव से कार्य करने लगे थे। अपने जीवन के इस दिनचर्चा को वे अपनी अंतिम समय तक निभाते रहे। प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वे एक प्रमुख शिक्षाविद थे। उन्होने विद्यार्थियों की आवश्कताओ और समस्याओ के निदान के लिए अनेको शिक्षण-संस्थानो की स्थापना की। वरीय कांग्रेसी नेता अरविन्द कुमार सिंह ने अपने संबोधन में उनके साथ बिताये हुए संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि वे अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे। 1944 में जब उन्होंने अधिवक्ता के रूप में कार्य आरम्भ किया तो उस समय के विद्वान हस्तियों के साथ मिलकर वे देश व राज्य के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए अतुलनीय कार्य किए, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। प्रो बी एम आजाद ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन हमेशा अनुकरणीय रहा एवं आज के पीढ़ी को उनके विचार एवं जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एस पी चौधरी ने कहा कि उनका जीवन सरल एवं सादगी भरा था। उनमे शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु एक समग्र दूरदर्शिता थी, जिसे उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यकाल में सतह पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार ने कहा कि देश एवं राज्य की विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे एक महान राजनेता एवं सच्चे अर्थो में ज्ञान के सागर थे।


पुण्यतिथि पर स्व एलपी शाही को श्रद्धांजलि देते लॉ कॉलेज परिवार के सदस्यगण।

मौके पर डॉ पंकज कुमार, प्रो आर ए सहाय, उज्जवल कुमार, डॉ अर्चना अनुपम सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रए उपस्थित रहे। उधर, कुढ़नी शाही नगर स्थित एल. पी. शाही कॉलेज में भी स्व. एल पी शाही कि 8 वी पुण्य तिथि पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी ने स्व एल. पी. शाही के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मौके पर डॉ सुनील कुमार, डॉ आकाश कुमार, नीरज कुमार, आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे।

# विकास योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जवाबदेही के साथ करें कार्य : श्रेयसी सिंह

**बिहार सरकार की उद्योग व खेल मंत्री सह सीतामढ़ी की प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह ने की विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक**

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री सह सीतामढ़ी की प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह ने समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

बैठक में नल-जल योजना, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शहरी स्वच्छता, जलनिकासी, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं तथा संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं जल संकट की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने लंबित नल-जल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, बंद योजनाओं को चालू कराने, खराब चापाकलों की मरम्मत, सड़कों की स्थिति सुधारने तथा नगर क्षेत्रों में जलजमाव व सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।


संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समीक्षात्मक बैठक का शुभारम्भ करतीं प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह, सांसद, विधायक व अन्य।



विभागों की समीक्षात्मक बैठक को सम्बोधित करतीं प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह, मंचासीन सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि।

विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाने एवं समस्याओं के समाधान में उदासीनता पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। वहीं निजी नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच कर अनियमित संस्थानों पर कार्रवाई करने को कहा।

बैठक के प्रारंभ में प्रभारी जिलाधिकारी संजीव कुमार ने मंत्री श्रेयसी सिंह, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर एवं सांसद श्रीमती लवली आनंद का स्वागत किया।

बैठक में विधान पार्षद वंशीधर बृजवासी, विधायक पंकज मिश्रा (रुन्नीसैदपुर), श्रीमती गायत्री देवी (परिहार), अनिल कुमार (बथनाहा), प्रो. नागेन्द्र राउत (सुरसंड), रामेश्वर महतो (बाजपट्टी), बैद्यनाथ प्रसाद (रीगा), अमित कुमार (बेलसंड), मेयर श्रीमती रौनक जहां परवेज, जिला परिषद अध्यक्ष अदिति कुमारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता एवं सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों ने भी भाग लिया। मंत्री ने सभी अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, रामकथा के तीसरे दिन उमड़ी भीड़

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** चित्रगुप्त एसोसिएशन मुजफ्फरपुर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सत्य कालिंदी मैटरनिटी एंड चाइल्ड हॉस्पिटल एवं चित्रगुप्त एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में कथावाचक पंडित रविशंकर ठाकुर जी महाराज ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि माता सती द्वारा भगवान राम पर संशय करने के कारण उन्हें भगवान शिव से दूर होने का दंड मिला। कामदेव द्वारा शिव की समाधि भंग करने पर उनके दहन, सती के आत्मदाह तथा पुनर्जन्म लेकर माता पार्वती बनने की कथा का मार्मिक वर्णन किया गया। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के संगीतमय प्रस्तुतीकरण से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर सत्य कालिंदी मैटरनिटी एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजीव कुमार, चित्रगुप्त एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा, महामंत्री प्रो. अजय श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सत्येंद्र कुमार पिंकू, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, अमित प्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अनामिका, उदय नारायण सिन्हा, राजेश सिन्हा, मनीष कुमार, कोमल प्रकाश श्रीवास्तव, नीलम किशोर, अमृता प्रकाश, अंजलि कुमारी, सुनील श्रीवास्तव, मुकेश सोना, राजा तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।


कार्यक्रम में कथावाचक व आयोजन से जुड़े श्रद्धालु।

### माता की रसोई में 80 जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्धपीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में माता की रसोई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 80 जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन जून माह के द्वितीय मंगलवार के अवसर पर निर्धारित रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संध्या 7:30 बजे मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद माता रानी को पुरी, खीर एवं आलू परवल की सब्जी का भोग लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर अतिथि गृह में रिक्शा, ठेला चालकों एवं जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। इस सेवा कार्य में तीर्थ यात्रा से लौटे सुमित कुमार, शिशिर कुमार, विशाल प्रकाश, मनीष कुमार, राजेश कुमार एवं सुधीर कुमार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिंहा, महासचिव राजीव कुमार राजा, सचिव अमित कुमार रवि, सदस्य सुजय कुमार पप्पू तथा समाजसेवी रोहित कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

### बैरिया से लेकर दामोदरपुर और चांदनी चौक तक व्यापक रूप में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, लाखों रुपये जुर्माना वसूली

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के निर्देश पर शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को व्यापक रूप में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान बैरिया गोलंबर से चांदनी चौक होते हुए दामोदरपुर तक तथा दामोदरपुर के दूसरे हिस्से से पुनः चांदनी चौक तक संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस अभियान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा जमाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की और नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुमार्ना भी वसूला। अभियान के दौरान परिवहन विभाग ने 77 वाहनों से कुल 3 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला, जबकि यातायात पुलिस ने 23 वाहनों से 33,500 रुपये की जुमार्ना राशि वसूल की। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने राष्ट्रीय एवं राज्य उच्च पथों के दोनों किनारों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े भारी वाहनों तथा अनधिकृत बस पड़ावों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों को हटाया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने संबंधित लोगों को भविष्य में सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि शहर को जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों, दुकानदारों और वाहन चालकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सड़कें सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका उपयोग सभी की सुविधा के लिए होना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा आगे भी नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण, अनधिकृत पार्किंग और यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर में वाहनों का सुगम, सुरक्षित एवं सुचारु परिचालन सुनिश्चित किया जा सके।


पुलिस टीम के साथ नगर के बैरिया व दामोदरपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाने में लगे अधिकारी।

**दर्दनाक हादसा : रीगा थाना क्षेत्र में कच्चे मकान पर पीपल का पेड़ गिरने से मलबे में दब गए कई लोग**

# एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** जिले रीगा थाना क्षेत्र के रेवासी धनुषी टोला (वार्ड संख्या-01) में सोमवार की देर रात एक भीषण हादसा हो गया। भारी भरकम पीपल का पेड़ एक कच्चे मकान पर गिर गया, जिससे मकान ताश के पत्तों की तरह ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मलबे में दबकर मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

यह हृदयविदारक घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। रोज की तरह स्थानीय निवासी सिकंदर सहनी का परिवार अपने कच्चे मकान में सो रहा था। इसी दौरान घर के समीप स्थित एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक जड़ से उखड़कर सीधे मकान के ऊपर आ गिरा। पेड़ का वजन और गति इतनी तेज थी कि कच्चे मकान को संभलने का मौका नहीं मिला और वह पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। घर के अंदर गहरी नींद में सो रहे परिवार के सभी सदस्य भारी मलबे और पेड़ की टहनियों के बीच दब गए।

इस हादसे में सिकंदर सहनी का पूरा परिवार उजड़ गया। घटना स्थल पर ही सिकंदर सहनी की 28 वर्षीय पत्नी पूजा देवी, उनका 7 साल का बेटा राजकुमार, 5 साल की बेटी शिवानी और महज एक महीने के नवजात बेटे लाइगर कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, परिवार का दो साल का मासूम बेटा वीरभद्र कुमार इस मलबे में गंभीर रूप से घायल हो गया था।

**अस्पताल में तोड़ा दम :** स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन की मदद से घायल वीरभद्र को तुरंत मलबे से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि इलाज के दौरान इस मासूम ने भी दम तोड़ दिया। इस तरह इस भयावह हादसे ने एक ही झटके में पांच जिंदगियां लील लीं।


घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस व मौजूद स्थानीय ग्रामीण।

### ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा, रात ही पहुंचे आला अधिकारी

पेड़ गिरने की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ से तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने अपने स्तर पर मलबे को हटाकर दबे हुए लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सदर एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह, रीगा थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी और बीडीओ संजय पाठक दलबल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य को गति दी।

### प्रशासन ने दिया सरकारी सहायता का भरोसा

इस दर्दनाक हादसे पर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। आपदा प्रबंधन विभाग के नियमों के तहत पीड़ित परिवार को तत्काल राहत पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीडीओ और अन्य अधिकारियों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन उनके साथ खड़ा है। नियमसंगत जो भी उचित सरकारी सहायता और मुआवजा राशि होगी, वह जल्द से जल्द प्रभावित परिवार को उपलब्ध करा दी जाएगी ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

## सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले में 8,300 गर्भवतियों की जांच

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के निदेर्शानुसार सीतामढ़ी के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।

अभियान के तहत दूसरी एवं तीसरी तिमाही की गर्भवती महिलाओं की रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, यूरिन एल्ब्यूमिन, रक्त समूह एवं मधुमेह सहित विभिन्न आवश्यक जांच की गई। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाएं, पोषण संबंधी परामर्श एवं सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। उच्च जोखिम गर्भधारण (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की पहचान कर उनके विशेष प्रबंधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।


कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उदघाटन करते विभागीय अधिकारी व अन्य।

कार्यक्रम की शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरा में सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अक्षय कुमार, डीपीएम असित रंजन, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला योजना समन्वयक दिनेश कुमार एवं बीएचएम अनुपमा सिंह द्वारा की गई। सदर अस्पताल में डॉ. मनोज कुमार, अस्पताल प्रबंधक विजय कुमार तथा पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलेभर में आयोजित इस विशेष अभियान के दौरान 8,300 से अधिक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें लगभग 810 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई, जिनकी नियमित निगरानी एवं चिकित्सीय प्रबंधन किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं से नियमित जांच कराने और स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

**लगभग 810 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की हुई पहचान एवं प्रबंधन**

## बकरी चराने के विवाद को लेकर 14 वर्षीय किशोरी की गला काट हत्या, आरोपी फरार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के परिहार थाना क्षेत्र के मानेपुर मुशनिया गांव के खोपरहिया टोला में सोमवार रात एक 14 वर्षीय किशोरी की धारदार हथियार से गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान स्वर्गीय सुखनन्दन राय की बेटी निक्की कुमारी के रूप में हुई है। इस वीभत्स घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार शाम करीब सात बजे निक्की स्थानीय बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए धारदार हथियार से उसकी गर्दन काट दी, जिससे मौके पर ही अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की भनक लगते ही परिजन और ग्रामीण बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक निक्की के प्राण पखेरू उड़ चुके थे।

पारिवारिक पृष्ठभूमिः निक्की के पिता का चार वर्ष पूर्व ही निधन हो चुका था। वह अपने परिवार में सबसे बड़ी संतान थी और उसकी माँ उषा देवी तथा दो छोटे भाइयों की जिम्मेदारी व उम्मीदें उसी से जुड़ी थीं। इस हादसे ने पूरे हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ कर रख दिया है। परिजनों के अनुसार, इस हत्या के पीछे महज दस दिन पहले हुआ एक मामूली विवाद माना जा रहा है। दरअसल, करीब दस दिन पूर्व पड़ोसी के खेत में बकरी चराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और विवाद हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि इसी रंजिश और बदले की भावना से ओत-प्रोत होकर अपराधियों ने निक्की की सुनियोजित तरीके से हत्या की और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को खेत में फेंक कर फरार हो गए।

परिहार थानाध्यक्ष पंकज यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिली है और शव को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

## परिहार की विधायक का व्हाट्सएप हैक कर ठगी का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** परिहार विधानसभा क्षेत्र की विधायक गायत्री देवी के व्हाट्सएप अकाउंट को हैक कर लोगों से पैसे मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 2 जून 2026 को विधायक के मोबाइल पर एक कॉल आने के बाद उनके मोबाइल और व्हाट्सएप अकाउंट का अनधिकृत रूप से एक्सेस कर लिया गया था। इसके बाद अकाउंट से जुड़े संपर्कों को संदेश भेजकर लेन-देन के लिए राशि की मांग की गई।

मामले में प्राप्त आवेदन के आधार पर साइबर थाना सीतामढ़ी में कांड संख्या 46/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र निवासी टुनटुन कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मेहसौल आरओबी की सर्विस रोड में गलत नाला निर्माण के विरोध में स्थानीय निवासियों ने बैठक कर जताया आक्रोश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर के मेहसौल रेलवे ओवरब्रिज की बगल वाली सर्विस सड़क में गलत नाला निर्माण के विरोध में स्थानीय निवासियों ने बैठक की। आरओबी के दक्षिण पश्चिम सड़क पर नाले के गलत निर्माण को लेकर स्थानीय निवासी काफी आक्रोशित हैं। मालूम हो कि आरओबी के दक्षिण में सड़क और नाला का निर्माण हो रहा है।

गलत नाला निर्माण से सड़क काफी संकीर्ण हो जाएगी, जिससे लोगों का आना जाना दूभर हो जाएगा और जाम की समस्या बढ़ जाएगी। इसके विरोध में डॉ मणि भूषण सिंह के आवास पर स्थानीय निवासियों की बड़ी बैठक हुई। स्थानीय निवासी डॉ महावीर ठाकुर ने बताया कि आरओबी के दक्षिण पश्चिम की ओर बनाए जाने वाले नाले का निर्माण गलत, बेतरतीब और किसी फायदे के लिए किया जा रहा है। नाले को थोड़ी-थोड़ी दूर पर आगे बढ़ते हुए नाले के निर्माण को सड़क की ओर धकेला जा रहा है।


गलत नाला निर्माण के विरोध में बैठक करते स्थानीय निवासी व अन्य।

डॉ मणि भूषण सिंह ने कहा कि आज की बैठक के पूर्व 14 मई को भी शान्ति पूर्व धरना प्रदर्शन किया गया था और हमने सभी जन प्रतिनिधियों से मुलाकात भी की थी। यह रोड एक प्रमुख रोड है, इस रोड पर रेल यात्रियों, सीतामढ़ी के पूरब स्थित कई ब्लॉक से आने वाले लोगों, नेपाल से आने वाले यात्रियों और सैकड़ों बस ट्रक का आवागमन होता है। सम्बंधित विभाग अतिक्रमण हटाए और अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद निर्माण कार्य करें। स्थानीय निवासी अनिल कुमार सिंह चुम्मन का कहना है कि गलत नाला निर्माण की कवायद से रोड की चौड़ाई कम होगी और पानी के निकासी की समस्या बढ़ेगी। पानी के निकासी की समस्या से पहले से ही सीतामढ़ी की जनता त्रस्त है। आवागमन में हमेशा तकलीफ का सामना करना पड़ेगा। सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मन्दिर भी बन रहा है, आने वाले समय में पर्यटक यात्रियों की संख्या इस सड़क पर बढ़ेगी। बैठक में आश नारायण सिंह, रजनीश कुमार, सन्तोष कुमार, अरूण कुमार, प्रकाश चौधरी, भगत नारायण सिंह, वीरेन्द्र कुमार झा, नवीन कुमार, मिथिलेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, केशव प्रसाद, संजीत कुमार, अनिल कुमार, गोपाल कुमार, संजीव कुमार, अनीता कुमारी, मिथिलेंद्र कुमार सिंह, उमेश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

### कंक्रीट के जंगल और हमारी सुरक्षा का भ्रम

आदिमानव ने जब गुफाओं और प्राकृतिक जंगलों के असुरक्षित माहौल से निकलकर बस्तियां बसानी शुरू कीं, तो उसके पीछे सबसे बड़ा और एकमात्र उद्देश्य अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना था। जंगली जानवरों के हमलों, विपरीत मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से खुद को बचाने के लिए इंसान ने ईंट, पत्थर और लोहे के मजबूत घर बनाए। सदियों की इस निरंतर विकास यात्रा के बाद, आज हमने ऊंचे-ऊंचे आधुनिक भवनों, गगनचुंबी इमारतों और कंक्रीट के विशाल जंगलों का निर्माण कर लिया है। हमने यह मान लिया था कि प्रकृति के प्रकोप से बचने के लिए बनाई गई ये दीवारें हमारी सबसे सुरक्षित पनाहगाह हैं। लेकिन विकास के इस चरम बिंदु पर पहुंचकर विडंबना देखिए कि जिन शहरों को हमने अपनी रक्षा के लिए गढ़ा था, वही आज हमारी जान के सबसे बड़े दुश्मन बन बैठे हैं। आज प्राकृतिक जंगलों के शेर या चीते से कहीं ज्यादा खतरा हमें अपने ही बनाए इन कंक्रीट के जंगलों के बेसमेंट और कांच की दीवारों से है।

आज हमारे पास भवन निर्माण के लिए दुनिया की सबसे बेहतरीन तकनीक, शानदार वास्तुकार और अग्नि सुरक्षा से लेकर आपदा प्रबंधन तक के तमाम सख्त नियम-कानून मौजूद हैं। राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता (नेशनल बिल्डिंग कोड) से लेकर स्थानीय नगर निगमों के उपनियमों तक, कागजों पर सुरक्षा का एक ऐसा अभेद्य किला तैयार किया गया है, जिसे पार कर पाना किसी भी हादसे के लिए नामुमकिन लगता है। हर व्यावसायिक इमारत के लिए नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) और समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बावजूद, कभी किसी आलीशान होटल में भीषण आग लग जाती है, तो कभी किसी इमारत के बेसमेंट में बारिश का गंदा पानी भर जाने से होनहार छात्रों की तड़प-तड़प कर मौत हो जाती है। ये घटनाएं इस बात का चीख-चीखकर प्रमाण दे रही हैं कि कंक्रीट के इन जंगलों में सुरक्षा महज एक कागजी भ्रम बनकर रह गई है, जहां मुनाफे की अंधी हवस ने इंसानी जान की कीमत को बहुत पीछे छोड़ दिया है।

हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लारिश स्टे होटल में हुए अग्निकांड ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया। इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिनमें से अधिकांश विदेशी नागरिक थे जो इलाज या पर्यटन के लिए भारत आए थे। जांच में जो तथ्य सामने आए, वे किसी भी सभ्य और कानून-पसंद समाज के लिए बेहद शर्मनाक हैं। दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत इस इमारत को केवल छह कमरे चलाने का लाइसेंस मिला हुआ था, लेकिन अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के लालच में यहां अवैध रूप से 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे। हैरान करने वाली बात यह है कि इस इमारत के पास अग्नि सुरक्षा विभाग की अनिवार्य एनओसी तक नहीं थी। बाहर से आधुनिक और आकर्षक दिखने के लिए पूरी इमारत के अग्रभाग (फ्रंट) को मोटे कांच के पैनलों से ढक दिया गया था। आग लगने के वक्त इसी कांच ने एक गैस चैंबर का काम किया। इमारत से धुआं बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था और एक ही प्रवेश-निकास द्वार होने के कारण लोग अंदर ही घुटकर मर गए। यह हादसा कोई अचानक हुई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि यह प्रशासन की नाक के नीचे चल रही नियम-कानूनों की सरेआम हत्या का परिणाम था। यह इस बात का सबूत है कि कैसे चंद रुपयों के लालच में नियमों को ताक पर रखकर मौत का ढांचा खड़ा कर दिया जाता है।

इसी तरह की भयावह और जानलेवा स्थिति बिहार की राजधानी पटना में भी देखने को मिली है, जहां हाल के वर्षों में कई होटलों में आग लगने की भीषण घटनाएं हुई हैं। अप्रैल 2024 में पटना जंक्शन के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित पाल होटल में दिन-दहाड़े आग लगने से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। इसके बाद भी शहर के कई अन्य होटलों और बैंक्वेट हाल में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। इन त्रासदियों के बाद जब सरकारी स्तर पर एक व्यापक फायर अडिट कराया गया, तो उसके नतीजे बेहद डरावने और आंखें खोलने वाले थे। जांच में पाया गया कि पटना के लगभग 90 प्रतिशत होटलों का ढांचा अग्नि सुरक्षा मानकों पर पूरी तरह फेल है। 241 होटलों में से केवल 80 के पास ही फायर एनओसी पाई गई। संकरी गलियों में बिना किसी योजना के बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी गई हैं, जहां रसोई गैस सिलेंडरों का बेहद असुरक्षित तरीके से उपयोग होता है।

# ग्रेट निकोबार में वनों की कटाई प्रकृति से खिलवाड़ जैसा



राकेश कुमार

भारत के सुदूर दक्षिण-पूर्वी छोर पर स्थित ग्रेट निकोबार द्वीप अपनी अछूती प्राकृतिक सुंदरता, घने उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों और अद्वितीय जैव विविधता के लिए विश्व भर में विख्यात है। यह द्वीप न केवल यूनेस्को द्वारा घोषित बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है, बल्कि यह कई ऐसी दुर्लभ वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का घर है जो दुनिया में और कहीं नहीं पाए जाते। लेकिन आज यह स्वर्ग जैसी जगह एक अभूतपूर्व संकट के मुहाने पर खड़ी है।

नीति आयोग द्वारा परिकल्पित 72,000 करोड़ रुपये की ग्रेट निकोबार विकास परियोजना के तहत इस द्वीप पर एक अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक बिजली संयंत्र और एक टाउनशिप के निर्माण की योजना है। इस महात्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए द्वीप के लगभग 130 वर्ग किलोमीटर के प्राचीन वर्षावनों को साफ किया जाएगा, जिसका सीधा अर्थ है लगभग 8.5 लाख से लेकर 9.6 लाख पेड़ों की कटाई। इतनी विशाल संख्या में पेड़ों के कटने का भारत की पारिस्थितिकी और जलवायु पर पड़ने वाला प्रभाव अत्यंत व्यापक, विनाशकारी और अपरिवर्तनीय होगा।

ग्रेट निकोबार के जंगलों की कटाई का सबसे पहला और सबसे गहरा आघात वहां की स्थानिक जैव विविधता (एंडेमिक बायोडायवर्सिटी) पर पड़ेगा। यह द्वीप निकोबार मेगापोड (एक दुर्लभ पक्षी जो मिट्टी और पत्तियों के टीले बनाकर अंडे सेता है), खारे पानी के मगरमच्छ, निकोबार मकाक (बंदर की एक प्रजाति) और जायंट लेदरबैक समुद्री कछुओं जैसी दुर्लभ प्रजातियों का प्रातिक आवास है।

इस परियोजना के लिए जिस गलाथिया बे इलाके को चुना गया है, वह दुनिया भर में लेदरबैक कछुओं के सबसे प्रमुख घोंसले बनाने वाले स्थानों में से एक है। जब लाखों पेड़ कटेंगे, तो इन जीवों का प्राकृतिक आवास हमेशा के लिए नष्ट हो जाएगा। द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र (आइलैंड इकोसिस्टम) मुख्य भूमि के जंगलों से बहुत अलग और संवेदनशील होते हैं। यहां प्रजातियां सीमित क्षेत्र में एक विशिष्ट संतुलन के साथ रहती हैं। आवास के छिन जाने से इन दुर्लभ प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा पैदा हो जाएगा, जो वैश्विक जैव विविधता के लिए एक अपूरणीय क्षति होगी।

पारिस्थितिकी के साथ-साथ इसका सीधा असर समुद्री जीवन पर भी पड़ेगा। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधकर रखती हैं। जब लाखों पेड़ एक साथ काटे जाएंगे, तो द्वीप पर भारी बारिश के कारण व्यापक स्तर पर मिट्टी का कटाव (सइल इरोजन) होगा। यह गाद और मिट्टी बहकर सीधे समुद्र में जाएगी, जो तट के किनारे मौजूद नाजुक प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ्स) को ढक लेगी। मूंगे या कोरल को जीवित रहने के लिए साफ पानी और धूप की आवश्यकता होती है। गाद से दबकर ये प्रवाल भित्तियां दम तोड़ देंगी, जिससे उन पर निर्भर हजारों समुद्री जीवों की खाद्य श्रृंखला पूरी तरह से टूट जाएगी। यह एक ऐसा डोमिनो प्रभाव (श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया) पैदा करेगा, जो जमीन से शुरू होकर समुद्र की गहराइयों तक तबाही मचाएगा।

जलवायु परिवर्तन के दृष्टिकोण से देखें, तो ग्रेट निकोबार के जंगल एक विशाल कार्बन सिंक के रूप में काम करते हैं। ये सदियों पुराने उष्णकटिबंधीय वन हैं जिन्होंने अपने भीतर लाखों टन कार्बन जमा कर रखा है। जब इन वनों को काटा जाएगा और निर्माण कार्य शुरू होगा, तो न केवल भविष्य में कार्बन सोखने की क्षमता खत्म हो जाएगी, बल्कि पेड़ों के कटने और मिट्टी की खुदाई से भारी मात्रा में संचित कार्बन डाइअक्साइड वापस वायुमंडल में उत्सर्जित होगी।

एक तरफ भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों, जैसे पेरिस समझौते के तहत, अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और वन क्षेत्र को बढ़ाने की कसमें खाता है, वहीं दूसरी तरफ अपने ही सबसे बेहतरीन प्राकृतिक कार्बन सिंक को कंक्रीट के जंगल में बदलने की तैयारी कर रहा है। यह विरोधाभास भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

इसके अलावा, इन वनों की कटाई से स्थानीय माइक्रोक्लाइमेट (सूक्ष्म जलवायु) में भारी बदलाव आएगा। जंगल बारिश को आकर्षित करते हैं और तापमान को नियंत्रित रखते हैं। पेड़ों की अनुपस्थिति में द्वीप का तापमान बढ़ेगा और

> **ग्रेट निकोबार में वनों की कटाई भारत के पर्यावरण और जलवायु के लिए एक ऐसी त्रासदी साबित हो सकती है, जिसकी कोई भरपाई संभव नहीं है। विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के तर्कों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता, लेकिन सवाल यह है कि इसकी कीमत क्या है यदि सुरक्षा और व्यापार के लिए बंदरगाह या सैन्य ठिकाना बनाना इतना ही आवश्यक है, तो इसे कम पारिस्थितिक संवेदनशीलता वाले स्थानों पर क्यों नहीं विकसित किया जा सकता।**

बारिश के चक्र में अनिश्चितता आएगी। सबसे बड़ा खतरा प्राकृतिक आपदाओं को लेकर है। साल 2004 में आई विनाशकारी सुनामी ने ग्रेट निकोबार में भारी तबाही मचाई थी, लेकिन तटीय जंगलों और मैंग्रोव ने द्वीप के अंदरूनी हिस्सों को काफी हद तक बचा लिया था। ये जंगल समुद्र की लहरों और तूफानों के खिलाफ एक प्राकृतिक ढाल का काम करते हैं। जब ये सुरक्षात्मक दीवारें हटा दी जाएंगी, तो भविष्य में आने वाले चक्रवातों, तूफानों और सुनामी का सीधा कहर प्रस्तावित बुनियादी ढांचे और वहां बसने वाली आबादी पर गिरेगा। समुद्र के बढ़ते जलस्तर के दौर में, एक द्वीप पर इतना भारी कंक्रीट का निर्माण उसे और भी अधिक संवेदनशील और असुरक्षित बना देगा।

इस पर्यावरणीय तबाही के अलावा एक मानवीय पहलू भी है, जो सीधे तौर पर पारिस्थितिकी से जुड़ा है। यह वन शोम्पेन नामक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) और निकोबारी जनजातियों का घर है। शोम्पेन जनजाति सदियों से बाहरी दुनिया से कटे हुए इन जंगलों में प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य बिठाकर रह रही है। वे अपनी हर जरूरत के लिए जंगल पर निर्भर हैं। वन कटाई और बाहरी लोगों की भारी आमद (लगभग 3 लाख से अधिक लोगों को वहां बसाने की योजना है) से उनके सांस्कृतिक और भौतिक अस्तित्व पर सीधा खतरा उत्पन्न हो जाएगा। बाहर से आने वाली बीमारियां और उनके प्राकृतिक संसाधनों का विनाश इस प्राचीन जनजाति को विलुप्ति के कगार पर धकेल सकता है।

अब सवाल यह उठता है कि इन तमाम खतरों के बावजूद सरकार इस कदम को जायज क्यों ठहरा रही है सरकार का मुख्य तर्क भू-रणनीतिक (जियो-स्ट्रैटेजिक) और आर्थिक है। ग्रेट निकोबार द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य (मलक्का स्ट्रेट) के बेहद करीब स्थित है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गो में से एक है। इस मार्ग से दुनिया का एक बड़ा हिस्सा व्यापार करता है, जिसमें चीन भी शामिल है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और स्ट्रिंग आफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करने के लिए भारत को इस क्षेत्र में अपनी सैन्य और नौसैनिक उपस्थिति मजबूत करना आवश्यक लगता है।

सरकार का मानना है कि यहां एक अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट पोर्ट बनने से न केवल व्यापारिक जहाजों को ईंधन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि यह भारत के लिए एक बड़ा आर्थिक केंद्र बन जाएगा। इससे अरबों डालर का राजस्व और लाखों रोजगार के अवसर पैदा होने का दावा किया जा रहा है। सरकार के नजरिए से, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक महाशक्ति बनने की दौड़ में यह परियोजना कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है।

लेकिन क्या राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास के नाम पर उठाया गया यह कदम वाकई जायज है, या यह एक खतरनाक भूल साबित होगी पर्यावरणीय विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के अनुसार, यह परियोजना अत्यंत खतरनाक है। सरकार ने पेड़ों की कटाई की भरपाई के लिए प्रतिपूरक वनीकरण (कम्पेंसेटरी एफरेस्टेशन) का तर्क दिया है, जिसके तहत हरियाणा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में पेड़ लगाए जाएंगे। यह तर्क न केवल हास्यास्पद है बल्कि पारिस्थितिकी विज्ञान की बुनियादी समझ के भी खिलाफ है। भूमध्य रेखा के करीब स्थित एक जटिल, हजारों साल पुराने उष्णकटिबंधीय वर्षावन के पारिस्थितिकी तंत्र की भरपाई हजारों किलोमीटर दूर किसी शुष्क इलाके में यूकेलिप्टस या सागौन के पौधे लगाकर कभी नहीं की जा सकती। एक जंगल सिर्फ पेड़ों का समूह नहीं होता, बल्कि वह मिट्टी, फफूंद, कीड़े, पक्षियों, जानवरों और जलवायु का एक जटिल और जीवंत जाल होता है।

सरकार का यह कदम इसलिए भी खतरनाक माना जा रहा है क्योंकि इसके पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) की प्रक्रिया में कई खामियां बताई गई हैं। विशेषज्ञों का आरोप है कि इतनी बड़ी परियोजना की मंजूरी देते समय पारिस्थितिक चिंताओं को दरकिनार किया गया और पूरी प्रक्रिया को जल्दबाजी में पूरा किया गया। जिस द्वीप में भूकंपीय गतिविधियां (सीस्मिक जोन 5) अधिक होती हैं, वहां इतने बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग (समुद्र तल की खुदाई) और निर्माण कार्य एक बहुत बड़ा भूवैज्ञानिक जोखिम है। कुछ आर्थिक जानकारों का यह भी कहना है कि इस पोर्ट की आर्थिक व्यवहार्यता उतनी स्पष्ट नहीं है जितना दावा किया जा रहा है, क्योंकि पास में ही श्रीलंका और सिंगापुर के स्थापित बंदरगाह पहले से ही काम कर रहे हैं। ऐसे में एक अनिश्चित आर्थिक लाभ के लिए निश्चित पारिस्थितिक विनाश का सौदा करना समझदारी नहीं है।

# बिहार में दीदी अधिकार केंद्र से बाल विवाह की दीवारें ढही

> **सामुदायिक जागरूकता, प्रशासनिक सहयोग और सतर्कता से किशोरियों के भविष्य बचे**
>
> **बाल विवाह की जगह शिक्षा से जुड़े रहने की पहल**

**समाज** में किशोरियों के प्रति आज भी पुरानी सोच नजर आती है। बाल विवाह की कुरीति वर्षो बाद अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी जड़ें जमाए हुए है। इस कुरीति को खत्म करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग जमीनी स्तर पर असरदार प्रयास कर रहा है, जिसमें जन प्रतिनिधियों, विभिन्न समूहों, केन्द्रों, प्रशासन की भी भरपूर मदद ली जा रही है।

रोहतास जिले में दीदी अधिकार केंद्र (डीएके) की सक्रिय भूमिका, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से यह कुरीति लगातार कम हो रही है। यह केंद्र सूचना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए कानूनी सहायता, काउंसलिंग और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी कर रहा है। जिले में डीएके के हस्तक्षेप से पांच प्रमुख मामलों में बाल विवाह सफलता पूर्वक रोके गए, जिनमें किशोरियों की शिक्षा और भविष्य को नई दिशा मिली है।




### शिवसागर में सरपंच और डीएके की जिद

शिवसागर गांव में 15 वर्षीय दुर्गा कुमारी की शादी सामाजिक दबाव और अशिक्षा के कारण जबरन हो रही थी। रस्में पूरी हो चुकी थीं, लेकिन सरपंच गीता देवी ने हार नहीं मानी। ऐन वक्त पर पहुंचकर उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि शादी भले हो गई हो, लेकिन लड़की की विदाई की कोशिश की तो सबको जेल भिजवा दूंगी। सरपंच के कड़े रुख और डीएके के सहयोग से मामला दर्ज कराया गया एवं कानूनी बांड बनवाया गया। आज दुर्गा अपने मायके में रहते हुए 10वीं कक्षा में पढ़ रही है।

### तिलौथू में ज्योति के हक की लड़ाई

सासाराम जिले के तिलौथू प्रखंड के चन्दन गांव में 15 वर्षीय ज्योति कुमारी के पिता परिवार की जिम्मेदारी से बचने के लिए उसकी शादी कराने पर तुल गए। मुखिया विनोद राम, स्थानीय पंच और गांव वालों के साथ डीएके ने तुरंत कदम उठाया। चाइल्ड लाइन (1098) पर कॉल कर बाल संरक्षण पदाधिकारी को सूचित किया गया। कानूनी सहयोग से बाल विवाह रोका गया। आज ज्योति किशोरी समूह की सक्रिय सदस्य बनकर अपनी जिंदगी संवार रही है।

### बाराडीह में दादा-दादी का बदलाव

बाराडीह गांव में 14 वर्षीय संध्या कुमारी अपने बूढ़े दादा-दादी के साथ रहती थी। परवरिश के बोझ से घबराकर दादा-दादी उसकी शादी तय कर चुके थे। वार्ड कमिश्नर अहसान अंसारी के समझाने और डीएके, पंचायत प्रतिनिधि, सक्षमा दीदी एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं के निरंतर प्रयास से दादा-दादी ने शादी का इरादा त्याग दिया। संध्या अब सुरक्षित माहौल में अपनी पढ़ाई जारी कर रही है।

### तारांचडी में बीडीओ की मदद से बचा पूजा का भविष्य

तारांचडी में गरीबी के कारण 15 वर्षीय पूजा कुमारी की शादी तय हो गई थी। पंचायत प्रतिनिधि सोनू कुमार ने सजग नागरिक की भूमिका निभाते हुए 1098 और 112 पर कल कर पुलिस को सूचित किया। डीएके के समन्वय में बीडीओ, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी सेविका और विकास मित्र की पूरी टीम मौके पर पहुंची। परिवार को बाल विवाह के कानूनी परिणामों और लड़की की शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया, जिससे शादी रुक गई।

### राजपुर में बेबी के सपनों का कवच बना डीएके

राजपुर प्रखंड के मगरवालिया पंचायत में 17 वर्षीय इंटर छात्रा बेबी कुमारी पर समाज और आर्थिक तंगी के दबाव में शादी का खतरा मंडरा रहा था। मुखिया इंद्रजीत कुमार, सरपंच मिथिलेश राय, वार्ड सदस्य नीलम देवी, पंच सीता देवी और डीएके समिति ने मिलकर अभियान चलाया। परिवार से बातचीत, बीडीओ से मुलाकात और ग्राम संगठन की सामाजिक कार्य समिति के प्रयास से बेबी की पढ़ाई बच गई।

इन सभी ग्रामीण मामलों में डीएके जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि के प्रयास से बाल विवाह की घटनाएं होते-होते टल गई। लेकिन चुनौती अभी बाकी है। समाज को अशिक्षा, गरीबी और रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठना होगा ताकि हर किशोरी का सपना पूरा हो सके।

# रवि किशन को डाबर लाल दंत मंजन ने बनाया ब्रांड एंबेसडर

**भारत** की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज अभिनेता और लोकप्रिय बॉलीवुड एवं भोजपुरी स्टार रवि किशन को डाबर लाल दंत मंजन का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। इस साझेदारी के साथ कंपनी ने अपना नया इंटीग्रेटेड अभियान दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा भी लान्च किया है। यह अभियान टेलीविजन, डिजिटल और प्रिंट प्लेटफार्म्स पर चलाया जाएगा, जिससे हिंदी और भोजपुरी भाषी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से ब्रांड का जुड़ाव और मजबूत होगा।

नियमित ओरल केयर अपनाने के बावजूद कई लोग आज भी दांत दर्द, मसूड़ों से खून आना, मसूड़ों में सूजन, सांसों की बदबू, दांतों का पीलापन और दाग जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डाबर लाल दंत मंजन खुद को एक भरोसेमंद आयुर्वेदिक समाधान के रूप में प्रस्तुत करता है, जो समय-परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से समृद्ध है और जिसकी प्रभावशीलता वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है।

इस संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए रवि किशन को अभियान का चेहरा बनाया गया है। उनकी मजबूत जनअपील, गहरा सांस्कृतिक जुड़ाव और सहज व्यक्तित्व उन्हें इस ब्रांड के लिए आदर्श बनाता है। अपने अलग अंदाज, लोगों से जुड़ने की क्षमता और हिंदी एवं भोजपुरी भाषी दर्शकों के बीच लोकप्रियता के कारण वे इस अभियान में विश्वसनीयता और मनोरंजन दोनों जोड़ते हैं। उनकी ऊर्जावान उपस्थिति ब्रांड के संदेश को और प्रभावशाली बनाते हुए बेहतर ओरल हेल्थ के प्रति गर्व और आत्मविश्वास को दर्शाती है दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा।

डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड ओरल केयर, प्रशांत अग्रवाल ने कहा, हम डाबर परिवार में रवि किशन का डाबर लाल दंत मंजन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हैं। इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य भारतीय पारंपरिक 'दंत मंजन' की आदत को बढ़ावा देना और लोगों को मसूड़ों की मालिश की उस परंपरागत तकनीक के बारे में जागरूक करना है, जो रक्त संचार को बेहतर बनाने के साथ आयुर्वेदिक तत्वों की प्रभावशीलता को बढ़ाती है। रवि किशन के मजबूत सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ हमें विश्वास है कि हम यह संदेश लाखों घरों तक अधिक प्रभावशाली और सहज तरीके से पहुंचा पाएंगे।

**नया अभियान लान्च दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा**



ब्रांड के साथ अपने जुड़ाव पर रवि किशन ने कहा, डाबर लाल दंत मंजन एक ऐसा नाम है, जिस पर पीढ़ियों से लोगों का भरोसा रहा है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं, जो आयुर्वेद की शक्ति को बढ़ावा देता है और लोगों को प्राकृतिक तरीके से अपनी ओरल हेल्थ का बेहतर ध्यान रखने के लिए प्रेरित करता है।

रवि किशन की मजबूत लोकप्रियता और विश्वसनीयता के साथ यह अभियान ओरल केयर से जुड़ी बातचीत को अधिक रोचक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ा बनाने का प्रयास करेगा, साथ ही डाबर लाल दंत मंजन के मूल संदेश स्वस्थ मसूड़े, मजबूत दांत को और सशक्त करेगा।

## प्रवचन

# कहीं भी जायें, दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटें : जीयर स्वामी

> **इन्द्रियों के दमन से व्यक्ति बनता है यशस्वी**
>
> **धर्म की रक्षा करने वालों की रक्षा धर्म करता है**



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

कहीं भी जायें, वहां से दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटें। उत्पन्न परिस्थितियों में अपने विवेक से निर्णय लें, जिससे भविष्य कलंकित न हो पाए। प्रयास हो कि वहाँ अपने संस्कार-संस्कृति एवं परम्परा के अनुरूप कुछ विशिष्ट छाप छोड़कर आयें, ताकि तत्कालिक परिस्थितियों के इतिहास में आप का आंकलन विवेकशील एवं संस्कार-संस्कृति संरक्षक के बतौर किया जा सके। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

उन्होंने भागवत कथा के प्रसंग में इन्द्रियों के निग्रह की चर्चा की। इन्द्रियों को स्वतंत्र छोड़ देने से पतन निश्चित समझें। एक बार अर्जुन इन्द्रलोक में गये हुए थे। वहाँ उर्वशी नामक अप्सरा का नृत्य हो रहा था। नृत्य के पश्चात् अर्जुन शयन कक्ष में चले गये। उर्वशी उनके पास चली गयी। अर्जुन ने आने का कारण पूछा। उर्वशी ने वैवाहिक गृहस्थ धर्म स्वीकार करने का आग्रह किया। अर्जुन ने कहा कि मृत्यु लोक की मर्यादा को कलंकित नहीं करूँगा। उर्वशी एक वर्ष तक नपुंसक बनने का शाप दे दिया। अर्जुन दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटे। उर्वशी का शाप उनके लिए अज्ञातवाश में वरदान सिद्ध हुआ। स्वामी जी ने कहा कि 'धर्मो रक्षति रक्षितः।' यानी जो धर्म की रक्षा करता है, उसकी रक्षा धर्म करता है। जो धर्म की हत्या करता है, धर्म उसकी हत्या कर देता है। 'धर्म एव हतो हन्ति।' इसलिए धर्म का परित्याग नहीं करना चाहिए।

स्वामी जी ने कहा कि जो हमारे पाप, अज्ञानता और दुःख का हरण करे, वो हरि है। वेदांत दर्शन की बात की जाए तो संसार में आने का मतलब ही होता है, कि इसमें रहना नहीं है। परिवर्तन का नाम संसार है। आश्चर्य है कि ऐसा जानकर भी जीव स्थायी ईश्वर को भूल नश्वर संसार में आसक्त है। जैसे घुमते चाक पर बैठी चींटी और ट्रेन के यात्री कहें कि हम तो केवल बैठे हैं। यह उचित नहीं, क्योंकि शरीर से श्रम भले न लगे लेकिन यात्रा तो तय हो रही है। मन से ईश्वर के प्रति समर्पण से वे रक्षा करते हैं।

स्वामी जी ने प्रसंगवश कहा कि कलिकाल में संत कबीर से ईर्ष्या करने वाले संत एवं विद्वानों ने उन्हें काशी से अपमानित कर भगाने की योजना बनायी। उन्होंने कबीर के यहां भोजन का निमंत्रण भिजवा दी। कबीर को पता चला कि कल मेरे यहां हजारों लोग भोजन पर आमंत्रित हैं। आश्रम में भोजन एवं विदाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे प्रातः काल ही आश्रम से भाग गये। योग और क्षेम देने वाले भगवान स्वयं सेठ बनकर गाड़ी पर अनेक प्रकार के भोज्य सामग्री और संसाधन लेकर पहुंच गये। अच्छी व्यवस्था में सभी संत-महात्मा और विद्वानों को भोजन और विदाई की गयी। कबीर की जय-जयकार होने लगी। रात्रि के अंधेरे में यह सोंचकर कबीर आश्रम पर लौट रहे थे कि सभी लोग नाराज होकर चले गये होंगे। तभी आश्रम से निकल रहे एक संत ने कहा कि जाओ कबीर के आश्रम में प्रसाद पाकर विदाई ले लो। यह जान कबीर ने कहा जो किया सो हरि किया, हुआ कबीरा नाम।

आदि शंकराचार्य की चर्चा करते हुए स्वामी जी को कहा कि उन्होंने लोगों से अपने अंतिम दर्शन के समय कहा कि भले संसार में जीव अटके-भटके हैं, लेकिन गीता का एक श्लोक जीवन को धन्य कर देता है- सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।। सम्पूर्ण धर्मो को अर्थात् सम्पूर्ण कर्तव्यकर्मों को मुझ में त्यागकर तू केवल एक मुझ सर्वशक्तिमान् की ही शरण में आ जा। मैं तुझे सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर दूँगा। तू शोक मत कर। शंकराचार्य के अनुसार गीता का कम से कम एक श्लोक मनुष्य को रोज पढ़ना या सुनना चाहिए और गंगा का कम से कम एक घूंट जल रोज पीना चाहिए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# राजद ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना दिया

## प्रखंड से थाना तक भ्रष्टाचार का आरोप, मेयर प्रीति गुप्ता ने साधा निशाना

**पीपराकोठी (डीएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ती गरीबी के मुद्दों को लेकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष शौकीलाल सहनी ने की, जबकि मोतिहारी की मेयर प्रीति गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मेयर प्रीति गुप्ता ने केंद्र और राज्य सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, वहीं सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। मेयर ने आरोप लगाया कि प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय और थानों सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों में आम लोगों के काम बिना लेन-देन के नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान और मजदूर अपने छोटे-छोटे कार्यो के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जबकि सरकार सुशासन का दावा करती है। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है, और युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मेयर ने जनता से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं, क्योंकि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है। राजद प्रखंड अध्यक्ष शौकीलाल सहनी ने भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बात की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड से लेकर अंचल और थाना स्तर तक भ्रष्टाचार आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन चुका है। सहनी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पूरी पारदर्शिता से नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने दोहराया कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण आम जनता का जीवन कठिन हो गया है। सहनी ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करता रहेगा। मौके पर मो. कादरी, असलम, नजरे आलम, अभय प्रताप, मुन्ना, अजय कुमार, वीरबहादुर सहनी, सैमुल्लाह, मासूम और आफताब कादरी आदि राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।



धरना पर बैठे राजद कार्यकर्ता।

# राजद ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया धरना



धरना पर बैठे राजद नेता व कार्यकर्ता।

**चकिया।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के द्वारा महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भ्रष्ट विधि व्यवस्था तथा गरीबी के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष माधव मधुकर ने की।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश में सरकार के जन विरोधी नीतियों के कारण महंगाई एवं बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। बेतहाशा बढ़ी महंगाई की मार से जनता बेहाल है। पेट्रोल,डीजल के रोज बढ़ रहे दाम व घरेलू गैस सिलेंडर के देरी से बुकिंग होने व इसकी किल्लत से लोगों का सुख चौन से जीना मुश्किल हो गया है। मेघावी छात्र पूरी निष्ठा से पढ़ाई कर रहें है लेकिन परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है। पूरे देश में छात्र, छात्राएं पेपर लीक से परेशान है। नीट पेपर लीक से तनाव में आए कई छात्रों ने आत्म हत्या कर ली। भ्रष्ट विधि व्यवस्था से लोगों का इकबाल खत्म हो गया है।

बेरोजगारी, महंगाई के कारण गरीबी तेजी से बढ़ रही है। सरकार इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं देती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर गुड्डू यादव,नवल यादव, निसार आलम, मुख्तार अंसारी, उमेश महतो, जगरनाथ यादव, जयप्रकाश यादव,सोहन पासवान,रुस्तम अली , राजकुमार गुप्ता,रामधार यादव, आशा देवी, राधा देवी, घुटन सहनी, खलील, रामायण यादव, वकील यादव, विजुल भगत,प्रसिद्ध यादव, विनोद पंडित,साहेब अख्तर, सुरेंद्र राम, मुकेश कुशवाहा जयप्रकाश यादव सहित अन्य मौजूद

## संक्षिप्त खबरें

### धरना पर बैठे राजद कार्यकर्ता

**रक्सौल।** प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था सहित कई जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। वक्ताओं ने कहा कि आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार को इन समस्याओं के समाधान की कोई चिंता नहीं हैस धरना प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन यादव, प्रमोद राय,सुभाष प्रसाद यादव,अनिल कुमार, मनोज पासवान,चंदेश्वर यादव,नासिर मियां, ओम कुमार गुप्ता,दिनेश राम सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### साइबर कैफे संचालक गिरफ्तार

**तुरकौलिया।** हरसिद्धि थाना पुलिस ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक साइबर कैफे संचालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मटियरिया निवासी रामचंद्र सिंह के पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह लंबे समय से एक आपराधिक मामले में फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि संजय कुमार के खिलाफ थाना में पूर्व से एक मामला दर्ज है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, उस पर आरोप है कि उसने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर रिश्तेदारी में रह रही एक युवती की तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ की। आरोप है कि युवती की फोटो को एआई तकनीक के माध्यम से एडिट कर उसे आपत्तिजनक रूप दिया गया और फिर उसे युवती के रिश्तेदारों को भेजकर पैसे की मांग की गई। इस घटना से न केवल युवती बल्कि उसके परिजनों की भी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। पुलिस का कहना है कि आरोपितों ने छेड़छाड़ किए गए फोटो और वीडियो का इस्तेमाल कर अवैध रूप से रुपये वसूलने की कोशिश की। मामले में पीड़िता के एक रिश्तेदार ने थाना में आवेदन देकर संजय कुमार सहित अन्य लोगों को आरोपित बनाया था।

# खाद-बीज दुकानों की सघन जांच अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला षि पदाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में खाद एवं बीज दुकानों की सघन जांच की गई। जांच अभियान में अनुमंडल षि पदाधिकारी, रक्सौल, प्रखंड षि पदाधिकारी तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी (प्रक्षेत्र) भी शामिल रहे।

अधिकारियों ने खाद एवं बीज दुकानों में उपलब्ध स्टक, वितरण व्यवस्था तथा अभिलेखों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसानों को गुणवत्तापूर्ण षि आदान उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर रोक लगाने को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। इस दौरान भेलाही से सटे नेपाल सीमा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों से बातचीत कर सीमावर्ती क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया तथा खाद एवं बीज की अवैध आवाजाही रोकने के उपायों पर चर्चा की।



जांच करते अधिकारी।

जिला षि पदाधिकारी ने सभी प्रखंड षि पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के खाद एवं बीज दुकानों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जीरो टलरेंस नीति के तहत संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।षि विभाग ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा तथा षि आदानों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नालसा की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : नितिन त्रिपाठी

## नालसा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर डीएलएसए की समीक्षा बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी ने विगत दो दिनों से विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा एवं समन्वय बैठकें कर नालसा की विभिन्न योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में डन (वॅछ) योजना, नालसा जागृति योजना (सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य), वीर पुरस्कार सहायता योजना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान समेत अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने तथा जन-जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि नालसा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सहायता एवं जागरूकता सेवाएं पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया।



समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी।

बैठक में विधिक प्रकोष्ठ की प्रभारी निधि कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि सेवानिवृत्त कैप्टन केशव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान वीर पुरस्कार सहायता योजना के तहत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों तक विधिक सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर भी विशेष चर्चा की गई। सचिव ने सभी विभागों को योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला हेल्पलाइन 181 के प्रति जीविका दीदियों को किया गया जागरूक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वावधान में तेतरिया प्रखंड के ताजपुर सरैया में जीविका समूह की महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिला मिशन समन्वयक निधि कुमारी ने जिला स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं से महिलाओं को अवगत कराया। वहीं जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार ने महिलाओं के अधिकार एवं लैंगिक समानता पर प्रकाश डाला। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ रितेश कुमार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने और वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।इस दौरान महिला हेल्पलाइन 181 के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू हिंसा, मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना जैसी परिस्थितियों में महिलाएं टोल-फ्री नंबर 181 पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले ष्सखी वार्ताष कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं तक जागरूकता पहुंचाने की जानकारी दी गई। बैठक में जिला हब फर एम्पावरमेंट अफ वीमेन (डीएचईडब्ल्यू) एवं वन स्टप सेंटर (ओएससी) की सेवाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जीविका समूह की महिलाओं ने योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। मौके पर जीविका के कम्युनिटी मोबिलाइजर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

### भारत-नेपाल सीमा पर बिना पासपोर्ट-वीजा के प्रवेश कर रहे दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास कर रहे दो विदेशी नागरिकों को मैत्री पुल कस्टम के समीप संयुक्त जांच अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में स्विट्जरलैंड की महिला जूनिला ब्रेक श्रेष्ठा तथा म्यांमार का नागरिक आंग निंग लैट शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों विदेशी नागरिक नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान सीमा पर तैनात एसएसबी और हरैया थाना पुलिस की संयुक्त जांच टीम ने उन्हें रोककर दस्तावेजों की जांच की। जांच में पता चला कि दोनों के पास भारत में प्रवेश के लिए न तो वैध पासपोर्ट था और न ही वीजा, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।हरैया थाना अध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि दोनों विदेशी नागरिकों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वे भारत में किस उद्देश्य से प्रवेश करना चाहते थे और उनके पीछे कोई अन्य नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों को न्यायालय भेजा जाएगा।सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके कारण अवैध रूप से सीमा पार करने के प्रयासों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई है।

### अग्नि सुरक्षा नियमों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अंबिका

**सभी संस्थानों में अगि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य**

**अग्नि सुरक्षा जांच में 15 संस्थानों को नोटिस**



निरीक्षण करते अगिशमन विभाग की टीम।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अनुमंडल अगिश्मन पदाधिकारी अंबिका कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को मोतिहारी एवं बंजरिया क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों, होटलों और अन्य संस्थानों में अगि सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अगि सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर 15 संस्थानों को नोटिस जारी किया गयास जांच के क्रम में हर्ष हस्पिटल, एमबी पैलेस, जीवनदान हस्पिटल, चंदानी पैथोलजी सेंटर समेत कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। टीम ने अगिशमन यंत्रों, फायर अलार्म, आपातकालीन निकास द्वार तथा अन्य सुरक्षा प्रबंधों की जांच की। अगिश्मन पदाधिकारी अंबिका कुमारी ने बताया कि संस्थानों में अगि सुरक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। जिन संस्थानों में आवश्यक सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई है, उन्हें नोटिस देकर निर्धारित समय के भीतर सुधार करने का निर्देश दिया गया हैस निरीक्षण के दौरान अगिशमन विभाग के कर्मी सूरज कुमार, पुनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### देवघर से लौट रहे परिवार की कार पेड़ से टकराई, मां-बेटे की मौत, सात घायल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर-पटना फोरलेन पर मंगलवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। होटल महाविहार के समीप एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिसमें मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फाजिलनगर थाना क्षेत्र के गराहिया गांव का एक परिवार देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर कार से अपने घर लौट रहा था। मंगलवार तड़के करीब चार बजे बख्तियारपुर स्थित होटल महाविहार के समीप चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और कार सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में 52 वर्षीय फूलमती देवी और उनके 30 वर्षीय पुत्र उपेंद्र सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उपेंद्र सिंह की पत्नी निक्की देवी, उनके बच्चे काजल और वीर, रेणु देवी, रुक्मिणी देवी, तीन वर्षीय पायल, संजना सिंह तथा चालक एजाज सिद्दीकी घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बख्तियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना के एनएमसीएच रेफर कर दिया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने के कारण दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### वीरगांव पंचायत के वार्ड संख्या-11 में सहयोग शिविर का सफल आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** महिषी प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत वीरगांव अंतर्गत वार्ड संख्या-11 स्थित सामुदायिक भवन में जिला प्रशासन के तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एडीएम निशांत कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अश्वनी कुमार चैबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी भरत कुमार सिंह, आरओ मनीषा कुमारी, कर्मचारी सतेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव अमित कुमार, कृषि सलाहकार हसीब आलम, कार्यपालक मुकेश कुमार, अनीता कुमारी, महिषी अस्पताल के चिकित्सक एवं एएनएम, पूर्व मुखिया शिवेन्द्र कुमार जीशु,पंचायत समिति सदस्य बैजनाथ कुमार विमल, वार्ड सदस्य ममता देवी,वकील ठाकुर,राम सागर साह, प्रमोद साह, बलराम ठाकुर, ओकेश ठाकुर, इंद्रजीत ठाकुर, अगम राम, चंदन ठाकुर, शहीद इकबाल, संजीत पासवान तथा भरत चैधरी सहित बिजली, कृषि, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, आशा एवं विकास मित्र विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्राम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका त्वरित निष्पादन करते हुए लाभुकों को मौके पर ही सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर एडीएम निशांत कुमार के द्वारा पात्र लाभार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।



### सीनेट सदस्य ने मुख्यमंत्री से वेतन एवं पेंशन के शीघ्र भुगतान की मांग

सहरसा शहर (एनएसबी)भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ इकाई, एम एल टी कॉलेज, सहरसा के सचिव सह सीनेट सदस्य डॉ.संजीव कुमार झा ने बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लंबित वेतन एवं पेंशन के अविलंब भुगतान की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में मार्च माह से वेतन एवं पेंशन का भुगतान लंबित है, जिसके कारण शिक्षकों, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। दैनिक जीवन-यापन, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के संचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों के लिए समयबद्ध शैक्षणिक कैलेंडर लागू किया गया है, जिससे नामांकन, कक्षाओं का संचालन, परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम प्रकाशन जैसी गतिविधियां नियमित रूप से संचालित हो सकें। इसी प्रकार शिक्षकों, कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के वेतन एवं पेंशन भुगतान की भी समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।डॉ. झा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में लंबित वेतन एवं पेंशन का अविलंब भुगतान कराया जाए तथा भविष्य में प्रत्येक माह समय पर वेतन एवं पेंशन भुगतान की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि शिक्षकों, कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों को अनावश्यक आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### डिजिटल तराजू से मक्का तौलकर किसानों की कर रहा था ठगी पकड़ाया

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों किसान मक्के की कटाई और तैयारी करने में लगा हुआ है। इस दौरान तैयार माल को किसानों के द्वारा जोर शोर से बिक्री किया जा रहा है। लेकिन इसके साथ ही व्यापारियों द्वारा किसानों का मक्का तौलने में बेईमानी भी बड़े पैमाने की जा रही है। एक तरफ ईश्वर के मार से किसान उबर नहीं पाया है तो दूसरी तरफ व्यापारी भी बेईमानी करने में पीछे नहीं है। इसी तरह के एक मामलें नगर क्षेत्र के दुअनियां गांव में डिजिटल तराजू में हेर फेर को किसानों ने पकड लिया। लेकिन हो हल्ला के बीच व्यापारी अपनी पिकअप वैन नं बीआर19जीबी 0903, तराजू एवं डिजिटल तराजू को कंट्रोल करने वाला रिमोट छोड़ फरार हो गया। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार सोनवर्षा का एक व्यापारी रंजीत साह अपनी पिकअप वैन पर डिजिटल तराजू लेकर दुअनियां गांव के किसान मों अलाउद्दीन के पास पहुंचा। किसान के मक्का के मुल्य तय करने के बाद वो डिजिटल तराजू से मक्का की तौल शुरू कर दिया।आठ बोरा मक्का तोलने के बाद मक्का से भरें बोरा का वजन कम होता देखकर ग्रामीणों को शंका हुआ।जांच पड़ताल करने पर पता चला की व्यापारी रंजीत साह अपने जेब में रखे रिंग नुमा रिमोट की मदद से मक्के का वजन घटा घटाकर तौल रहा था। गड़बड़ी पकडाते ही हो हल्ला होते देख व्यापारी अपनी तराजु, रिमोट एवं मक्का लदे पिकअप वैन छोड़ फरार हो गया। उक्त बाबत थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने कहा व्यापारी की तरफ से आवेदन मिला है मामले की छानबीन की जा रही है।



### जन समस्याओं को लेकर राजद का धरना, महंगाई-बेरोजगारी पर उठाई आवाज

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को राजद की ओर से एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना में पार्टी नेताओं एवं कार्यकत्राओं ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष अमरेंद्र यादव ने की। जबकि संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष रोशन सदगोप ने किया। इस दौरान पार्टी के पर्यवेक्षक बिनोद यादव एवं नंदकिशोर यादव समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं, जबकि शिक्षा व्यवस्था भी कई समस्याओं से जूझ रही है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक नहीं है और अपराध की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। साथ ही भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से आम जनता को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने महंगाई पर नियंत्रण, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की मांग की। धरना कार्यक्रम में झारखंडी यादव, रफीउज्जमां, अरबिंद यादव, बिंदेसरी चैधरी, अभिमन्यु यादव, मुकेश यादव, विक्रम कुमार, निराला यादव, रुपेश कुमार, रोशन कुमार, महादेव शर्मा, सुजीत कुमार, प्रशांत कुमार एवं मुलायम यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।



### कुल पंद्रह स्थलों पर सहयोग शिविर के माध्यम से आम जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान

**सहरसा शहर (एनएसबी)**पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को वरीय पदाधिकारियों जिला से संबंधित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रखंडवार चिन्हित कुल पंद्रह स्थलों पर पूर्वाह्नरू10 बजे से आयोजित सहयोग शिविर के माध्यम से जन्म मृत्यु निबंधन,दाखिल खारिज, भूमि विवाद, एवं राजस्व संबंधित अन्य मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित मामलों का समाधान किया गया एवं लाभुकों को तत्संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।साथ ही सहयोग शिविर आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा संस्थापित स्टॉल के माध्यम से योजना विषयक जानकारी देने के साथ साथ आवेदन भी प्राप्त किए गए है। जिसका समाधान निर्धारित अवधि इससे पूर्व कर दिया जाएगा, इस हेतु संबंधित कार्यालयों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा जिलांतर्गत कहरा प्रखंड से संबंधित दिवारी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई



# डीईओ कार्यालय में शॉट सर्किट से लगी आग, पांच लाख से अधिक फर्नीचर, एसी व एलसीडी जलकर हुआ राख

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के तीन मंजिलें पर स्थित सभाकक्ष में मंगलवार की सुबह आग लगने से लाखों रुपए के समान व फर्नीचर की क्षति हुई है। आग शॉट सर्किट से लगने की बात सामने आ रही है। डीईओ हेमचंद्र ने बताया कि आग सुबह साढ़े आठ बजे लगी। आग लगने से उठ रहे धूंआ को कार्यालय के गार्ड ने देखा एवं उन्हें सूचना दी। उन्होंने कहा कि तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। साथ ही मौके पर कई कार्यालय कर्मी भी पहुंचकर कार्यालय के अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। तबतक अग्निशमन कर्मी भी पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस आग से लगभग पांच लाख का विभिन्न फर्नीचर, एलसीडी, तीन एसी जल गया. उन्होंने कहा कि किसी तरह का विभागीय फाईल व कागजात नहीं जला है। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी श्यामसुंदर यादव ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलती हैं दो बड़ी अग्निशमन वाहन मौके पर भेजा गया। घंटों मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिससे बगल के असैनिक कार्यालय, वीसी कक्ष, ई शिक्षा कार्यालय को पूरी तरह बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि सॉट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई गयी है। आग लगने के समय कार्यालय बंद रहने से जान माल की क्षति नहीं हुई। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ढ़ाई लाख से अधिक के विभिन्न फर्नीचर सहित तीन एसी, एलसीडी जलने की बात कही गयी है। वही घटना की जानकारी मिलने पर डायल-112 की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग किया। डायल-112 में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के भवन में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई थी। तब तक फायर ब्रिगेड और विभागीय कर्मियों के प्रयासों से आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया था।


शॉट सर्किट से जले फर्नीचर

## बनमा ईटहरी में विधायक आईपी गुप्ता का स्वागत, पूर्व प्रमुख से की मुलाकात

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता के बनमा ईटहरी प्रखंड पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने पूर्व प्रमुख रमेशचंद्र यादव से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, विकास कार्यों तथा जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक आईपी गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है। वहीं पूर्व प्रमुख रमेशचंद्र यादव ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों, विकास योजनाओं तथा स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं से विधायक को अवगत कराया।



## पुणे में मजदूरी करने गए युवक की डूबने से मौत, गांव में शोक




उमड़ी भीड़, मृतक युवक षव

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पतरघट प्रखंड मुख्यालय वार्ड 04 निवासी राजू महतो का (22 वर्ष) पुत्र राजा कुमार की मुम्बई पुणे में पोखर में डूबने से दुखद मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजा कुमार लगभग एक माह पूर्व मजदूरी करने के लिए पुणे गए थे। बताया जाता है कि वह पानी लेने के लिए एक पोखर (तालाब) के पास गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबकर मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। राजा कुमार अपने परिवार के साथ पतरघट में रहते थे। उनके असामयिक निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## सहयोग शिविर में 122 आवेदनों की हुई प्राप्ति, कई मामलों का ऑन-द स्पॉट निष्पादन


शिविर में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सरबेला पंचायत स्थित सामुदायिक भवन सरबेला में मंगलवार को विकसित भारत-समृद्ध भारत अभियान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता वरिय उप समाहर्ता शाखा स्थापना अभिनय भास्कर ने की। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 17 काउंटर लगाए गए, जहां आम लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की गई।शिविर में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अंचल कार्यालय से संबंधित 35 आवेदन (आरटीपीएस, परिमार्जन, रैयती भूमि पर अतिक्रमण आदि), जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के 27 आवेदन, जॉब कार्ड के 48 आवेदन, आपूर्ति विभाग के 5 आवेदन, ग्रामीण विकास विभाग के 3 आवेदन, पंचायती राज विभाग के 3 आवेदन तथा पेंशन योजना से संबंधित 1 आवेदन शामिल हैं। शिविर में कई आवेदनों का त्वरित निष्पादन भी किया गया। मो. तंजीम आलम को जन्म प्रमाण पत्र, सुरेंद्र साह को मृत्यु प्रमाण पत्र, नशीउल्लाह को आवासीय प्रमाण पत्र तथा मोनीरा खातून को पारिवारिक सूची उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बीडीओ गुलशन कुमार झा, सीओ आशीष कुमार, राजस्व पदाधिकारी शशिभूषण कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी डा. पप्पू कुमार, बीसीओ विशाल आनंद, इंस्पेक्टर मो. सुजाउद्दीन, पुअनि चंद्र शेखर कुमार, पुअनि रबी कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सब्बर फरीदी, बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल कुमार, अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन जमा किए।

## घटिया सड़क निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, कार्य कराया बंद, साढ़े तीन करोड़ की योजना में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एनडीबी) के तहत निमार्णाधीन सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। जमालनगर एवं सहुरिया पंचायत को जोड़ने वाली सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया और प्रदर्शन कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के लिए पर्याप्त मिट्टी भराई नहीं की गई है और न ही प्राक्कलन के अनुरूप सड़क की चैड़ाई बढ़ाई जा रही है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य इसी प्रकार किया गया तो आगामी बाढ़ में सड़क क्षतिग्रस्त हो सकती है। जानकारी के अनुसार परसबन्नी एमएमजीएसवाई सड़क के करवाला पाढ़ से बादशाहनगर महादलित टोला होते हुए शेख टोली सहुरिया तक करीब 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनने वाली इस सड़क की कुल प्राक्कलित लागत 376.75 लाख रुपये है। योजना के अंतर्गत 1375 मीटर बिटुमिनस (बीटी) तथा 1125 मीटर पीसीसी सड़क का निर्माण होना है। मूल कार्य की लागत 355.62 लाख रुपये तथा छह वर्ष के अनुरक्षण मद में 21.13 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। ग्रामीणों में मोहम्मद शब्बीर आलम, पूर्व मुखिया मोहम्मद सरफराज आलम, दिलदार, असलम, सैफ, इलियास, मुस्तफा, फुदो सादा, दुलारचंद सादा, फारुख, ताहिर, जलील, परवेज, सहामत और फैयाज सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि संवेदक द्वारा पर्याप्त मिट्टी भराई किए बिना सीधे जीएसबी का कार्य कराया जा रहा है। इससे सड़क की मजबूती और गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर लगाए गए सूचना पट्ट पर कार्य प्रारंभ एवं समाप्ति की तिथि अंकित नहीं है, जिससे योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों की निगरानी के अभाव में संवेदक मनमाने ढंग से कार्य करा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में बाल श्रम कराए जाने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों के अनुसार बादशाहनगर वार्ड संख्या छह निवासी गुरुदेव महतो के 14 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार सहित एक अन्य किशोर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम अधिनियम के तहत यह दंडनीय अपराध है और इसकी भी जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच कर प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। इधर, मामले पर संज्ञान लेते हुए सिमरी बख्तियारपुर एसडीएम आलोक राय ने कहा कि सड़क निर्माण में अनियमितता की सूचना मिली है। संबंधित विभाग को जांच का निर्देश दिया जा रहा है। जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप एवं विभागीय अधिकारियों की निगरानी में कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों की मांग के बाद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इसलिए वे किसी भी कीमत पर निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं होने देंगे और निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े रहेंगे।


विरोध-प्रदर्षन करते ग्रामीण

## महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का एक दिवसीय धरना, सौंपा ज्ञापन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को सभी प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव ने की, जबकि संचालन फुलेश्वर यादव ने किया। कार्यक्रम में राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद चैधरी महबूब अली केसर मुख्य रूप में शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद चैधरी महबूब अली केसर ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। खाद्य पदार्थों से लेकर रसोई गैस तक की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है और आम जनता को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी भटकना पड़ रहा है। श्री केसर ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार में अधिक व्यस्त है। धरना के बाद राजद नेताओं एवं कार्यकताओं ने अंचलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की फसल क्षति का मुआवजा अविलंब भुगतान कराने, भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने तथा विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। इसके अलावा दाखिल-खारिज और राजस्व रसीद कटाने में लोगों को हो रही परेशानियों को भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि आम नागरिक न्याय के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बेरोजगारी, आर्थिक तंगी और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण लोगों का पलायन लगातार बढ़ रहा है। धरना कार्यक्रम में फुलेश्वर यादव, सैयद कैफी अशरफ, हीरा यादव, पप्पू स्वर्णकार, सुभाष यादव, अतिकूर रहमान, भावेश यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकत्रा एवं समर्थक उपस्थित थे।


धरना-प्रदर्शन में राजद कार्यकत्रा

# केंद्र सरकार और बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राजद ने दिया धरना

**खगड़िया(डीएनएस)।** सदर प्रखंड मुख्यालय में केंद्र सरकार और बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विशेषकर महंगाई,बेरोजगारी और परीक्षाओं में पेपर लीक के खिलाफ, रसोई गैस,पैट्रोल-डीजल की कीमतों और खाद्य पदार्थो के लगातार बढ़ते दामों के खिलाफ राजद प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना कार्यक्रम का अध्यक्षता खगड़िया नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार और संचालन किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुजय यादव ने किया। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि आज बिहार की जनता केंद्र सरकार और बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान हैं।

सबसे ज्यादा तो कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और नीट से लेकर अन्य बिहार और केंद्र में जितने प्रतियोगी परीक्षा हैं सभी के प्रश्नपत्र लीक हो जा रहा है। छात्र और युवा वर्षो से बाहर रहकर पढ़ाई करते हैं और पेपर लीक हो जाने के कारण सारा मेहनत बेकार हो जाता है और वे आत्महत्या को मजबूर हो जाते हैं। नीट की एक छात्र ने आत्महत्या कर ली कि मुझे अच्छा अंक आता पेपर लीक हो गई और सरकार की किरकिरी होने के बाद नीट परीक्षा रदद् कर दिया गया। रसोई गैस के दाम आसमान छू रही है, पेट्रोल, डीजल की कीमतों और खाद्य पदार्थो के लगातार बढ़ते दामों ने आम और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है।बिहार की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। आमलोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं पटना जो बिहार का मुख्यालय है वहाँ प्रतिदिन आपराधिक मामले हो रहे हैं।इन सब बातों से बिहार सरकार को कोई मतलब नहीं रह गया है बस बिहार के आमलोगों को इन सभी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इधर -उधर की बातों में लोगों को उलझा रही है। प्रदेश महासचिव नरेश सहनी , बुद्धजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार ,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि बिहार सरकार का खजाना खाली हो


धरना को संबोधित करते मनोहर यादव।

गया है पेंशन लोगों को नहीं मिल पा रहा है सरकारी कर्मियों सहित शिक्षकों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। मंहगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से भटकने के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सुरक्षा में कमी और आवास खाली कराने का आदेश निकालकर बिहार के लोगों को दिग्भ्रमित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुजय यादव और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ राजा चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार सरकार का खजाना खाली है कोई उधोग धंधा नहीं है बिहार के युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं इन सभी से बिहार सरकार को कोई लेना देना नहीं रह गया है। अपराध चरम पर है कोई भी कार्यालय में बिना नजराना का कोई काम नहीं होता है। धरना कार्यक्रम में राजद के जिला प्रधानमहासचिव नंदलाल मंडल, युवा राजद प्रदेश महासचिव नीरज यादव, जिला महासचिव शकलदीप यादव, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिनेश यादव, शिल्पकार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बिनोद शर्मा,दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निभा भारती,जिला कोषाध्यक्ष आमिर खान, कला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंकित कुमार,व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शम्भू पौद्दार,खगड़िया नगर प्रधानमहासचिव सन्नी चंद्रवंशी,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोहित साव , युवा राजद जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज यादव, बुद्धजीवी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र यादव,मिथलेश यादव,राजद नेता प्रफुल्लचन्द्र घोष,सुनीता देवी, अभिजीत सिंह, छात्र राजद नेता राजा कुमार सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता धरना स्थल पर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चौथम में राजद का एक दिवसीय धरना का आयोजन

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय जनता दल के पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना का उद्देश्य के संबंध में बताया गया कि, वर्तमान सरकार में बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा,कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धारणा का कार्यक्रम किया गया है।

### दो दर्जन परिवारों को नहीं मिल रहा है नल जल का लाभ

**चौथम।** प्रखंड तेलौछ पंचायत के गढ़िया गांव वार्ड नं0 में आज तक नल जल का पानी चला ही नही। आरोप है की तीन नंबर वार्ड में जल सप्लाई के लिए 3 न0 वार्ड के पम्प से नही 4 न0 पम्प से जोड़ दिया गया है,गांव के एक दो दबंग व्यक्ति के द्वारा ऐसा किया गया है, जबकि वार्ड नंबर तीन में अत्यंत पिछड़ा वर्ग तांती जाति के कमजोर लोग हैं, तथा इस भीषण गर्मी में पानी के बिना इन तांती परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर इन परिवारों के द्वारा पटना से लेकर जिलाधिकारी जनता दरबार,लोक षिकायत निवारण पदाधिकारी,सहयोग शिविर,सोसल मीडिया,न्यूज,अखबारों के माध्यम से भी संज्ञान में दिया गया। वहीं इन गरीव परिवारों के द्वारा आरोप लगाया गया है कि गांव के दबंग व्यक्ति एवं पम्प चालक के प्रति लोगों में आक्रोश भी है। जबकि संवेदक और विभाग पर भी ऐसे दबंग को जानबूझकर नियुक्त किए जाने की बात कही गई है। इन तांती परिवारों का कहना है कि पम्प सरकारी जमीन पर या मंदिर के जमीन है,तो दवंग आदमी को अपरेटर के रूप में क्यों रखा गया है। जबकि नियमानुसार अभी 3 न0 का वार्ड सदस्य या वार्ड सचिव को कार्य भार देना था। आरोप लगाया जाता है कि,विभाग के लोग उस व्यक्ति के यहाँ मुर्गा मछली खा कर कलम पूरा कर लौट जाते हैं। पंचायत के फेकन तांती, मोहन तांती, मुकेश तांती, मूसा तांती, रंजन तांती ,गोपाल शर्मा, विकास तांती, चंदन तांती, शर्मिला देवी, दिनेश तांती, जागेश्वर तांती, राम तांती, फुलेंद्र तांती, सूलो तांती, प्रकाश तांती, रविंद्र तांती आदि के द्वारा जिला विभागीय प्रशासन से सुचारू रूप से नल जल योजना से पानी सप्लाई के लिए व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# शिविर में दो सौ गर्भवती महिलाओं का हुआ ईलाज

**खगड़िया।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के लिये वरदान से कम नही है। इसके संचालन होने से जहां गांव की महिलाओं को मुफ्त इलाज हो रही है,वही दवा और स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी जा रही है। मंगलवार को सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना को लेकर षिविर का आयोजन किया गया। षिविर में दो सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं को ब्लड,एचआईवी समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की गयी। षिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने जांच रिपोर्ट के आधार पर उनको दबा और फिर उचित सलाह दिया। वही षिविर का निरीक्षण सिविल सर्जन डा0 रामेन्द्र ने किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर तैनात चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों को आवष्यक निर्देष दिया और कहा कि गर्भवती महिलाओ की किसी भी प्रकार क सुविधा में कमी नही होनी चाहिएं। उन्होने बताया कि माह के 9,15 और 21 तारीख को सदर अस्पताल समेत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में षिविर का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाती है। इस जांच षिविर में महिलाओं को न सिर्फ दवा दी जाती है,बल्कि गर्भावस्था के दौरान किसी तरह समस्या है और


शिविर में महिलाओं की भीड।

खान-पान आदि की सलाह दी जाती है। उन्होने कहा कि यह योजना तो सभी के लिये अच्छी है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के लिये बहुत ही अच्छी है। सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक डा0 उदय ने कहा कि आज के षिविर में दो सौ गर्भवती महिलाओं का देखा गया। उन्होने कहा कि जब से इस प्रकार की षिविर लगना षुरू हुआ है तब से गांव की गर्भवती महिलाएं काफी आती है और उनका न सिर्फ मुफ्त इलाज होता है,बल्कि सभी प्रकार की जांच भी मुफ्त की जात है। गर्भवती महिलाओं के साथ आई आषा कार्यकर्त्ता एवं लाभुक महिलाओं ने कहा कि यह षिविर काफी अच्छा है। इस षिविर में गांव की गर्भवती महिलाओ को न सिर्फ मुफ्त ईलाज होता है,बल्कि अच्छे सुझाव भी दिये जाते हैं। वही षिविर में इलाज कराने आई गर्भवती महिलाओं ने कहा कि यह योजना सरकार की काफी अच्छी है। इसके संचालन से हमलोगों को मुफ्त इलाज,दबा और उचित सलाह भी दिया गया। बताते चले कि मंगलवार को भीशण गर्मी के बावजदू षिविर में महिलाओं की भीड़ उमड़ गयी।

## गर्मी को देखते हुये निजी विद्यालय भी होने लगे बंद

**बेलदौर।** भीशण गर्मी में जहां सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है,वही प्राइवेट कोचिंग संस्थान बहुत ऐसे हैं जो अभी भी खुले हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुये प्राइवेट कोचिंग संस्थान एकलव्य इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजीत कुमार बंटी ने मंगलवार को विद्यालय के बच्चों को पढ़ाकर छुट्टी दे दिया। वही छुट्टी मिलने से छोटे-छोटे बच्चों में खुशी की माहौल बनी हुई थी। वही छुट्टी के दौरान विद्यालय के डायरेक्टर संजीत कुमार बंटी के द्वारा मैंगो फ्रूटी देकर छुट्टी दिया। आगे उन्होंने कहा कि 9 दिनों तक विद्यालय में छुट्टी रहेगी, दसवां दिन विद्यालय खुल जाएगा। जबकि विद्यालय के हर कक्ष में पंखा भी लगाई गई है। लेकिन उमस भड़ी गर्मी ने छोटे-छोटे बच्चों का जीना दुश्वार कर दिया है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आकाश कुमार, अभिषेक कुमार, सुबोध कुमार, संजीत कुमार, संतोष कुमार, धर्मेद्र कुमार, बबली कुमारी, सिंपी कुमारी, सिमरन कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पूजा कुमारी, स्वाति कुमारी समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।


खुशी मनाते छात्र।

## नशा कारोबारी और लॉटरी के टिकट बेचनेवाले पर हो कार्रवाई

**खगड़िया।** जिले में सेक्स रैकेट संचालन के बाद एक और धंधा बैखौफ चालू है बह है नशा की दबा और लटरी का धंधा, जिसका भंडाफोड़ भी करना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के लिए जरूरी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के सन्हौली दुर्गा मंदिर स्थान चौक के पास लटरी और नशा की दवा का बेचने का धंधा दिन भर चलते रहता है,लेकिन शाम ढ़लते यह धंधा अपने परवान पर रहती है, इस धंधे के कारण नौजवान की जिी बर्बाद तो ही रही है। इसके संचालन से गरीब,मजदूर और रोज कमाई कर घर चलाने वाले का परिवार भी बर्बाद हो रहा है। इस धंधे को करने बोले इतने बेखौफ हैं कि इन लोगों को पुलिस का कोई डर नहीं। इस धंधे से नौजवान बर्बाद तो हो ही रहे हैं कई का परिवार भी उजड़ रहा है। देखना दिलचस्प होगा कि कब तक पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन सन्हौली दुर्गा स्थान चौक पर हो रहे नषा के कारोबार करने वाले पर सख्त कार्रवाई करती हैं।

## साजिश के तहत इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य की बात हो रही है : मिथिलेश

**बेलदौर।** स्थानीय प्रशासन के राजनीतिक साजिश के तहत बेलदौर में आउटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य के बदले इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। उक्त


मिथिलेश निशाद व अन्य।

बातें कांग्रेस नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी मिथिलेश कुमार निषाद ने मंगलवार को तिलाठी गांव स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताई। आगे उन्होंने बताया कि बेलदौर गांधी इंटर हाईस्कूल के खेल मैदान में आउटडोर स्टेडियम, जबकि पनशलवा कोसी इंटर हाईस्कूल के खेल मैदान में इंडोर स्टेडियम के निर्माण की स्वीति दी गई थी। लेकिनएक राजनीतिक साजिश के तहत अदल-बदल कर दिया गया है। सरकार के इस नीति का विरोध कांग्रेसजनों के अलावा इसके सहयोगी दल जोर-शोर से कर रहे हैं। इसी के तहत 8 जून को चक्का जाम कर इस मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजय शर्मा का समर्थन किया गया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर अगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आस-पास के लोगों के सहयोग से उग्र आंदोलन करने पर पार्टी विचार कर सकती है। आगे उन्होंने बताया कि इस संबंध में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर करने पर भी विचार विमर्श किया जा रहा है। इस मौके पर नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरज कुमार, रवि कुमार निराला, अमीन नारायण मुखिया, अनिल महतों, चंदन यादव, गिरीश कुमार आदि उपस्थित थे।

# मेहनत ,अनुशासन और संकल्प से मिलती है सफलता : बबलू

**खगड़िया (डीएनएस)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बछौता पंचायत स्थित राज कौशल रिसर्ट में दादा फिजिकल एकेडमी के निदेशक पवन कुमार के नेतृत्व में बिहार पुलिस, होमगार्ड एवं भारतीय सेना में चयनित लगभग 150 अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक बबलू कुमार मंडल शामिल हुए और सभी सफल अभ्यर्थियों को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक बबलू कुमार मंडल ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता कभी संयोग से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे वर्षो का कठिन परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और ढ़ संकल्प छिपा होता है। उन्होंने कहा कि आज जिन युवाओं को सम्मानित किया जा रहा है, उन्होंने अपने


सम्मानित करते विधायक।

अथक प्रयास और संघर्ष के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विधायक ने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि परिवार, समाज और पूरे खगड़िया जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास की होती है। आज खगड़िया के युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि अब उनके कंधों पर राष्ट्र सेवा की बड़ी जिम्मेदारी है। बिहार पुलिस, होमगार्ड और भारतीय सेना जैसे महत्वपूर्ण विभागों में सेवा का अवसर मिलना गौरव की बात है। उन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। विधायक बबलू मंडल ने दादा फिजिकल एकेडमी के निदेशक पवन कुमार की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान युवाओं को सही दिशा देने का काम कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं और शारीरिक दक्षता की तैयारी कराने वाले प्रशिक्षण केंद्र युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में यहां से और अधिक युवा विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाएंगे। समारोह के दौरान चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। सम्मान प्राप्त करने वाले युवाओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और प्रशिक्षण संस्थान को दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी सफल अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक नेता मनीष कुमार सिंह, ड. जैनेन्द्र नाहर, ड़ अमित आनंद, भाजपा नेता अश्वनी चौधरी, अश्वनी सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता मनीष कुमार राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विधायक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों के सुखद, सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवाओं की सफलता ही क्षेत्र के विकास और देश की प्रगति का आधार है।

## संक्षिप्त खबरें

### महंगाईऔर बढ़ते अपराध के विरोध में एक दिवसीय धरना

**बेलदौर।** महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध के मुद्दों को लेकर मंगलवार को राजद के द्वारा बेलदौर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष अरूण यादव ने की। वहीं धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राज्य सरकार पर जनहित के मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि बिहार में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे कम है, बावजूद सरकार विकास और गरीबी उन्मूलन के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार गरीबी दर 26 प्रतिशत से कम होने का दावा करती है, जबकि वास्तविकता में बीपीएल आबादी इससे कहीं अधिक है। धरना के दौरान नेताओं ने आरोप लगाया कि भूमिहीन और गृहहीन परिवारों को आवास के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई। जिन लोगों को भूमि आवंटित हुई भी है, उनमें से कई को सामंती प्रवृत्ति के लोगों द्वारा बेदखल कर दिया गया है। वक्ताओं ने राज्य में बढ़ते अपराध पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ी हैं और विधानसभा चुनाव के बाद ऐसे 50 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं। धरना कार्यक्रम धनंजय यादव,राजद के प्रधान महासचिव महेंद्र सिंह, जिला युवा महासचिव ष्ण यादव, निशु देवी, पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सरपंच हरदेव यादव, राजद नेता सुरेश शर्मा, सिकंदर यादव, जय किशोर यादव, सच्चिदानंद शास्त्री, बबलू कुमार, प्रभु नारायण चौधरी, गिरीश यादव समेत दर्जनों राजद नेता मौजूद थे।

### 12 जून को खरीफ अभियान महोत्सव का आयोजन

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड षि कार्यालय में 12 जून को खरीफ अभियान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के दौरान किसानों के बीच वैज्ञानिक तरीके से खरीफ खेती की जानकारी दी जाएगी। जानकारी देते हुए प्रखंड षि पदाधिकारी महेश कुमार के द्वारा बताया गया कि 12 जून को खरीफ अभियान महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसमें काफी संख्या में किसान भाग ले सकते हैं। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से फसल की पैदावार वृद्धि, किट प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन एवं रासायनिक उर्वरक के कम प्रयोग, वर्मी कंपोस्ट एवं घरेलू गोबर कंपोस्ट के प्रयोग से पैदावार में बढ़ोत्तरी के बारे में बताए जाएंगे। प्रखंड षि पदाधिकारी ने बताया की धुतौली पंचायत को क्लस्टर के रूप में चुने गए हैं, तथा इस पंचायत में शंकर धान हाइब्रिड लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किए जाएंगे। इसकी वैज्ञानिक विधि किसानों को बताई जाएगी। बताया गया कि यह बीज भी मुक्त प्रत्यक्षण के लिए दिए जाएंगे। ताकि इसके उन्नत पैदावार से किसानों को प्रेरणा मिले और किसान अधिक उपज के लिए शंकर धान हाइब्रिड बीज का खेती कर सके।

### छठ घाट के नीचे धंसी जमीन के गड्ढा भराया गया

**परबत्ता।** प्रखंड तेमथा करारी पंचायत के वार्ड संख्या-2 में जिला परिषद मद से करीब 14 लाख 500 रुपये की लागत से निर्मित सीढ़ीनुमा छठ घाट पहली ही बारिश में चर्चा का विषय बन गया। बारिश के दौरान घाट के नीचे की मिट्टी बह जाने से वहां गड्ढा बन गया, जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया।सोमवार को देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में छठ घाट के नीचे से बह चुकी मिट्टी और बने गड्ढे को दिखाया गया, जिसके बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि मानसून शुरू होने से पहले हुई बारिश में ही घाट के नीचे की मिट्टी बह जाना चिंता का विषय है। मामला प्रकाश में आने के बाद जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश यादव तथा पूर्व मुखिया पवन कुमार चौधरी ने त्वरित संज्ञान लिया। दोनों के प्रयास से 24 घंटे के भीतर गड्ढे को मिट्टी भरकर दुरुस्त करा दिया गया। मौके पर पूर्व मुखिया पवन कुमार चौधरी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने त्वरित मरम्मत कार्य की सराहना करते हुए निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की मांग की है। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि छठ घाट का निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती गई है। छठ घाट के बगल से तेज वारिस के कारण मिट्टी का बहाव हो गया था। जिसे दुरूस्त कर दिया गया है।

### स्विमिंग पुल बनाने के विरोध में आठवें दिन भी अनशन

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय के गांधी इंटर विद्यालय के मैदान खेल प्रतियोगिता का नहीं बल्कि जन आंदोलन का केंद्र बना हुआ है। इंडोर स्टेडियम निर्माण से खुश स्थानीय लोगों में उस समय नाराजगी फैल गई जब इसी परिसर में स्विमिंग पूल बनाने की प्रास्तावित योजना की जानकारी सामने आई। वही लोगों का कहना है कि इससे क्षेत्र का एकमात्र बड़ा खेल मैदान खत्म हो जाएगा तो स्थानीय छोटे-छोटे नोनीहाल कहां खेल पाएंगे। जिस कारण आमरण अनशन का आज आठवां दिन हो चुका है। जब गांधी


अनशनकारियों से बात करते अधिकारी।

इंटर विद्यालय के खेल मैदान में इंडोर स्टेडियम निर्माण हो रहा था तो ग्रामीणों में खुशी की माहौल बनी हुई थी। लेकिन स्विमिंग पुल निर्माण की चर्चा सामने आई तो इसका विरोध शुरू हो गया,जबकि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत स्टेडियम का निर्माण होना था। वही अनशनकारी संजय शर्मा का कहना है कि मेरी जान ही चली जाएगी तो स्विमिंग पूल का निर्माण हो जाएगा नहीं तो जब तक हमारी सांसे रहेगी तब तक सरकार की इस योजनाओं को सफल नहीं होने देंगे। उक्त मामले में उन्होंने बीते 2 जून से गांधी इंटर विद्यालय के खेल मैदान में आमरण अनशन शुरू कर दिया जो धीरे-धीरे खिलाड़ियों का भी समर्थन मिलने लगा। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार, अंचलाधिकारी अमित कुमार, थाना अध्यक्ष अजीत कुमार अनशन तोड़ने की बात को लेकर बातचीत किए। लेकिन अनशनकारी का कहना है कि हम लोग फील्ड बचाओ संघर्ष समिति से जब तक बातचीत नहीं करेंगे तब तक अनषन नहीं टूटेगी। उक्त बात सुनते ही सभी पदाधिकारी बैरंग वापस लौट गए।

# अग्निशमन विभाग अभियान से होटल-नर्सिंग होम विवाह भवनों की जांच से मचा हड़कंप

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** शहर में आगजनी की संभावित घटनाओं की रोकथाम तथा अगि सुरक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से अगिशमन विभाग ने व्यापक जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया। अनुमंडल अगिशामालय पदाधिकारी सदर मुंगेर दामिनी कुमारी के नेतृत्व में चली इस विशेष कार्रवाई से शहर के होटल, नर्सिंग होम, विवाह भवन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कई संचालक जांच टीम के पहुंचते ही सुरक्षा संसाधनों को दुरुस्त करने में जुट गए। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख संस्थानों में व्हाइट हाउस निवास, होटल उर्वशी, होटल राजस्थान, क्रेजी बाइट्स होटल, होटल हिल व्यू, होटल सम्राट, चाट पुचका रेस्टोरेंट, अंकुर नर्सिंग होम, गीतार्जुन हेल्थ केयर, आरोग्यम नर्सिंग होम, गायत्री विवाह भवन, भारत पेट्रोल पंप भगत तथा जय माता दी विवाह भवन का अगि सुरक्षा अंकेक्षण किया गया। टीम ने प्रत्येक संस्थान में अगिशमन यंत्रों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत वायरिंग, पानी की व्यवस्था, अगिशमन उपकरणों के रखरखाव तथा आपदा की स्थिति में निकासी व्यवस्था की गहन जांच की।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में अगिशमन यंत्रों के नियमित रखरखाव में कमी, आपातकालीन निकास मार्गों पर अवरोध, सुरक्षा संकेतकों की अनुपस्थिति तथा अन्य तकनीकी खामियां पाई गईं। कुछ स्थानों पर कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव संबंधी प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया था। इन कमियों पर नाराजगी जताते हुए अनुमंडल अगिशामालय पदाधिकारी दामिनी कुमारी ने संबंधित संचालकों को शीघ्र सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि होटल, नर्सिंग होम, विवाह भवन और पेट्रोल पंप जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अगि सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है। एक छोटी सी चूक बड़ी दुर्घटना और जानमाल के नुकसान का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि अगिशमन विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक कर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। सभी संस्थान संचालकों से अगिशमन यंत्रों का समय-समय पर नवीकरण कराने, कर्मचारियों को मक ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने तथा अगि सुरक्षा नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर जमालपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे।


होटल में अगि सुरक्षा अंकेक्षण करती अगिशमन विभाग की टीम।

## घर-घर में नहीं पहुंचा पानी तो अपने खर्च से कर लिया कनेक्शन

### नगर परिषद क्षेत्र के आधा दर्जन वार्डों में जल नल का कनेक्शन है अधूरा

**जमालपुर (मुंगेर)।** छोटी केशोपुर में हर घर जल नल योजना से वंचित लोगों ने बैठक आयोजित कर सर्व सम्मति से बताया कि पूर्व में आंदोलन के माध्यम से प्रशासन को दिए समय सीमा के अंदर हर घर जल नल योजना का लाभ वंचित लोगों को नहीं दिया गया।वंचित लोग चंदा एकत्रित कर या कर्ज लेकर कुछ लोगों ने कनेक्शन लिया पर हर लोगो के लिए यह भी संभव नहीं हो पा रहा कि चंदा देकर भी वाटर स्टैंड पोस्ट हर 50 - 50 मीटर पर खुद लगाने का काम खुद कर ले।आर्थिक स्थिति सबल नहीं रहने से पानी के लिए जुझना नियति बन गई है।तात्कालिक राहत लोगों को मिल सके उसके लिए आवेदन के माध्यम से प्रशासन को सूचित किया गया था कि पूर्व में हुए कनेक्शन की उच्च स्तरीय जच करवा कर देखा जाए कि किस किस घर में 1 से ज्यादा कनेक्शन किया गया है ,और किन नियमों को ताख पर रख कर किया गया था।अधिक मिले कनेक्शन को काटकर यदि हर घर जल नल योजना से वंचितों को दिया जाए तो जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के कम से कम 80 प्रतिशत लोगो को कनेक्शन मिल सकता है। पर प्रशासन की उदासीनता के कारण यह भी नहीं हो पा रहा इसलिए जल जैसी मूलभूत जरूरत के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है।आगे भी हर घर जल नल योजना का कनेक्शन जब तक हर वंचित लोगों के घर तक नहीं पहुंच जाता आंदोलन जारी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता लोजपा नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल ने किया। मौके पर चंदन कुमार साह, निशा देवी, सुलोचना देवी, पुष्पा देवी, चांदनी देवी, गायत्री देवी, सीता देवी, खुशबू देवी, जया देवी ,शिल्पी देवी, रूबी देवी, राजेश कुमार साह, विशाल सहित कई मौजूद थे।


आक्रोश व्यक्त करते पानी से कनेक्शन से वंचित।

## राष्ट्र निर्माण में बिरसा मुंडा की भूमिका से नहीं किया जा सकता इनकार

### एससीएसटी एसोसिएशन में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**जमालपुर (मुंगेर)।** अल इंडिया एससीएसटी रेलवे एम्पलइज एसोसिएशन कारखाना शाखा जमालपुर के द्वारा एसोसिएशन कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई।सर्वप्रथम कार्यालय परिसर में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा जी के मूर्ति पर माल्यार्पण पुष्पांजलि किया गया। तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू ने किया।एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष राम रतन सिंह मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जन जागरण का कार्य किया और समाज मेंआत्म सम्मान, एकता का सामाजिक सुधार का संदेश दिया। शाखा सचिव सतीश भारती ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में चलाए गए आंदोलन ने आदिवासी समुदाय में नई चेतना का संचार किया और स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा प्रदान की।आज भी उनके विचार सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के लिए मार्गदर्शक हैं। राष्ट्र निर्माण में युवाओं के भागीदारी और सामाजिक समरसता को मजबूत करना ही भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पूर्व अध्यक्ष टुड़ा मुर्मू, शिवसागर सोरेन, महेंद्र कुमार, रत्नेश्वर पासवान, राकेश कुमार, हेमंत परते,अरुण कुमार, गौतम दास ,बैजनाथ टुडू, राजेंद्र बलदेव उरांव ,आनंद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ राजद नेता ने बोला हल्ला

**जमालपुर (मुंगेर)।** राज्य सरकार के लापरवाही के कारण बढ़ रहे महंगाई,बेरोजगारी,अपराध एवं प्रशासन की तानाशाही के विरोध में जमालपुर में राजद कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय धरना का आयोजन हुआ। धरना की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कौसर फैयाज आलम ने किया। वही संचालन नगरध्यक्ष बम बम यादव ने किया। बैठक में नेताओं ने जमकर केंद्र एवं राज्य सरकार के विरोध में हाल बोलते हुए गूंगी बहरी सरकार पर जमकर प्रहार किया। संचालन कर रहे बम बम यादव ने कहा कि एनडीए सरकार में महंगाई के साथ भ्रष्टाचार एवं अपराध तेजी से बिहार में बढ़ रहा है जिस पर सरकार का कोई लगाम नहीं है। प्रशासन के तानाशाही रवैया से आम जनता परेशान है। धरना के माध्यम से राजद नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिए।मौके पर राजद नेता नागेश्वर प्रसाद यादव, रविंद्र कुमार रवि,गोरेलाल सिंह,विनय यादव,मयंक राज, बरकत अली,दीप नारायण ठाकुर,मंटू यादव, मोहम्मद रोहित,अजय मालाकार,साइ शंकर सहित दर्जनों मौजूद थे।


धरना देते राजद नेता कार्यकर्ता।

## पैसेंजर ट्रेन में महिला यात्री के गले से सोने की चेन की हुई चोरी

**जमालपुर (मुंगेर)।** पैसेंजर ट्रेन से धरहरा से जमालपुर आ रही महिला यात्री के गले से सोने का चेन चोरी होने का मामला मंगलवार को रेल थाना जमालपुर मैं देखा गया। रेल थाना के बाहर शिकायत करने पहुंची महिला यात्री शोभा रानी ने बताई की पैसेंजर ट्रेन से हम जमालपुर आ रहे थे। ट्रेन में ही कब मेरे गले से सोने का चेन चोरी हो गया यह पता नहीं चला। ट्रेन जब जमालपुर पहुंची तो प्लेटफार्म पर उत्तरी तो मेरे गले में चौन नहीं था। इधर-उधर काफी खोजबीन पूछताछ ट्रेन के अंदर बैठे यात्रियों से किया पर किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि आपका चौन चोरी हो गया। इसलिए इसकी शिकायत करने रेल थाना जमालपुर पहुंची हूं। इधर महिला की शिकायत प्लेटफर्म ड्यूटी पर मौजूद पदाधिकारी ने सुनते हुए कार्रवाई करने की बात कही। विदित हो कि प्लेटफार्म से लेकर ट्रेन में अचानक यात्रियों की भीड़ के कारण आए दिन इस तरह की घटना देखी जा रही है।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से मची अफरा तफरी

**जमालपुर (मुंगेर) -** जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बस्ती में बीते रात्रि शर्ट सर्किट से सिकंदर सिंह के घर में आग लग गई। बीते रात्रि करीब 12रू00 बजे किसान के घर में लगी आग से आसपास के घरों में अफरा तफरी का माहौल देखा गया। इधर किस के घर में लगी आग की सूचना लोगों के द्वारा अगिशमन में विभाग की टीम को दिया लेकिन जब तक विभाग की गाड़ी आग को बुझाने को लेकर रामपुर बस्ती पहुंचती तब तक आज पड़ोस के लोगों के सहयोग से बुझाने में सफल रहे। हालांकि जमालपुर थाने की छोटी अगिशमन में की गाड़ी आपको बुझाने के लिए तो समय पर जरूर पहुंची पर गाड़ी में तेल नहीं तेल खत्म होने के कारण किसानों के आक्रोश का सामना विभागीय टीम को करना पड़ा। इधर शर्ट सर्किट से लगी आग में किसान के फर्नीचर सहित कपड़े एवं अनाज जलकर राख हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### 'पटना में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, 56,300 रुपये जुर्माना वसूला'

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी, पटना के निर्देश पर जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित रूप से मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक मार्गो एवं सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया।कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों से कुल 56,300 रुपये जुर्माना वसूला गया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान संचालित करने का निर्देश दिया है। साथ ही आदतन अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करने को कहा गया है।प्रशासन ने आम लोगों से भी सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों को अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

### 'जमुई में फुफेरी बहनों की शादी चर्चा में, परिवार ने जताई नाराजगी'

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड स्थित हरला गांव की 22 वर्षीय नयनश्री कुमारी और उनकी फुफेरी बहन राखी कुमारी की शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, राखी कुमारी ने कुछ माह पूर्व जेंडर ट्रांजिशन प्रक्रिया पूरी कर अपनी पहचान राहुल के रूप में अपनाई थी। इसके बाद दोनों ने 31 मई 2026 को जमुई के पटेश्वर नाथ मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया।बताया जाता है कि दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के संपर्क में थे और आपसी सहमति से विवाह का निर्णय लिया। विवाह के बाद दोनों परिवार से अलग रह रहे हैं तथा परिजनों से संपर्क सीमित कर दिया है।वहीं, नयनश्री के परिवार ने इस विवाह पर नाराजगी जताई है। परिजनों का कहना है कि उन्हें बेटी से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उसके इस निर्णय से परिवार आहत है। मामले को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जबकि दोनों वयस्कों के निर्णय को लेकर सामाजिक और कानूनी पहलुओं पर भी बहस छिड़ गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जीतलाल एवं मनोज के गोल से मुबारक चक मुंगेर की शानदार जीत

#### एक तरफा मुकाबले में धरहरा को 2 - 0 से हुए पराजित

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे के जेएसए मैदान में खेले जा रहे यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबल टूर्नामिंट का तीसरा मैच मुबारक चक मुंगेर एवं शंकर स्पोर्टिंग क्लब धरहरा के बीच खेला गया। खेले गए मैच का पहला गोल मुंगेर की ओर से 19 में मिनट में जर्सी नंबर 10 के जीत लाल ने किया तो दूसरा गोल जर्सी नंबर 8 के मनोज कुमार ने 56 मिनट में कर अपनी टीम को 2 - 0 से आगे किया। इधर मैच के अंतिम समय तक धरहरा की टीम की ओर से कोई गल नहीं हो सका इस तरह मुबारक चक मुंगेर ने धरहरा 2 - 0 से धरारा को पराजित कर अगले राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली।मैच में निर्णय की भूमिका में मोहम्मद सलाम, सुधांशु कुमार, रामरक्षा,ष्णानंद, प्रवीण शंकर ने अहम भूमिका निभाई। मैच के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा परिषद के सदस्य लालमोहन गुप्ता ने मैच शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई करते हुए किया।जबकि टूर्नामिंट को सफल बनाने में मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब के अध्यक्ष उमेश सिंह,शिवलाल रजक,अशोक सिंह चौहान,अजीत कुमार,अनिल पासवान, प्रहलाद राउत,प्रवीण कुमार, मनोज कुमार, ष्णानंद,जैनुल आबेदीन सहित कई सदस्यों भूमिका की जमकर प्रशंसा अतिथि ने किए। मौके पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष रंजीत प्रसाद,विष्णु देव पासवान,प्रवीण कुमार, रंजीत प्रसाद,नंदकिशोर यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।


खिलाड़ी से हाथ मिलाते अतिथि।

### शिक्षकों की लंबित 'समस्याओं' के 'समाधान को लेकर हुई महत्वपूर्ण वार्ता, 45 दिनों में राहत की उम्मीद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) ड. जमाल मुस्तफा एवं प्रधान लिपिक करुण कुमार सिन्हा के साथ बिहार अराजपत्रित शिक्षक संघ तथा बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए-गोपगुट) के प्रतिनिधियों की संयुक्त वार्ता संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक (बीपीएससी टीआरई-1, 2 एवं 3), प्रधान शिक्षक तथा नियोजित शिक्षकों से जुड़ी लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।संघ के प्रतिनिधियों ने शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई, जिस पर अधिकारियों ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान उम्मीद जताई गई कि अगले 30 से 45 दिनों के भीतर अधिकांश लंबित मामलों का निष्पादन कर दिया जाएगा। संघ ने शिक्षकों से अपील की है कि जिनकी समस्याएं अभी तक लंबित हैं, वे संघ अथवा संबंधित कार्यालय को उचित माध्यम से अवगत कराएं, ताकि उनके मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में दोनों संगठनों के प्रदेश एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यरानी एक्सप्रेस में मोबाइल झपटमार गिरफ्तार, तीन चोरी के फोन बरामद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजेंद्र सेतु के समीप राज्यरानी एक्सप्रेस में यात्रियों का मोबाइल झपटकर भाग रहे एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिन्हें बाद में उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया।जानकारी के अनुसार, आरोपी अपने एक साथी के साथ ट्रेन में चढ़कर यात्रियों के मोबाइल झपटता था और चलती ट्रेन से उतरकर फरार हो जाता था। घटना के दौरान आरपीएफ की सतर्क टीम ने पीछा कर एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा।आरपीएफ की इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षी जितेंद्र सिंह, सौरभ कुमार एवं महेंद्र कुमार मीणा की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बरौनी जीआरपी के हवाले कर दिया गया है, जहां उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच आरपीएफ की इस कार्रवाई से रेल यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

### चोरी के आभूषणों के साथ दो चोर गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मरांची थाना कांड संख्या 48626 के घर में चोरी मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपित चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी गए आभूषण भी बरामद किए गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ रामष्ण ने बताया कि तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई कर चोरी की घटना का टीटी खुलासा किया गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

### तेज आंधी से विद्यालय को नुकसान, पेड़ गिरने से सौर प्लेट व किचेन शेड क्षतिग्रस्त

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सोमवार अपरा करीब 3 बजे आई तेज आंधी के कारण प्राथमिक विद्यालय मोगलचक परिसर में एक तार का पेड़ टूटकर गिर गया। पेड़ गिरने से विद्यालय में लगी सौर प्लेट तथा किचेन शेड क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के समय विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। विद्यालय प्रशासन ने क्षति का आकलन कर संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी है।

### ट्रेन में लावारिस मिली 10 दिन की नवजात यात्रियों की सतर्कता से बची मासूम की जान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना-गया पैसेंजर ट्रेन में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। ट्रेन की एक सीट पर कपड़े में लिपटी करीब 10 दिन की नवजात बच्ची लावारिस हालत में रोती हुई मिली। मासूम की आवाज सुनकर यात्रियों ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित पुनपुन स्टेशन पर उतारा और रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस एवं चिकित्सकीय जांच में नवजात पूरी तरह स्वस्थ पाई गई है। फिलहाल बच्ची को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की देखरेख में भेज दिया गया है, जहां उसकी उचित देखभाल की जा रही है। वहीं रेलवे पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उन लोगों की पहचान में जुटी है जिन्होंने मासूम को ट्रेन में बेसहारा छोड़ दिया।घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर जहां किसी ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया, वहीं दूसरी ओर अनजान यात्रियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक नन्ही जान को सुरक्षित भविष्य की उम्मीद दी है।

## अंग्रेजी शराब के साथ बेगूसराय और लखीसराय के तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)** आरपीएफ एवं सीआईबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों के पास से कुल 1936 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14,500 रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तार तस्कर लखीसराय जिले के बलजी थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार तथा बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के धीरज कुमार के रूप में हुई है।आरपीएफ यार्ड पोस्ट इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के एसआई जेआर मीणा और सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर में सघन जांच और निगरानी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान ट्रेन मालदा टाउन-आनंद विहार एक्सप्रेस के एसी कोच से दो युवक पिट्ठू बैग लेकर प्लेटफर्म संख्या-1 से फुटओवर ब्रिज की ओर तेजी से जाते दिखाई दिए। संदेह होने पर आरपीएफ जवानों ने दोनों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। इसके बाद जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को फुटओवर ब्रिज पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान लखीसराय जिले के बलजी थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार तथा बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के धीरज कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पवन कुमार के बैग से अफिसर्स चइस एलीट व्हिस्की की 180 एमएल की 54 बोतलें बरामद हुईं। वहीं धीरज कुमार के बैग से इसी ब्रांड की 48 बोतलें तथा हेवर्ड्स 5000 स्ट्रन्ग बीयर के 500 एमएल के दो कैन बरामद किए गए। सभी शराब की बोतलों पर फर सेल इन वेस्ट बंगाल ओनली अंकित था। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को नियमानुसार जब्त कर दोनों आरोपियों को आरपीएफ पोस्ट जमालपुर लाया गया।


बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

## खबरें : एक नजर में

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार देवर-भाभी को मारी टक्कर, देवर की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** तीयर थाना क्षेत्र के यादोपुर गांव के समीप सोमवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार देवर-भाभी को टक्कर मार दी। हादसे में देवर की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं मृतक की जख्मी भाभी का इलाज शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के मनिया डिहरी गांव निवासी विनोद शर्मा का 25 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार है। वह पंजाब के लुधियाना में स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। जख्मी उसकी चचेरी भाभी तीयर थाना क्षेत्र के उत्तरदाहा गांव निवासी धनेश शर्मा की 30 वर्षीया पत्नी रीमा देवी है। मृतक के भाई दीपक शर्मा ने बताया कि वह अपनी चचेरी भाभी रीमा देवी को बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया गांव अपनी फुआ कुसुम देवी के घर छोड़ने जा रहा था। उसी दौरान यादोपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन सवार ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उसकी भाभी रीमा देवी का इलाज शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

### दो बाइक की भिड़ंत में अधेड़ समेत दो जख्मी, एक रेफर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया गांव के समीप मंगलवार की सुबह दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे बाइक पर सवार एक अन्य युवक का इलाज परिजन द्वारा निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के लहराबाद गांव निवासी स्व रंगी पासवान के 65 वर्षीय पुत्र महेंद्र पासवान एवं दूसरे बाइक पर सवार एक अन्य युवक शामिल है।

### अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गडहनी थाना क्षेत्र के अगिआंव मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया अगिआंव मोड निवासी सीताराम यादव का 29 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सिंह उर्फ झगरू सिंह है।

### पति से झगड़ा के बाद पत्नी ने खाया जहर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरौली गांव में सोमवार को पति से झगड़ा के बाद पत्नी ने जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उक्त महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी हेमा कुमारी है।

### गन्ना मशीन की चपेट में आने से युवक जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना के प्राइवेट बस स्टैंड में गन्ना मशीन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी मुफस्सिल थाना के अलीपुर गांव निवासी शारदानंद यादव का 20 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है।

### मारपीट और गोलीबारी में दो आरोपित गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना के रामापुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा करने को लेकर उपजे विवाद के दौरान मारपीट और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरतार किया है। आरोपितों में मुफस्सिल थाना के सारंगपुर निवासी महंगु चौधरी का पुत्र लड्डू चौधरी एवं गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी रामभजु राय का पुत्र नीरज कुमार शामिल है।

### हेरोइन एवं नगदी के साथ धंधेबाज गिरतार, हेरोइन, नगद एवं तराजू बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी थाना पुलिस द्वारा हेरोइन एवं नगदी के साथ एक धंधेबाज को गिरतार किया गया। उसकी गिरतारी थाना क्षेत्र के अगिआंव से की। तलाशी के दौरान उसके पास से 4 ग्राम हेरोइन, 17 सौ रुपये नगद एवं 1 इलेक्ट्रनिक तराजू बरामद किया है। गिरतार धंधेबाज थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी शहिद अली का पुत्र सोनू अली है। वर्तमान में वह गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव में किराए का मकान लेकर रहता था। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। गड़हनी थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

# मुफ्त बिजली योजना एवं सहयोग शिविर को लेकर बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम मीटिंग के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं सहयोग शिविर की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता (विद्युत विभाग) को निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों से अधिक से अधिक सहमति पत्र प्राप्त किए जाएँ, ताकि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके।



जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।




उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधकों (बीपीएम) एवं सभी कनीय अभियंताओं को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह योजना आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अतः इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता एवं तत्परता के साथ कार्य करें।

सहयोग शिविर की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पूर्व में आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

जिला पदाधिकारी ने आगामी 16 जून 2026 को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक पूर्व तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें तथा अपनी समस्याओं एवं मांगों के समाधान के लिए शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर सकें।

बैठक में उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अपर समाहर्ता (राजस्व), भोजपुर, अपर समाहर्ता (आपदा), सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव में मंगलवार को घरेलू विवाद में एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मायके वालों द्वारा ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी अर्जुन सिंह की 25 वर्षीया पत्नी रेखा देवी है। इधर, मृतका की बड़ी बहन नेहा देवी ने बताया कि तरारी थाना क्षेत्र के विपनडीह गांव निवासी उनके पिता सतेंद्र सिंह ने 1 मई 2019 को अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी कमल कृष्णा प्रसाद के पुत्र अर्जुन सिंह से उसकी बहन रेखा देवी की शादी की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चला आ रहा था। मृतका की बहन नेहा देवी ने उसके ससुर कमल कृष्णा प्रसाद, उसकी जेठानी गुड़िया देवी एवं उसके दो पुत्रों अपनी बहन की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी मृतका के परिजन द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

# जमीन के विवाद में बुजुर्ग रिटायर होमगार्ड जवान की पीट-पीटकर हत्या

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना के शोभनाथ के बथान गांव में सोमवार की सुबह जमीन के विवाद में बुजुर्ग रिटायर होमगार्ड जवान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

बुजुर्ग रिटायर होमगार्ड जवान की हत्या के बाद आक्रोशितो ने आरोपियों की गिरतारी की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह नयका टोला मोड पर रोड जाम कर दिया।

इस दौरान टायर जलाकर आगजनी की गई। करीब दो घंटे जाम से वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा।

स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाया।

मृतक जगदीशपुर थाना के शोभनाथ के बथान गांव निवासी स्व मोलन यादव के 65 वर्षीय पुत्र सह रिटायर होमगार्ड जवान नंदजी है। मृतक के भतीजे पिंटू यादव ने बताया कि पड़ोसी से ही करीब दस वर्षो से छह डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

जमीन मापी की तारीख उन लोगों को रविवार को मिली थी। तभी सोमवार को उक्त पड़ोसी पक्ष के लोग नशे की हालत में उनके घर आ गए और उनके बीच बहस हुई।

जिसके बाद उक्त पड़ोसी लोगों के द्वारा लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसके बड़े पापा नंदजी को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## मोबाइल व नगदी के साथ पाकेटमार गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो स्टेशन से पुलिस ने दो मोबाइल फोन व चार हजार रुपये के साथ एक पाकेटमार को गिरफ्तार किया है। उक्त पाकेटमार रेल यात्री का मोबाइल व रुपये लेकर भागते समय पकडा गया। पुलिस के अनुसार पीरो निवासी गौतम कुमार सासाराम से ट्रेन द्वारा पीरो स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन से उतरते समय पाकेटमार ने उनकी जेब से मोबाइल व रुपये निकाल लिये। शोर मचाने पर पाकेटमार भागने लगा जिसे वहां मौजूद लोगों ने दबोच लिया। गिरतार पाकेटमार कुंदन सिंह आसनसोल (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला बताया जा रहा है। गौतम कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार पाकेटमार को जेल भेज दिया गया है।

## सोन नदी में नहाने के दौरान दो छात्र डूबे, एक की मौत, दूसरे की बची जान, बहियारा गांव स्थित सोन नदी के किनारे की घटना



**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव स्थित सोन नदी में नहाने के दौरान दो छात्र डूब गए। जिसमें एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार मृत छात्र चरपोखरी थाना क्षेत्र के बहरी गांव निवासी शैलेंद्र कुमार का 16 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार है। वह इंटर का छात्र था। इधर, मृतक के मौसा आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि वह गांव से आरा ट्यूशन पढ़ने आया था। ट्यूशन खत्म करने के बाद वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बहियारा गांव स्थित बालाजी की मंदिर घूमने चला गया। मंदिर के किनारे सोन नदी भी है। घूमने के बाद तीनों सोन नदी में नहाने चले गए। नहाने के दौरान पहले उसका दोस्त डूबने लगा। उसे बचाने के क्रम में वह भी डूब गया। हालांकि स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसके दोस्त को बचा लिया गया। इसके बाद उसके साथ रहे दोस्तों द्वारा इसकी जानकारी परिजन को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं छात्र के परिजन सोन नदी के किनारे पहुंचे। पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ टीम के अथक प्रयास के बाद मंगलवार की दोपहर शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके पश्चात पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम अस्पताल में कराया गया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां अंजू देवी एवं एक भाई अनीश कुमार है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में रोना-धोना मच गया।

## देशी-विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना पुलिस द्वारा देशी-विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरतार किया गया। उसकी गिरतारी थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा रोड से की। तलाशी के दौरान उसके पास से 21 लीटर विदेशी एवं 5 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। गिरतार कारोबारी टाउन थाना क्षेत्र के मोती टोला निवासी शशि लाल का पुत्र सन्नी कुमार है। बताया जाता है कि टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की अहिरपुरवा रोड में एक व्यक्ति देशी-विदेशी शराब की खरीद बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरतार कर लिया। पुलिस ने टाउन थाना में उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## जनरल स्टोर के शटर का ताला तोड़कर चोरी, तीन पकड़ाये

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोड़ के समीप सोमवार व मंगलवार की दरमियान रात चोरों ने जनरल स्टोर में प्रवेश कर नगदी समेत अन्य सामान चुरा लिए। हालांकि पुलिस की तत्परता से तीन चोरों को पकड़ लिया गया। जबकि दो भागने में सफल हो गए।

उनके पास से 3970 रुपये नगद बरामद हुआ। भुक्तभोगी दुकानदार के लिखित आवेदन के आधार पर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

दिए गए आवेदन में नवादा थाना क्षेत्र के तिलक नगर कतीरा मोहल्ला निवासी स्व उमापति त्रिपाठी के पुत्र कमलेश त्रिपाठी ने कहा है कि उनका कतीरा मोड़ के पास मां विंध्यवासिनी जनरल स्टोर है। 8 जून की रात्रि लगभग करीब 10 बजे वे अपना दुकान बंद करके घर चले आए। रात्रि लगभग 2 बजे उनके मोबाइल पर नवादा थाना के पुलिस पदाधिकारी का कल आया कि आपकी दुकान में चोरी हुई है। जब दुकान पर पहुंचे, तो देखा की दुकान का शटर तोड़कर उठा दिया गया है कैश काउंटर तोड़कर करीब 55 हजार कैश चुरा लिया गया है। पुलिस पदाधिकारी ने मौके से धोबीघाट नट टोली निवासी तीन चोरों को पकड़ा।

तलाशी के दौरान उनके पास से दुकान से चोरी गए कल 3970 रुपये नगद बरामद किया। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि दो चोर फरार है। शेष पैसा उन्हीं के पास है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरतार तीनों नाबालिग है।

## मंगल फौजी फिजिकल अकादमी ने चयनित 40 अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित



मंगल फौजी फिजिकल अकादमी के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो अनुमंडल के प्लस 2 उच्च विद्यालय, पीरो के प्रांगण में मंगल फौजी फिजिकल अकादमी के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार पुलिस एवं भारतीय सेना (आर्मी) में चयनित 33 लड़कों एवं 7 लड़कियों सहित कुल 40 सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अकादमी के संचालक मंगल सिंह ने किया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय व मनीष यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी सफल अभ्यर्थियों को फूल-माला, गमछा एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का बड़ी संख्या में बिहार पुलिस और सेना में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। अकादमी के संचालक मंगल सिंह ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर उन्हें सेना, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों में चयन के लिए तैयार करना है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। मौके पर अजीत कुमार, राजु, विकाश कुमार, करण सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजुद थे।

## सम्मान समारोह की सफलता को ले संपर्क अभियान, अभिनंदन समारोह आज

**पीरो/जगदीषपुर (दैनिक नवसंदेश)।** दलीपपुर में आयोजित होने वाले एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन सह योजना एवं विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा के अभिनंदन समारोह को सफल बनाने के लिए जदयू नेता एवं समाजसेवी उमेश कुमार मंटू के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्र के दलित और महादलित बस्तियों में जनसंपर्क चलाया गया। इस दौरान श्री यादव व उनके सहयोगियों ने सरकार द्वारा शुरु की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देते हुए उनसे संबंधित योजना का लाभ उठाने की अपील की गई। साथ ही बुधवार को आयोजित हो रहे समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित भी किया गया।




अभिनंदन समारोह।

## खबरें खास-खास

## राजद कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय धरना जनसमस्याओं के समाधान की उठी मांग

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय पर राजद द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के प्रभारी पूर्व मेयर आरा एवं वरिष्ठ राजद नेता सुनील यादव तथा मुख्य वक्ता संदेश के पूर्व विधायक विजेंद्र यादव थे। अध्यक्षता कोईलवर उत्तरी के जिला परिषद सदस्य रविंद्र रजक ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव पंचायती प्रकोष्ठ सीपी चक्रवर्ती ने किया। धरना के दौरान नेताओं ने क्षेत्रवासियों की विभिन्न गंभीर जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि जनता के लिए न्यायपूर्ण बदलाव और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना है। धरना में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और स्थानीय प्रशासन से जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।




राजद का एकदिवसीय धरना, जनसमस्याओं के समाधान की उठी मांग।

## बढ़ती महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** राजद के कार्यकर्ताओं ने बढती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बदहाल शिक्षा व कानून व्यवस्था के खिलाफ मंगलवार को पीरो प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। पार्टी के वरीय नेता मदन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित धरना कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नेताओं ने कहा कि आज कथित डबल इंजन की सरकार में महंगाई ने सारी हदें तोड दी हैं। धरना में शामिल लोगों में विजय यादव, जयंत यादव, सुनील कुमार सिंह, श्रीराम सिंह, संजय सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सुशील कुमार, गुड्डू सिंह, पिंटू कुमार यादव, सुनील कुमार राम, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र गोप, मनोज कुमार सिंह, नंदलाल सिंह आदि प्रमुख थे।



राजद के कार्यकर्ताओं ने बढती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बदहाल शिक्षा व कानून व्यवस्था के खिलाफ मंगलवार को पीरो प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया।

## प्रखण्ड मुख्यालय में राजद का एक दिवसीय धरना

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को विभिन्न मांगों के समर्थन में राजद के कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह उर्फ सत्यनारायण यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपें गए ज्ञापन में बेतहाशा महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा की बदहाली, ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ते भ्रष्टाचार सहित सात सूत्री मांगों का समाधान करने के लिए आग्रह किया गया है। मौके पर तरारी जिला पार्षद जितेन्द्र प्रताप सिंह, आरती देवी, चरपोखरी के प्रमुख रामचन्द्र सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख चन्द्रमा राम, पूर्व प्रमुख मनु यादव, शिक्षाविद राम अवधेश सिंह, डा शैलेन्द्र कुमार, विमल कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, सरपंच सभा सिंह, पूर्व सरपंच शैलेन्द्र कुमार, पूर्व पसस संजय कुमार एवं जय प्रकाश राम सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।




प्रखण्ड मुख्यालय में राजद का एक दिवसीय धरना।

## महंगाई को ले सरकार पर बरसे पूर्व विधायक लोहिया भ्रष्ट्र तंत्र को जगाना जरूरी : किशोर कुणाल

**जगदीशपुर/ शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पूरे देश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ राजद की तरफ से जगदीशपुर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजद के पूर्व प्रत्याशी किशोर कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार को 'गहरी नींद में सोई हुई' बताते हुए कहा कि इसे जगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा जो प्रधानमंत्री कहते थे कि रुपया नहीं गिरता है, आज रुपया इतना नीचे गिर गया है कि देश की इकोनमी आठवें स्थान पर आ गई है। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय यादव, भाई दिनेश,युवा प्रखंड अध्यक्ष रवि यादव भोला खान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शाहपुर में राजद की प्रखंड इकाई ने शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई और कानून-व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष शिवप्रसन्न यादव ने किया। वक्ताओं ने राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। जितेंद्र चौबे, मुखिया बीरबल सिंह, मुन्ना पांडे और युवा नेता बरमेश्वर यादव ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लगातार लीक हो रहे हैं। जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। धरना कार्यक्रम में मुखिया बलिराम यादव, बृजकिशोर पांडे, संतोष पासवान, परसुराम यादव, सुदामा यादव, मो मुख्तार शाह, डिग्री यादव समेत बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।




राजद की तरफ से जगदीशपुर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया।

## जवइनिया के कटाव निरोधी कार्यों में अनियमितता की जांच की मांग

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व विधायक मुन्नी देवी ने बक्सर बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल द्वारा जवइनिया में कराए जा रहे कटाव निरोधी कार्यो में कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में कहा गया है कि अल्पकालीन निविदा संख्या 02/2025-26 एवं एजेंडा संख्या 244/30/2026 के तहत कराए जा रहे कार्यो में नियमों की अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक निर्माण कंपनी को पूर्व में ब्लैकलिस्ट किए जाने और जीएसटी बकाया रहने के बावजूद कार्य आवंटित किया गया। मुन्नी देवी ने पत्र में यह भी सवाल उठाया है कि निविदा में कार्य पूर्ण करने की तिथि 15 मई 2026 निर्धारित है। जबकि एकरारनामा में 15 जुलाई 2026 अंकित किया गया है। जबकि जुलाई माह में गंगानदी के जलस्तर बढ़ने लगता है। जिला पदाधिकारी भोजपुर के निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन 800 मजदूर लगाने के निर्देश का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इसका पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि कार्य में जानबूझकर विलंब किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### वीर सावरकर जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित, युवाओं से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपील

**हुलासगंज (जहानाबाद)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत अभियान के तहत सोमवार को गया-पटना मुख्य मार्ग स्थित साधना निकेतन सभागार में महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर



की जयंती के अवसर पर समारोह सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व विकास के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता के स्वयंसेवक एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विभाष कुमार विभूति ने की, जबकि मंच संचालन स्वयंसेवक बिट्टू कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि जदयू के प्रदेश महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में विभाष कुमार विभूति ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ह्यमेरा युवा भारतह्ल अभियान युवाओं को राष्ट्र सेवा, नेतृत्व क्षमता के विकास तथा सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं एवं विद्यार्थियों पोर्टल पर पंजीकरण कर समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मुख्य अतिथि राजीव नयन उर्फ राजू सिंह तथा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा ने वीर सावरकर के जीवन, उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्रवादी विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावरकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूरजपुर पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार, साधना निकेतन विद्यालय के निदेशक इंजीनियर अभय नारायण तथा मध्य विद्यालय सुभानीबीघा के शिक्षक हर्षित गौतम ने भी युवाओं को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वीर सावरकर के विचारों, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा राष्ट्रवाद के विभिन्न आयामों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में छात्राओं का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। हुलासगंज की वासु प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मानसी कुमारी द्वितीय एवं सुल्तानपुर की मुस्कान कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

"युवा शक्ति जब जाग उठे, राष्ट्र नई पहचान बने,
सपनों को संकल्प मिले, भारत फिर महान बने।"

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था, जिसमें आयोजकों को उल्लेखनीय सफलता मिली।

### सोइया घाट पर नमामि गंगे का स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को नमामि गंगे के तत्वावधान में जहानाबाद के सोइया घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग



लेकर घाट परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। अभियान के दौरान कार्यकताओं ने घाट क्षेत्र में फैले कचरे को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्थानीय नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों, नदी घाटों एवं जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने तथा गंदगी नहीं फैलाने की अपील की।

**युवाओं ने की घाट की सफाई, स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नमामि गंगे की प्रदेश उपाध्यक्ष अनंता कुमारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजनाओं या विशेष अभियानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नमामि गंगे के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का अभियान तभी सफल होगा जब आम लोग स्वयं इसकी जिम्मेदारी महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे का उद्देश्य केवल घाटों की सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों में नदियों, जल स्रोतों और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी है। कार्यकताओं ने युवाओं से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर शुभम, केतु सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने, जल स्रोतों की रक्षा करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### दो माह से सड़क पर बह रहा नाले का पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

**जहानाबाद (एनएसबी) ।** मोदनगंज प्रखंड के साइस्ताबाद गांव में पिछले लगभग दो माह से नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के कारण



राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यही सड़क मंदिर तक जाने का प्रमुख मार्ग भी है। ग्रामीणों ने धामपुर-साइस्ताबाद सड़क की जर्जर स्थिति एवं गांव में सफाई व्यवस्था की बदहाली पर भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मुखिया विजय चौधरी ने बताया कि मामले की जानकारी ग्रामीण कार्य विभाग को दी गई थी तथा स्थल निरीक्षण भी हुआ, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब इस मामले को जिला पदाधिकारी के समक्ष उठाने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर स्थायी समाधान की मांग की है।

# चोर ने घर में घुसकर खोला गोदरेज का ताला, शोर हुई तो चाबी लेकर भागा चोर

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था बीच बाजार में मंगलवार के अगले सुबह उसे समय अपराध तफरी की स्थिति काम हो गई। जब एक चोर घर में घुसकर चोरी का प्रयास कर रहा था। हालांकि गृह स्वामी के शोर सराबे के बाद बाजार के सड़क पर सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई इसके बाद चोर चोरी करने में सफल नहीं हुए और लाखों के सामान चोरी होने से बच गया हल्ला होते ही चोर आनन-फानन में गोदरेज का चाबी भी लेकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्था बीच बाजार निवासी सिद्धनाथ प्रसाद साब उर्फ बुटन



लोगों की लगी भीड़।

हलवाई के घर में मंगलवार के अहले सुबह घर के छत पर बने रूम में चोर घुसा था तभी घर के एक महिला उसे रूम में गया तो अनजान युवक को देखा इसके बाद चोर चोर का हल्ला किया हल्ला के बाद बुटन हलवाई की धर्मपत्नी बाजार में आकर चोर चोर का शोर मचाने लगे देखते-देखते उक्त जगह पर सैकड़ो की भीड़ उमड पड़ी उक्त मामले की सूचना गृह स्वामी ने स्थानीय थाने को दी सूचना पाते हैं। कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे इसके बाद गृहस्वामी सिद्धनाथ प्रसाद साब उर्फ बुटन साब के पुत्र श्याम किशोर के बयान के आधार पर मुन्ना चौधरी के पुत्र अजीत कुमार को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि चोरी की घटना में मुन्ना चौधरी के पुत्र अजीत कुमार की संलिप्तता पायी गई उसके घर से गोदरेज की चाबी भी बरामद किया गया है। पुलिस कागजी कार्रवाई कर न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

**मंगलवार को पौ फटते ही घर में घुसा चोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

## 22 जून को पटना में होगा आभार सह अभिनंदन समारोह



बैठक में भाग लेते लोग।

**कुर्था (एनएसबी)** जिला अतिथि गृह में सोमवार को बिहार सरकार के खनन एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 22 जून 2026 को पटना के एस.के. मेमोरियल हॉल में आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समारोह में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने अरवल जिले के अति पिछड़ा समाज के लोगों से हजारों की संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। डॉ. चन्द्रवंशी ने कहा कि एनडीए गठबंधन ने बिहार विधान परिषद के 9 उम्मीदवारों में से 6 उम्मीदवार अति पिछड़ा समाज से देकर राज्य की राजनीति में एक नया संदेश दिया है। इसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अति पिछड़ा समाज द्वारा आयोजित इस समारोह में एनडीए नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया जाएगा तथा नवनियुक्त विधान परिषद सदस्यों का अभिनंदन किया जाएगा। बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष अनंत कुमार वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चन्द्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुन्नी चन्द्रवंशी, सतेन्द्र विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ गुड्डू चन्द्रवंशी, नगर अध्यक्ष चंदन खत्री, अजय चन्द्रवंशी, संजीत चन्द्रवंशी, मिथिलेश चन्द्रवंशी, शिवपूजन जी, राजेश मुखिया, प्रखंड उपप्रमुख सतीश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ राजद का प्रखंड मुख्यालयों पर धरना



**जहानाबाद (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व के राज्यव्यापी आह्वान पर मंगलवार को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर महंगाई, बेरोजगारी एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के विरोध में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना के माध्यम से राजद नेताओं एवं कार्यकताओं ने विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

सदर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरविंद चन्द्रवंशी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मसौढ़ी की पूर्व विधायक रेखा पासवान शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक भ्रष्टाचार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आम जनता परेशान है। रेखा पासवान ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से आम परिवारों का बजट प्रभावित हुआ है। वहीं रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिलने से युवा वर्ग निराश है और बड़ी संख्या में पलायन करने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी कार्यालयों में आम लोगों के कार्यों के निष्पादन में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए राजद लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा और जनहित के मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाता रहेगा। धरना कार्यक्रम

**केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में कार्यकताओं ने बुलंद की आवाज**

का संचालन नगर अध्यक्ष बैकुण्ठ यादव ने किया। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, प्रधान महासचिव परमहंस राय, सांसद प्रतिनिधि धर्मपाल यादव, डॉ. रविकांत कुमार, सुमन सिद्धार्थ, सरोज देवी, गुड़िया देवी, कामिल अख्तर, कामेश्वर सिंह, विजेन्द्र पाल, अशोक कुमार, सुरेश बिन्द, विजय गोस्वामी, दिलीप कुमार, सुनील कुमार, अर्जुन सिंह, सुजीत कुमार, साधु यादव, विमल कुमार, मिथलेश यादव, सूर्यदेव नारायण सहित अनेक नेताओं एवं कार्यकताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं रतनी-फरीदपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जहानाबाद विधायक राहुल कुमार राहुल ने कहा कि वर्तमान सरकार महंगाई, बेरोजगारी और जनसुविधाओं के मुद्दों पर अपेक्षित परिणाम देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार एवं आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार काको प्रखंड मुख्यालय में रंजीत पासवान, मखदुमपुर में राजप्रेम यादव, घोसी में पवन चन्द्रवंशी, हुलासगंज में अरुण कुमार तथा मोदनगंज प्रखंड मुख्यालय में दिनेश कुमार की अध्यक्षता में धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है

**अरवल (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना रू कन्या सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को विवाह उपरांत सहायता प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है। इस योजना का उद्देश्य न केवल विवाह के अवसर पर आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, बल्कि कन्या शिक्षा को बढ़ावा देना, विवाह पंजीकरण को प्रोत्साहित करना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी रोक लगाना भी है। योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे बी पी एल.) जीवन-यापन करने वाले परिवारों अथवा वार्षिक आय 60,000 तक वाले परिवारों की कन्याओं को विवाह के उपरांत 5,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि लाभुक के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है तथा लाभ सीधे पात्र लाभार्थी तक पहुँचता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का प्रमुख उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनके सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करना है। योजना विवाह के अनिवार्य पंजीकरण को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिलती है। साथ ही, बाल विवाह की रोकथाम एवं कन्याओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देकर यह योजना महिला सशक्तिकरण के व्यापक लक्ष्य को भी आगे बढ़ाती है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र परिवारों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाएं तथा विवाह पंजीकरण को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बेटियों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार की एक सराहनीय पहल है, जो उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कन्या सशक्तिकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम।

## सिंचाई योजनाओं के पुनर्स्थापन से बदलेगी गांवों की तस्वीर, किसानों को मिली नई उम्मीद

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले के पुनहदा पंचायत में वर्षों से सिंचाई की समस्या झेल रहे किसानों के लिए अब राहत की नई किरण दिखाई दे रही है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के मार्गदर्शन में सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा विभिन्न सिंचाई योजनाओं के पुनर्स्थापन एवं संपोषण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों में उत्साह और उम्मीद का नया संचार हुआ है।



परियोजना के अंतर्गत 3 सीआर कम ब्रिज, 1 एचआर कम ब्रिज, 4 एसएलआर, 22 आउटलेट, 9.35 किलोमीटर कम्युनिकेशन चैनल तथा सेसंबा वीयर का पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसके पूरा होने पर पुनहदा पंचायत के पंडितपुर, श्रवणबिगहा, सिकंदरपुर, गुलाबगंज, पाण्डेयचक, ब्रह्मस्थल सहित आसपास के अनेक गांवों के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना से लगभग 360 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी। खरीफ मौसम में किसानों को समय पर पानी उपलब्ध होगा, जिससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा। जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा तथा सिंचाई के लिए किसानों की अन्य स्रोतों पर निर्भरता कम होगी। पुनहदा पंचायत के एक लाभार्थी किसान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि योजना के पूर्ण होने के बाद खेतों तक नियंत्रित तरीके से पानी पहुँचेगा, जिससे पानी की बबार्दी रुकेगी और खेती करना आसान होगा। उन्होंने बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मखदुमपुर प्रखंड के नौगढ़ निवासी किसान शिव शंकर शर्मा ने बताया कि इस परियोजना का लाभ केवल उनके गांव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गोनवा पंचायत के कोल्हुपुर, रसीदपुर, करौता सहित लगभग दस गांवों के किसान इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि चैनल और बराज के निर्माण से जलजमाव की समस्या में कमी आएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नहर के दूसरी ओर सड़क निर्माण होने से किसानों को अपनी उपज पैक्स और बाजार तक पहुँचाने में काफी सुविधा होगी। बेहतर संपर्क व्यवस्था से समय और लागत दोनों की बचत होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों का मानना है कि यह परियोजना केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास की आधारशिला साबित होगी। कृषि उत्पादन में वृद्धि, किसानों की आय में बढ़ोतरी तथा जल प्रबंधन में सुधार इसके दूरगामी लाभ होंगे। पुनहदा पंचायत में चल रहा यह कार्य इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि यदि आधारभूत कृषि अवसंरचना को मजबूत किया जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती हैं।

**जहां पानी की धार पहुँचती है, वहां समृद्धि के द्वार खुलते हैं**

## खरीफ महाभियान-2026 प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने का दिया गया संदेश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** "ज्ञान से समृद्ध किसान, तकनीक से सशक्त खेती और नवाचार से समृद्ध गांव" के संकल्प के साथ मंगलवार को जहानाबाद में शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग, बिहार सरकार के निदेर्शानुसार आत्मा, जहानाबाद द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अब्दुल बारी नगर भवन में संपन्न हुआ, जिसमें किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने किसानों से नई तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की अपील की। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा ने कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की



विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसान पंजीकरण, बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, डिजिटल कृषि, एग्री स्टैक के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे, बिहार कृषि मोबाइल ऐप, खेत बचाओ अभियान, प्राकृतिक खेती, बाढ़ एवं सूखाड़ प्रबंधन, आकस्मिक फसल योजना, कृषक प्रशिक्षण तथा कृषक परिभ्रमण जैसी योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों का सम्मान समारोह रहा। इस अवसर पर राकेश कुमार, सूर्यदेव नारायण, देवेंद्र कुमार, राजीव कुमार रंजन, सत्यजीत, संध्या सरगम एवं अमलेश कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, गंधार के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. मुनेश्वर प्रसाद ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ. वाजिद हसन, ई. जितेन्द्र कुमार एवं डॉ. दिनेश महतो ने खरीफ फसलों की उन्नत खेती, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा कृषि नवाचारों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ अधिकारियों ने पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी विकास, कृषि अभियंत्रण, भूमि संरक्षण, पौधा संरक्षण, बीज उत्पादन एवं विपणन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी किसानों को प्रदान की। अधिकारियों ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।